


# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार


धनबाद
मंगलवार, 24 दिसंबर 2024
पौष कृष्ण पक्ष 09 संवत 2081
रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित
वर्ष : 2, अंक : 253
मूल्य ₹ 3 पृष्ठ संख्या : 12



एक-दूजे के हुए वेंकट और पीवी सिंधु, आज हैदराबाद में रिसेप्शन पार्टी ▸ 10

शिमला में सीजन की दूसरी बर्फबारी, पर्यटकों में खुशी की लहर ▸ 12


## न्यूज इन ब्रीफ



### नहीं रहे फिल्मकार श्याम बेनेगल

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज निर्देशक श्याम बेनेगल का निधन हो गया है. उन्होंने 90 साल की उम्र में आखिरी सांस ली. उन्होंने भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और लीक से हटकर फिल्मों के लिए जाने गए. श्याम सुंदर बेनेगल का जन्म 14 दिसंबर 1934 में हैदराबाद में ब्राह्मण परिवार में हुआ था. फिल्मों की दुनिया में कदम रखने से पहले उन्होंने अर्थशास्त्र में पढ़ाई की, लेकिन आगे उन्होंने फोटोग्राफी शुरू कर दी. उन्हें आर्ट सिनेमा का जनक भी माना जाता है. जब वे 12 साल के थे, तब उन्होंने फोटोग्राफर पिता श्रीधर बी. बेनेगल के दिए गए कैमरे पर अपनी पहली फिल्म बनाई थी. -पेज 8 भी देखें

### अंबेडकर की प्रतिमा खंडित बवाल, सड़कों पर उतरे लोग

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद के खोखरा इलाके में बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों ने खंडित किया है. इससे इलाके में तनाव पैदा हो गया है. खोखरा पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है. बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतर आए हैं. जानकारी के मुताबिक खोखर इलाके में केके शास्त्री कॉलेज के सामने डॉ. जयंती वकील चॉल के पास बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा लगी है. कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमा की नाक तोड़ दी गई है.

### पूर्णिया में पिकअप ने 13 को रौंदा, 5 की मौत

**पटना।** पूर्णिया जिले के धमदाहा में रविवार देर रात एक पिकअप ने 13 लोगों को कुचल दिया. इस हादसे में तीन लोगों की मौत मौके पर ही हो गई, जबकि दो ने सोमवार अलसुबह इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. मृतकों में एक छह साल का बच्चा भी है. यह घटना धमदाहा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत धोकवा की है. पेज 09 भी देखें

### शेयर बाजार में लौटी तेजी निवेशकों की बल्ले-बल्ले

**नयी दिल्ली।** पिछले सप्ताह के पांचों कारोबारी दिन गिरावट का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार ने सोमवार को सप्ताह के पहले दिन ही जोरदार तेजी दिखाई. शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 875 अंक से अधिक और निफ्टी 280 अंक से अधिक उछल गए. हालांकि दिन के दूसरे सत्र में मुनाफा वसूली होने के कारण शेयर बाजार ऊपरी स्तर से थोड़ा नीचे गिर गया. पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.64 प्रतिशत और निफ्टी 0.70 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए. पेज 09 भी देखें

### सीएम ने राजस्व संग्रहण और मंईयां सम्मान योजना की तैयारियों को लेकर मैराथन बैठक की

# राजस्व बढ़ाने के लिए नए स्रोत की संभावनाएं तलाशें : हेमंत

विशेष संवाददाता। रांची

सीएम हेमंत सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि व्यवस्था ऐसी हो, जिससे बेहतर परिणाम सामने आएं सोमवार को वे आवासीय कार्यालय में राजस्व संग्रहण, 28 को होने वाले मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम की तैयारियों एवं जेएसएससी की सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त परीक्षा -2023 के विषय पर वरीय अफसरों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की.

उन्होंने कहा कि राज्यवासियों की समस्याओं और शिकायतों की निवारण में कोई कोताही नहीं बरतें व निष्पक्षता के साथ जांच कर विधिसम्मत कार्रवाई की प्रक्रिया पूरी की जाए.

**राजस्व संग्रहण में तेजी लाएं :** सीएम ने राजस्व संग्रहण में तेजी लाने का निर्देश संबंधित विभागों को दिया. कहा, राजस्व संग्रहण का जो लक्ष्य निर्धारित है, उसे हर हाल में पूरा किया जाना चाहिए. इसके साथ राजस्व बढ़ोतरी को लेकर नए स्रोत की संभावनाएं तलाशें. कर व्यवधानों का समाधान हो. इस दिशा में राजस्व से संबंधित विभागों के बीच समन्वय को लेकर सिस्टम तैयार करें. इस दौरान अधिकारियों ने राजस्व वसूली से सीएम को अवगत कराया.

**मंईयां सम्मान योजना की लाभुकों की सहूलियत का रखें ख्याल :** मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम में शामिल होने वाली महिला लाभुकों की सहूलियत का पूरा ख्याल रखें. कहा कि 28 को रांची के नामकुम में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में राज्यभर की लाभुक शामिल होंगी. ऐसे में उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसका ध्यान रखा जाना चाहिए. विदित हो कि इस कार्यक्रम के माध्यम से इस योजना के सभी लाभुकों को प्रति माह अब 2500 रुपये की सम्मान राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की जाएगी.

### जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा से जुड़े विवादों की पूरी निष्पक्षता से जांच पूरी करें



### सीएम ने दिए ये भी निर्देश

- राज्य सरकार की सभी सेवाओं और हेल्पलाइन नंबर के लिए एकीकृत ऐप तैयार करें
- **नियुक्तियों को लेकर ऑनलाइन मोड में परीक्षा की दिशा में आगे बढ़ने की जरूरत**
- व्यवस्था ऐसी हो जिससे बेहतर परिणाम सामने आ सकें
- **अंचल कार्यालयों में भ्रष्टाचार की शिकायतों पर कार्रवाई सुनिश्चित करें**
- महिला हिंसा और अत्याचार, ह्यूमन ट्रैफिकिंग, पलायन एवं पोक्सो एक्ट के मामले निबटाएं

### जेएसएससी- सीजीएल परीक्षा से जुड़े विवादों और शिकायतों की जांच जल्द से जल्द पूरी करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा जेएसएससी की सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा -2023 से जुड़े विवादों को लेकर दर्ज मामले में जो निर्देश दिए गए हैं, उसके अनुरूप पूरी निष्पक्षता के साथ जांच पूरी कर रिपोर्ट सौंपें. उन्होंने कहा कि जांच के दौरान परीक्षा आयोजन के दौरान हुई गड़बड़ियों व मिली शिकायतों और परीक्षा परिणाम के बाद हुए विवाद एवं हंगामे की भी जांच हो. इसमें जो भी दोषी हों, उनके खिलाफ कार्रवाई स होनी चाहिए.

### ऑनलाइन मोड में प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित करने की दिशा में आगे बढ़ें

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में बड़े पैमाने पर नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है. ऐसे में नियुक्तियों को लेकर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता परीक्षाओं में गड़बड़ियों की गुंजाइश न हो, इस दिशा में ऑनलाइन मोड में परीक्षा आयोजित करने की दिशा में आगे बढने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (सीबीटी) के माध्यम से परीक्षा लेने पर काफी हद तक पेपर लीक जैसे मामलों को नियंत्रित किया जा सकता है. वहीं, ऑफलाइन परीक्षा आयोजन को लेकर होने वाली परेशानियों के साथ समय की भी बचत होगी.

### सौगात : पीएम रोजगार मेले में 71 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र मिला

# डेढ़ साल में 10 लाख युवाओं को दी गई सरकारी नौकरियां: मोदी

एजेंसियां। रांची/नयी दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को रोजगार मेले में 71 हजार से अधिक युवाओं को वर्चुअली नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद कहा कि उनकी सरकार ने पिछले एक-डेढ़ साल में लगभग 10 लाख युवाओं को पक्की सरकारी नौकरियां प्रदान की हैं. प्रधानमंत्री सोमवार को नवनियुक्त अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए. पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को उनकी जयंती पर नमन करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि ये हमारी सरकार का सौभाग्य है कि हमें इसी साल चौधरी साहब को भारत रत्न से सम्मानित करने का अवसर मिला. इस दिन को हम किसान दिवस के रूप में मनाते हैं.

प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के लिए युवा प्रतिभा को और निखारने की जरूरत बताते हुए कहा कि भारत ने 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया है. देश में सही मायने में विकास सुनिश्चित करने के लिए हमें युवा प्रतिभा को और निखारना होगा. यह जिम्मेदारी वास्तव में शिक्षा व्यवस्था पर है. राष्ट्रीय शिक्षा नीति के जरिए देश अब उस दिशा में आगे बढ़ चुका है. उल्लेखनीय है कि रोजगार मेला रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है. यह युवाओं को राष्ट्र निर्माण और आत्मसशक्तीकरण में उनकी भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करता है. रोजगार मेला देशभर में 45 स्थलों पर आयोजित किया गया. केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के लिए भर्तियां हो रही हैं. देशभर से चयनित नए कर्मचारी गृह मंत्रालय, डाक विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग सहित विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में शामिल होंगे.

### देश के युवाओं की प्रतिभा का उपयोग प्राथमिकता



प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के युवाओं के सामर्थ्य और प्रतिभा का भरपूर उपयोग सरकार की प्राथमिकता है. रोजगार मेलों के जरिए लगातार इस दिशा में काम किया जा रहा है. पिछले 10 वर्षों से सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संस्थानों में सरकारी नौकरी देने का अभियान चल रहा है. आज भी 71 हजार से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं. बीते एक डेढ़ साल में करीब 10 लाख युवाओं को हमारी सरकार ने पक्की सरकारी नौकरी दी है और ये अपने आप में बहुत बड़ा रिकॉर्ड है. पहले की किसी भी सरकार के समय इस तरह मिशन मोड में युवाओं को भारत सरकार में पक्की नौकरी नहीं मिली है, लेकिन आज देश में न केवल लाखों युवाओं को सरकारी नौकरियां मिल रही हैं, बल्कि ये नौकरियां पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ दी जा रही हैं. उन्होंने कहा कि रोजगार मेले युवाओं को सशक्त बना रहे हैं और उनकी क्षमता को उजागर कर रहे हैं. आज देश के हजारों युवाओं के लिए जीवन की एक नई शुरुआत हो रही है. आपका वर्षों का सपना पूरा हुआ है, वर्षों की मेहनत सफल हुई है. प्रधानमंत्री ने कहा कि 2024 का गुजरता साल आपको और आपके परिवार को नई खुशियां देता हुआ जा रहा है.

### युवाओं में केंद्र में रख बनाईं नीतियां

उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत अभियान, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया, डिजिटल इंडिया, हर योजना युवाओं को केंद्र में रखकर बनाई गई है. भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में अपनी नीतियों में बदलाव किया. भारत ने अपने रक्षा क्षेत्र में मैन्यूफैक्चरिंग को बढ़ावा दिया और इसका सबसे ज्यादा लाभ युवाओं को हुआ. आज भारत का युवा नए आत्मविश्वास से भरा हुआ है. आज हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं. भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन गया है. आज जब कोई युवा अपना स्टार्टअप शुरू करने का फैसला करता है, तो उसे समर्थन देने के लिए पूरा इकोसिस्टम मिल जाता है. आज जब कोई युवा खेलों में अपना करियर बनाने की योजना बनाता है, तो उसे विश्वास होता है कि वह असफल नहीं होगा.

### रोजगार मेले में रांची के 327 अभ्यर्थियों को मिला नियुक्ति पत्र




**रांची।** सोमवार को सीआरपीएफ कैंप सेम्बो (रांची) में आयोजित राष्ट्रीय रोजगार मेले में 327 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया. इन सभी अभ्यर्थियों का चयन सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, इंडियन पोस्ट ऑफिस, रेलवे, एसएसबी सहित अन्य कई संस्थानों में हुआ है. पीएम नरेंद्र मोदी युवाओं को रोजगार देने को संकल्पित हैं. इसी कड़ी में रोजगार मेले में देश भर के 45 केंद्रीय संस्थानों के लिए चयनित कुल 71000 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया. रांची के कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, आईजी सीआरपीएफ साकेत कुमार सिंह, डीआईजी डीएन लाल, कमांडेंट मनीष कुमार और अमित कुमार सहित कई विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे.

### केंद्र ने खत्म की नो डिटेंशन पॉलिसी

# अब 5 व 8 में फेल होने पर नहीं होगा अगली कक्षा में प्रमोशन

एजेंसियां। नयी दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने बड़ा फैसला लेते हुए अब नो डिटेंशन पॉलिसी को खत्म कर दिया है. अब कक्षा 5 और 8 में वार्षिक परीक्षा में फेल होने वाले विद्यार्थियों को अनुत्तीर्ण कर दिया जाएगा. असफल छात्रों को दो महीने के भीतर दोबारा परीक्षा देने का मौका मिलेगा, लेकिन अगर वे दोबारा असफल होते हैं, तो उन्हें पदोन्नत नहीं किया जाएगा.

स्कूल 8वीं कक्षा तक किसी छात्र को निष्कासित नहीं करेगा. सोमवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने नो डिटेंशन पॉलिसी को खत्म करने के साथ ही एक लंबे समय से चली आ रही व्यवस्था को बदल दिया है. इस फैसले के बाद अब क्लास 5 और 8 की वार्षिक परीक्षाओं में असफल होने वाले स्टूडेंट्स को फेल कर दिया जाएगा. सरकार का मानना है कि इस नई नीति का उद्देश्य स्टूडेंट्स की सीखने की क्षमता को बेहतर बनाना और एकेडमिक परफॉर्मेंस में सुधार लाना है. मंत्रालय ने स्टूडेंट्स की एकेडमिक परफॉरमेंस में सुधार लाने के मकसद से नो डिटेंशन पॉलिसी को खत्म करने का फैसला लिया है. यह नीति लंबे समय से चर्चा में थी, लेकिन

- असफल छात्रों को मिलेगा परीक्षा का एक और मौका



अब नई व्यवस्था के तहत क्लास 5 और 8 में वार्षिक परीक्षा में असफल होने वाले स्टूडेंट्स को फेल किया जाएगा. इस नई व्यवस्था के अनुसार, असफल स्टूडेंट्स को दो महीने के भीतर दोबारा परीक्षा देने का मौका मिलेगा, लेकिन अगर स्टूडेंट्स दोबारा असफल होते हैं, तो उन्हें अगली क्लास में प्रमोट नहीं किया जाएगा. हालांकि, सरकार ने यह स्पष्ट किया है कि क्लास 8 तक किसी भी स्टूडेंट्स को स्कूल से निष्कासित नहीं किया जाएगा. शिक्षा मंत्रालय के सचिव ने बताया कि यह फैसला बच्चों के पढ़ाई सुधारने के लिए लिया गया. उनका कहना है कि बच्चों की सीखने की क्षमता में गिरावट को रोकने के लिए ऐसा किया गया. क्लास 5 और 8 पर ध्यान केंद्रित किया गया है, क्योंकि इन क्लासों को बुनियादी शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है.

### अंतरिम सरकार ने भारत को भेजा राजनयिक नोट

# शेख हसीना को वापस बांग्लादेश भेजे भारत

एजेंसियां। नयी दिल्ली



बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को ढाका वापस भेजने के लिए भारत को एक राजनयिक नोट भेजा है. बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन ने अपने कार्यालय में सोमवार इसकी जानकारी दी. उन्होंने कहा कि हमने भारत सरकार को एक नोट वर्बल (राजनयिक संदेश) भेजा है, जिसमें कहा गया है कि बांग्लादेश न्यायिक प्रक्रिया के लिए शेख हसीना को वापस चाहता है. इससे पहले सोमवार को दिन में, गृह सलाहकार जहांगीर आलम ने कहा कि उनके कार्यालय ने अपदस्थ प्रधानमंत्री के भारत से प्रत्यर्पण की सुविधा के लिए विदेश मंत्रालय को एक पत्र भेजा है. प्रक्रिया अभी चल रही है. उन्होंने कहा कि ढाका और नई दिल्ली के बीच प्रत्यर्पण संधि पहले से मौजूद है और संधि के तहत हसीना को बांग्लादेश वापस लाया जा सकता है.

**पांच अगस्त से भारत में हैं शेख हसीना :** बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना अपनी सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर छात्र नेतृत्व वाले विद्रोह के बीच पांच अगस्त को भारत चली आई थीं.

## कार्टून कोना




## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 71,400 |
| चांदी (किलो) | 99,000 |

# आइएएस विनय कुमार के घर पर अवैध कब्जा

### डीजीपी अनुराग गुप्ता से की गई शिकायत

संवाददाता। रांची

दिल्ली सरकार में गृह विभाग के विशेष सचिव आइएएस विनय कुमार ने डीजीपी अनुराग गुप्ता से पत्राचार कर आग्रह किया है कि उनके घर को किराएदार के अवैध कब्जे से मुक्त कराया जाए। आइएएस विनय कुमार का आरोप है कि मेसर्स शील्ड इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शशांक शेखर ने उनके पैतृक आवास पर अवैध कब्जा किया है।

आइएएस विनय कुमार ने बताया है कि उन्होंने शशांक शेखर के विरुद्ध अरगोड़ा थाने में कांड संख्या 169/2023 दर्ज कराई थी। अनुसंधानकर्ता ने आरोपित को दोषी पाया, लेकिन हटिया के डीएसपी प्रमोद कुमार मिश्रा ने मामले को सिविल बताते हुए अनुसंधान के तथ्यों को काट दिया।

आइएएस विनय कुमार ने बताया है कि उनके पिता जगेश्वर राम और मां चंद्रावती देवी के निधन के बाद उक्त आवास पर उनका और उनके भाइ-बहनों का संयुक्त स्वामित्व है। उन्होंने शशांक शेखर को घर किराए पर दिया था, लेकिन वह किराए की राशि का भुगतान करना बंद कर दिए और घर खाली नहीं किया।

### कार्रवाई : आदिवासी कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने दिया निर्देश

# गुमला के संवेदक का भुगतान रोक काली सूची में डालें

विशेष संवाददाता। रांची

एससी/एसटी एवं ओबीसी कल्याण विभाग के मंत्री चमरा लिंडा सोने मवार को मोरहाबादी स्थित कल्याण कॉम्प्लेक्स में आदिवासी कल्याण विभाग की बैठक की. उन्होंने विगत दिनों गुमला जिले के विभिन्न विद्यालयों का भ्रमण कर जिला कल्याण कार्यालय द्वारा निष्पादित निविदा के तय मानकों के अनुरूप राशन एवं बैग-जूता आदि की आपूर्ति को गुणवत्ता के अनुरूप नहीं पाये जाने पर दोषी संवेदकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए भुगतान पर रोक लगाने और संवेदक को काली सूची में डालने का निर्देश गुमला जिला प्रशासन को दिया. गुमला जिले के कई

### मंत्री ने आदिवासी कल्याण आयुक्त के साथ की बैठक



विद्यालयों में भोजन निर्धारित मेन्यू के अनुरूप नहीं था, दूध और फल की आपूर्ति नहीं हो रही है. आदिवासी कल्याण आयुक्त ने तत्काल जिला कल्याण पदाधिकारी को जांच करने और स्पष्टीकरण तीन दिनों के भीतर समर्पित करने का निर्देश दिया है.

**पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु 157 करोड़ विमुक्त करने का प्रस्ताव अनुमोदित :** मंत्री ने कहा कि मुख्यालय एवं क्षेत्रीय अधिकारी प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार को क्षेत्र भ्रमण कर यह सुनिश्चित करें सभी कार्य निर्धारित गुणवत्ता के अनुरूप हो रहा है. उन्होंने कहा कि आदिवासियों के लिए चल रही योजनाओं में लापरवाही बरतने वालों को चिन्हित करते हुए कार्रवाई करें. मंत्री ने वित्त विभाग से पिछड़ी जाति के लम्बित 2023-24 के पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु 157 करोड़ विमुक्त किए जाने के प्रस्ताव को भी अनुमोदित कर वित्त विभाग विभाग भेजने का निर्देश दिया. मंत्री ने कहा कि आदिवासियों, एससी और ओबीसी के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण कोचिंग की सुविधा रांची और दिल्ली में प्राप्त हो इसके लिए योजना तैयार की जाए. मंत्री ने कहा कि सुदूर और दुर्गम क्षेत्रों में टेली मेडिसीन की भी सुविधा शुरू की जाए.

### दिए ये निर्देश

- गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं
- **एसटी, एससी के सर्वांगीण विकास के लिए राज्य सरकार कटिबद्ध**
- आवासीय विद्यालयों में बच्चों को भोजन निर्धारित मेन्यू के अनुरूप दें
- **सुदूर एवं दुर्गम क्षेत्रों में टेली मेडिसीन की भी सुविधा उपलब्ध करें**
- एसटी, एससी छात्र-छात्राओं के लिए रांची तथा दिल्ली में कोचिंग सुविधा के लिए योजना बनाएं
- **साइकिल वितरण का कार्य बच्चों के नामांकन के साथ ही सम्पन्न करें**

# परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन आज व 29-30 को, कुंभ स्पेशल 19 जनवरी को

संवाददाता। रांची



ट्रेनों में अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए यात्रियों एवं परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन होगा. ट्रेन संख्या 08602/08601 रांची -गया -रांची परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन होगा. इन ट्रेनों में एसएलआरडी के दो कोच एवं सामान्य श्रेणी के आठ, कुल 10 कोच होंगे .

ट्रेन संख्या 08602 रांची -गया परीक्षा स्पेशल ट्रेन, यात्रा प्रारंभ 24 दिसबंर को रांची से प्रस्थान करेगी . (केवल एक ट्रिप). इस ट्रेन का रांची प्रस्थान 23:45 बजे, मुरी आगमन 01:30 बजेव प्रस्थान 01:35 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 02:50 बजे व प्रस्थान 02:55 बजे, धनबाद आगमन 04:50 बजे व प्रस्थान 05:10 बजे, गोमो आगमन 05:35 बजे व प्रस्थान 05:37 बजे, हजारीबाग रोड आगमन 06:18 बजे व प्रस्थान 06:20 बजे, कोडरमा आगमन 06:50 बजे प्रस्थान 06:52 बजे होगा। ट्रेन गया आगमन 08:30 बजे पहुंचेगी.

ट्रेन संख्या 08601 गया -रांची परीक्षा स्पेशल ट्रेन, यात्रा प्रारंभ 25दिसंबर को गया से प्रस्थान करेगी . (केवल एक ट्रिप). इस ट्रेन का गया से प्रस्थान 10:00 बजे, कोडरमा आगमन 11:18 बजे व प्रस्थान 11:20 बजे, हजारीबाग रोड आगमन 11:55 बजे व प्रस्थान 11:57 बजे, गोमो आगमन 12:55 बजे व प्रस्थान 12:57 बजे, धनबाद आगमन 13:40 बजे व प्रस्थान 14:00 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 15:50 बजे प्रस्थान 15:55 बजे, मूरी आगमन 17:18 बजे प्रस्थान 17:20 बजे होगा. ट्रेन रांची 18:50 बजे पहुंचेगी..

**ट्रेन संख्या 08604/08603 रांची -गया -रांची परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन 29 को :** ट्रेन संख्या 08604 रांची -गया परीक्षा स्पेशल ट्रेन, यात्रा प्रारंभ 29 दिसंबर को रांची से प्रस्थान करेगी . (केवल एक ट्रिप). इन ट्रेनों में एसएलआरडी के 02 कोच, द्वितीय श्रेणी स्लीपर के 06 कोच, वातानुकूलित 3-टियर का 01 कोच एवं सामान्य श्रेणी के 06 कोच, कुल 15 कोच होंगे . ट्रेन रांची से 23:45 बजे प्रस्थान करेगी, मुरी आगमन 01:30 बजे व प्रस्थान 01:35 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 02:50 बजे व प्रस्थान 02:55 बजे, धनबाद आगमन 04:50 बजे व प्रस्थान 05:10 बजे, गोमो आगमन 05:35 बजे व प्रस्थान 05:37 बजे, हजारीबाग रोड आगमन 06:18 बजेव प्रस्थान 06:20 बजे, कोडरमा आगमन 06:50 बजे व प्रस्थान 06:52 बजे होगा. ट्रेन गया 08:30 बजे पहुंचेगी.

ट्रेन संख्या 08603 गया -रांची परीक्षा स्पेशल ट्रेन, यात्रा प्रारंभ दिनांक 30 दिसंबर को गया से प्रस्थान करेगी . (केवल एक ट्रिप). ट्रेन का गया प्रस्थान 14:45 बजे, कोडरमा आगमन 15:55 बजे व प्रस्थान 15:57 बजे, हजारीबाग रोड आगमन 16:28 बजे व प्रस्थान 16:30 बजे, गोमो आगमन 17:30 बजे व प्रस्थान 17:32 बजे, धनबाद आगमन 18:30 बजे व प्रस्थान 18:50 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 20:35 बजे व प्रस्थान 20:40 बजे, मुरी आगमन 21:40 बजे प्रव स्थान 21:45 बजे होगा. ट्रेन 23:00 बजे रांची पहुंचेगी.

### ये ट्रेनें प्रभावित रहेंगी

दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल के अंतर्गत विकास कार्य हेतु ब्लॉक लिया जाएगा, अत: कुछ ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा.

- **ये ट्रेन परिवर्तित मार्ग से चलेगी :** ट्रेन संख्या 18601 टाटानगर -हटिया एक्सप्रेस, यात्रा 27 दिसंबर को अपने निर्धारित मार्ग चांडिल -पुरुलिया -कोटशिला- मुरी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चांडिल -गुंडा बिहार -मुरी होकर चलेगी .
- **ट्रेनों का आंशिक समापन / प्रारम्भ :** ट्रेन संख्या 18035/18036 खड़गपुर -हटिया -खड़गपुर मेमू एक्सप्रेस का 29 दिसबंर कोआद्रा स्टेशन पर आंशिक समापन व आंशिक प्रारम्भ होगा . इन ट्रेनों का आद्रा -हटिया -आद्रा के बीच परिचालन रद्द रहेगा

### रांची-टुंडला-रांची कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन का परिचालन जनवरी में एक दिन

महाकुंभ मेला 2025 के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 08067/08068 रांची -टुंडला -रांची कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन का परिचालन होगा. ट्रेन संख्या 08067 रांची -टुंडला कुम्भ मेला स्पेशलट्रेन 19 जनवरी को (केवल एक ट्रिप) रांची से प्रस्थान करेगी । इस ट्रेन रांची से 10 :30 बजे कुलेगा, मपरी आगमन 11 :38 बजेव प्रस्थान 11 :40 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 12 :55 बजे व प्रस्थान 13 :00 बजे, गोमो आगमन 14 :05 बजे व प्रस्थान 14 :10 बजे, गया आगमन 16 :10 बजे व प्रस्थान 16 :15 बजे, पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्टेशन आगमन 19 :45 बजे व प्रस्थान 19 :55 बजे, प्रयागराज आगमन 23 :10 बजे व प्रस्थान 23 :20 बजे, गोविन्दपुरी आगमन 02 :00 बजे व प्रस्थान 02 :05 बजे होगा. ट्रेन टुंडला 06 :30 बजे पहुंचेगी.

---

अंबेडकर, शाह व राहुल पर एफआईआर मुद्दे पर नौ जिलो में कांग्रेस की पीसी

# संघ व भाजपा के मंसूबे कभी पूरे नहीं होने देगी कांग्रेस : डॉ उरांव

विशेष संवाददाता। रांची




बाबासाहेब अंबेडकर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान और राहुल गांधी पर एफआईआर मामले पर कांग्रेस ने राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत झारखंड में नौ जिला मुख्यालयों में पीसी किया. रांची में डॉ. रामेश्वर उरांव, खूंटी में कालीचरण मुंडा, दुमका में प्रदीप यादव, देवघर में फुरकान अंसारी, चाईबासा में डॉ. प्रदीप कुमार बलमुचू, जमशेदपूर में सुबोधकांत सहाय, धनबाद में राजेश ठाकुर, हजारीबाग में राजीव रंजन प्रसाद, डाल्टनगंज में में बंधु तिर्की ने संबोधित किया. प्रदेश कांग्रेस भवन रांची में डॉ. रामेश्वर उरांव ने कहा कि भारत का संविधान वह शक्ति है, जिसमें सदियों से दबे बहुजनों को अधिकार और सम्मान दिया है. भाजपा/आरएसएस संविधान पर आक्रमण कर बहुजनों को अधिकार और सम्मान के बीच दीवार बना रहे हैं, ताकि बहुजन अपने अधिकार से वंचित हो जाए. आरक्षण और सामनता से दूर हो जाएं. कांग्रेस इस दीवार को, भाजपा के मनसूबे को कभी पूरा नहीं होने देगी.

**संविधान और अंबेडकर का अपमान देश के संसदीय इतिहास में दर्ज हो गया :** उन्होंने कहा कि 18वीं लोकसभा के शीतकालीन सत्र सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान और संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के अपमान के लिए देश के संसदीय इतिहास में दर्ज हो गया है. भाजपा हमेशा से लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों के प्रति तिरस्कार दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ती. इस बार तो हद ही पार कर दी. संविधान के पचहत्तर वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन के दलों ने संसद में सरकार से संविधान पर चर्चा की मांग रखी. उरांव ने कहा कि अडानी, मणिपुर, संभल जैसे मामलों पर सदन में बहस की मांग लगातार ठुकराए जाने के बाद प्रतिपक्ष की संविधान पर चर्चा की मांग मान ली गई. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने डॉ. अंबेडकर का अपमान कर संघ और भाजपा की मनुवादी मानसिकता उजागर कर दी.

**इस्तीफे तक जारी रहेगा विरोध प्रदर्शन :** भाजपा और उसकी मातृ संस्था हमेशा से डा. आंबेडकर और संविधान विरोधी रही है. इन्होंने न सिर्फ संविधान के निर्माण के समय से ही विरोध किया, बल्कि इससे पहले डा. आंबेडकर को चुनाव हरवाया था..कांग्रेस डॉ. अंबेडकर के अपमान को लेकर अमित शाह के इस्तीफे की मांग पर अटल है. जब तक अमित शाह इस्तीफा नहीं देंगे, हम विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे.

### भाजपा सरकार आरक्षण समाप्त करना चाहती है

उन्होंने कहा कि आरक्षण खत्म करने की साजिश के तहत भाजपा की संविधान बदलने की कोशिश को 2024 के आम चुनाव में जनता ने नाकाम कर दिया था और बैसाखी सरकार बना कर लोकतांत्रिक मूल्यों का पाठ पढ़ाया था . लेकिन बीजेपी ये खीज अब संविधान निर्माता पर निकाल रही है और बाबा साहेब का अपमान किया गया है . लेकिन दुख की बात ये है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमित शाह को सीख देने के बजाय आरोप- प्रत्यारोप की राजनीति तेज कर दी .

### आज निकाला जाएगा अंबेडकर सम्मान मार्च

प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा 24 मार्च को एक बजे बजे कांग्रेस भवन, रांची से अम्बेडकर सम्मान मार्च निकाली जाएगी . मार्च के उपरांत उपायुक्त के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपकर गृहमंत्री अमित शाह से इस्तीफे की मांग की जाएगी . संवाददाता सम्मेलन में राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुजनी, लाल किशोर नाथ शाहदेव, सोनाल शांति, खुर्शीद हसन रूमी, जगदीश साहु, शान्तनू मिश्रा उपस्थित थे .

### गृहमंत्री अमित शाह से इस्तीफे की मांग

उन्होंने कहा कि कांग्रेस समेत प्रतिपक्ष ने पीएम मोदी से अमित शाह के इस्तीफे की मांग की है . उल्टे भाजपा ने संसद की कार्रवाई ठप रखी . यही नहीं अपनी मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस सांसदों के साथ धक्का मुक्की की गई . पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को गिरा दिया गया . बीजेपी ने षड्यंत्र के तहत नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ संगीन धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज करा दी गई .

# बाबा साहब अंबेडकर को नीचा दिखाने में कांग्रेस ने कोई कसर नहीं छोड़ी : संजय सेठ

विशेष संवाददाता। रांची




केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कांग्रेस पार्टी पर बड़ा निशाना साधा. कहा कि कांग्रेस के युवराज लोकतंत्र को कलंकित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे. यह कांग्रेस पार्टी का पुराना इतिहास है. पंडित नेहरु से लेकर आज सोनिया गांधी ,युवराज राहुल गांधी तक सभी ने एक ही परंपरा का निर्वहन किया है. सेठ भाजपा कार्यालय में मीडिया से बात कर रहे थे. मौके पर प्रदेश मंत्री सीमा पासवान,प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक,प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज व रमाकांत महतो उपस्थित थे.

**संसद भवन का दृश्य केवल भारत ने ही नहीं पूरी दुनिया ने देखा :** सेठ ने कहा कि संसद सत्र के दौरान संसद भवन के मकर द्वार का दृश्य भारत ही नहीं पूरी दुनिया के लोगों ने देखा. वह लोकतंत्र को कलंकित और अपमानित करने वाला था. लोकतंत्र चलता है,आगे बढ़ता है लोकलाज से, लेकिन कांग्रेस ने सारे लोकलाज को ताखे पर रख दिया. अब कांग्रेस मसल पावर से देश को चलाना चाहती है क्योंकि कांग्रेस पार्टी को जनता लोकतांत्रिक तरीके से पराजित कर चुकी है. कांग्रेस प संसद में तीसरी बार सत्ता से बाहर हुई है. कांग्रेस सत्ता के बिना पानी की मछली की तरह छटपटा रही है.

**चोरी और सीनाजोरी कर रही है कांग्रेस :** सेठ ने कहा कि कांग्रेस आज चोरी और सीनाजोरी वाली कहावत चरितार्थ कर रही है. सदन से सड़क तक विधि विरुद्ध आचरण करती है और हंगामा भी करती है. संसद परिसर में कांग्रेस पार्टी के सांसदों द्वारा भाजपा सांसद पर हमला होता है, महिला सांसद को अपमानित किया जाता है और कांग्रेस पार्टी के युवराज के घायलों के प्रति सहानुभूति के दो शब्द भी नहीं निकलते. अस्पताल में देखने जाने तक की फुर्सत नहीं. इससे स्पष्ट है कि यह सब घटनाक्रम कांग्रेस का सुनियोजित षडयंत्र है.

### राहुल गांधी संविधान की किताब के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं

सेठ ने कहा कि राहुल गांधी संविधान को एक साधारण किताब समझते हैं ,बार- बार उसे दिखाकर संविधान की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करते हैं . जबकि भाजपा संविधान को एक पवित्र ग्रंथ मानती है और उसके सामने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी माथा टेकते हैं . उन्होंने कहा संविधान के रचयिता बाबा साहब अंबेडकर के प्रति कांग्रेस की सोच शुरू से नीचा दिखाने वाली रहीहै .

### सेठ ने कांग्रेस से किये सवाल

- कांग्रेस पार्टी से सवालिया लहजे में में सेठ ने पूछा कि...कांग्रेस पार्टी बताये क्यों बाबा साहब अंबेडकर द्वारा नेहरू मंत्रिमंडल से इस्तीफे के पत्र को सार्वजनिक नहीं किया गया . उन्होंने पूछा कि क्यों कांग्रेस पार्टी की सरकारों ने संसद के सेंट्रल हॉल में डॉ भीमराव अंबेडकर के तैल चित्र को नहीं लगने दिया .
- क्यों कांग्रेस पार्टी की सरकारों ने केवल गांधी- नेहरू परिवार को भारत रत्न से सम्मानित किया, लेकिन उन्हें बाबा साहब अंबेडकर की याद नहीं आयी .
- क्यों कांग्रेस पार्टी ने एक भी स्मारक बाबा साहब अंबेडकर के नाम नहीं बनवाए, जबकि गांधी नेहरू परिवार के नाम हजारों स्मारक इस देश में कांग्रेस सरकार ने बनावाए हैं .
- कांग्रेस की सरकार ने ही एनसीआरटी की किताबों में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को नेहरू द्वारा कोड़े मारनेवाले कार्टून छपवाया .
- एम्स दिल्ली की स्थापना में जमीन दान करने वाली राजकुमारी अमृत कौर ने एम्स का नामकरण बाबा साहब अंबेडकर के नाम पर रखने की इच्छा जतायी थी, लेकिन कांग्रेस ने क्यों इसे खारिज कर दिया
- एकतरफ कांग्रेस का काला अध्याय है, वहीं भाजपा समर्थित सरकार ने ही बाबा साहब अंबेडकर को भारत रत्न दिया .

---

## देश भर की महिला इतिहासकारों का सम्मेलन रांची में 11 जनवरी से

**रांची।** इतिहास संकलन समिति, झारखंड की बैठक रविवार को ऑनलाइन हुई, जिसमें भारतीय इतिहास संकलन योजना, दिल्ली के महासचिव हेमंत धींग मजूमदार शामिल हुए. बैठक में रांची में 11-12 जनवरी को होने वाले महिला इतिहासकारों के सम्मेलन की तैयारी पर चर्चा की गई. बैठक में आगे काम करने की बात की गयी. मीटिंग में समिति के बिहार-झारखंड के अध्यक्ष डॉ राजकुमार के अलावा संगठन मंत्री डॉ सुरेश पांडेय, डॉ अनुराधा राजहंस, प्रांतीय अध्यक्ष दिवाकर मिंज, सचिव पंकज कुमार, डॉ मनीषा कुमारी, डॉ संजय कुमार, बैजयंती रानी, हेमराज, वीपिन, शुभ्रा लकड़ा, किरण गुप्ता, प्रिया टोप्पो, डॉ नेहा नुपूर शामिल हुए.

## जनवरी 2025 में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस लौटेंगे झारखंड कैडर के आईपीएस एमएस भाटिया

संवाददाता। रांची



आईपीएस एमएस भाटिया जनवरी 2025 में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से झारखंड कैडर में लौटेंगे. 1993 बैच के आईपीएस अधिकारी भाटिया फिलहाल केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं और सीआरपीएफ में आईजी एडमिन हैं. गौरतलब है कि इससे पहले एमएस भाटिया को डीजी रैंक में प्रोफार्मा प्रोन्नति मिल चुकी है. इसे लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने अधिसूचना जारी दी थी.

**डीजी रैंक में तीन पद खाली होने जा रहे हैं:** झारखंड पुलिस में जनवरी 2025 में एकसाथ डीजी रैंक में तीन पद खाली होने जा रहे हैं. इनमें 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी अजय कुमार सिंह के अलावा 1992 बैच के आरके मल्लिक व 1993 बैच के मुरारी लाल मीणा शामिल हैं.तीनों वर्तमान में डीजी रैंक के अधिकारी हैं.इतना ही नहीं, आईजी रैंक में भी एक पद रिक्त होने जा रहा है. 2005 बैच के आईपीएस अधिकारी आईजी जैप के पद पर पदस्थापित राजकुमार लकड़ा भी जनवरी में सेवानिवृत्त हो जाएंगे.

# महाकुंभ में सभी को आमंत्रित करने झारखंड पहुंचे यूपी के दो मंत्री

संवाददाता। रांची




यूपी के प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक महाकुंभ आयोजित है. महाकुंभ में सभी को आमंत्रित करने उत्तर प्रदेश के मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और राज्य मंत्री सुरेश राही झारखंड पहुंचे हैं. सोमवार को लालपुर स्थित होटल रैनडीव ने मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और राज्य मंत्री सुरेश राही ने प्रेस मीट कर सभी को महाकुंभ के लिए आमंत्रित किया. उन्होंने बताया कि यूपी सरकार के एक कैबिनेट मंत्री और एक राज्य मंत्री देश के सभी राज्य की राजधानी जाकर वहां के राज्यपाल ,मुख्यमंत्री समेत आम लोगों को आमंत्रित कर रहे हैं. उन्होंने बताया कि राज्यपाल से मंगलवार को मिलकर उन्हें महाकुंभ के लिए आमंत्रित करेंगे, वही मुख्यमंत्री से अभी समय नहीं मिलने की बात भी उन्होंने कही. प्रेस मिट में मंत्रियों ने महाकुंभ का प्रचार-प्रसार किया. उन्होंने बताया की उत्तर प्रदेश सरकार महाकुंभ-2025 को भारतीय संस्कृति और एकता का वैश्विक प्रतीक बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है.

उन्होंने बताया कि महाकुंभ नगरी में 35, पुराने और नए पक्के घाट बनाए गए हैं, जो श्रद्धालुओं के स्नान में काफी सहायक साबित होंगे. 12 किलोमीटर क्षेत्र में फैले सभी 44 घाटों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की जाएगी. उन्होंने कहा कि मुंबई की मरीन ड्राइव की तर्ज पर गंगा किनारे लगभग 15.25 किलोमीटर क्षेत्र में संगम से नागवासुकी मंदिर तक, सूरदास छतनाग तक, कर्जन ब्रिज के समीप से महावीर पुरी तक रिवर फ्रंट का निर्माण कराया गया है.

### मंत्रियों ने बतायी प्रयागराज महाकुंभ की विशेषता

- दिव्य और भव्य आयोजन : महाकुंभ-2025 को 2019 के महाकुंभ से भी अधिक दिव्य और भव्य बनाने का लक्ष्य है .
- अत्याधुनिक सुविधाएं : महाकुंभ में अंतरराष्ट्रीय सहभागिता और अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ इसे ऐतिहासिक बनाने की दिशा में अहम कदम उठाए जा रहे हैं .
- स्वच्छ और सुरक्षित : महाकुंभ को स्वच्छ, स्वस्थ, सुरक्षित एवं डिजिटल बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है .
- पर्यावरण संरक्षण : सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त महाकुंभ का संकल्प लिया गया है और पूरे प्रयागराज में करीब तीन लाख पौधों का रोपण किया गया है .
- स्वास्थ्य सुविधाएं : तीर्थयात्रियों के स्वास्थ्य देखभाल के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की बड़े पैमाने पर तैनाती की गई है और अस्पतालों में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं .
- डिजिटल सुविधाएं : महाकुंभ की वेबसाइट, ऐप, एआई चैट बॉट, क्यूआर आधारित पास, डिजिटल साइनेज, स्वचालित राशन आपूर्ति प्रणाली आदि जैसी डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध होंगी .
- पर्यटकों की सुविधाएं : स्मार्ट पार्किंग, रिवर फ्रंट, इंट्रीग्रेटेड कंट्रोल कमांड सेंटर आदि जैसी सुविधाएं पर्यटकों के लिए उपलब्ध होंगी .
- 101 स्मार्ट पार्किंग की व्यवस्था, जिसमे प्रतिदिन 5 लाख वाहन किए जाएंगे पार्क .

---

**दुस्साहस** सरकारी अफसरों-कर्मियों पर कर रहे हमले, मारपीट कर बना रहे हैं बंधक

# राज्य में बेखौफ बालू माफिया, शासन-प्रशासन का डर नहीं

संवाददाता। रांची



विधानसभा चुनाव खत्म ते ही राज्य भर में बालू माफिया सक्रिय हो गये हैं. झारखंड में बालू माफियाओं का मनोबल इतना बढ़ गया है कि उनमें शासन-प्रशासन का डर ही नहीं रह गया है. आये दिन बालू मापिया सरकारी अफसरों व कर्मियों के साथ न सिर्फ बदसलूकी-मारपीट कर रहे हैं, बल्कि अवैध बालू लदे वाहनों को भी छुड़ा कर ले जा रहे हैं. बालू के अवैध उत्खनन रोकने जा रहे अफसर पर हमला करने के साथ-साथ बंधक बनाने से भी बाज नहीं आ रहे हैं. राज्य के अलग-अलग जिलों में हाल के दिनों में इस तरह की वारदातें हर दो-तीन दिन में हो रही है. बेखौफ बालू माफिया अफना धंधा कर रहे हैं. सरकारी अफसर नामजद प्राथमिकी भी दर्ज करा रहे हैं, लेकिन गिरफ्तारी नहीं होने के कारण उनका मनोबल बढ़ा हुआ है. हाल के दिनों में बालू माफियाओं द्वारा सरकारी अफसरों को बंधक बनाने, मारपीट करने की कई वारदातें हुईं हैं, जहां अवैध बालों के उत्खनन रोकने गई अफसर की टीम पर स्थानीय लोगों के सहयोग से बालू माफियाओं ने हमला तो किया ही, उन्हें कई घंटे तक बंधक भी बनाया रखा.

**गोड्डा में बालू माफिया ने सीओ को बनाया बंधक:** गोड्डा जिले के सुंदरपहाड़ी थाना क्षेत्र के धमनी के पास बालू घाट पर छापेमारी को गए अंचलाधिकारी (सीओ) को बालू माफियाओं ने तीन घंटे तक बंधक बनाकर रखा. इसकी जानकारी तब पुलिस को हुई तो पुलिस ने कार्रवाई कर सीओ को मुक्त कराया. इस बीच वहां बालू माफियाओं ने हंगामा करते हुए जब्त ट्रैक्टरों को छुड़ा लिया था. यह घटना 16 दिसम्बर को हुई थी. इस मामले को लेकर सीओ प्रकाश बेसरा ने सुंदरपहाड़ी थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी, लेकिन किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है.

### धनबाद में माइनिंग टीम पर किया हमला, दो इंस्पेक्टर बुरी तरह घायल हुए

धनबाद में बालू माफिया ने खनन विभाग की ही टीम पर हमला कर दिया था . घटना 19 दिसंबर की सुबह की है . खनन विभाग की टीम अवैध बालू परिवहन की सूचना पर धनबाद व सरायढेला थाना क्षेत्र में छापामारी की . इस दौरान बालू माफिया ने खनन विभाग की टीम पर हमला कर दिया और बालू लदे वाहनों को छुड़ा ले गये . माफिया व उनके लोगों के हमले में दो खनन निरीक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए, एक ने किसी तरह भाग कर जान बचायी थी . इस मामले में भी खनन विभाग की ओर से कुछ नामजद सहित अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी, लेकिन किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी की अबतक नहीं हो सकी है .

### पलामू में भी छापेमारी करने गयी टीम पर किया गया था जानलेवा हमला

पलामू जिले के पाटन थाना क्षेत्र में अवैध रूप से बालू की तस्करी करने वाले माफियाओं ने 21 दिसंबर की खनन विभाग और पुलिस टीम पर जानलेवा हमला किया था .खनन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम छापेमारी के लिए मौके पर पहुंची .लेकिन पुलिस को देखते ही माफियाओं ने हमला कर दिया, जिससे खनन विभाग के कर्मचारियों और पुलिसकर्मियों की जान खतरे में पड़ गयी . हालांकि, टीम ने सूझबूझ दिखाते हुए अपनी जान बचायी थी . इस मामले को लेकर भी खनन विभाग की ओर से प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है, लेकिन किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है .

## एनएसयूआई का प्रतिनिधिमंडल इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के निदेशक से मिला



संवाददाता। रांची

एनएसयूआइ का प्रतिनिधिमंडल इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्ट्डीज के निदेशक डॉ. वीएस तिवारी से मिले. उपाध्यक्ष अमन अहमद ने कहा कि एमबीए बैच (2023-2025) की ओर से, सेमेस्टर 2 परीक्षाओं के बाद औद्योगिक भ्रमण आयोजित करने के लिए स्वीकृति प्रदान का आग्रह किया.

इस दौरान विद्यार्थयों को संचालन के गुर उन्हें कक्षा में सीखने व वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों के बीच की खाई को पाटने में मदद मिलेगी. पेशेवरों के साथ बात करने से बाजार के रुझान, चुनौतियों व सर्वोत्तम प्रथाओं के बारे में समझ बढ़ेगी. इस तरह के निर्णय लेने, आलोचनात्मक सोच व समस्या-हल कौशल में सुधार होगा, जो करियर के लिए अहम है. छात्र संगठन इस मूल्यवान पहल के आयोजन में आपके सहयोग का अनुरोध करती है. आईएमएस निदेशक ने आश्वस्त किया कि जल्द ही हमलोग इंडस्ट्रियल टूर के लिए तिथि एवं स्थल चयन कर लेंगे. मौके पर प्रदेश सचिव पवन कुमार, पूर्व जिला महासचिव प्रिंस राज, पूर्व जिला सचिव सरफराज अहमद, शाबान अंसारी, गुलशन सिंह, तान्या कुमारी, आर्यन सिंह आदि छात्र शामिल थे.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

धनबाद, मंगलवार 24 दिसंबर 2024, पौष कृष्ण पक्ष नवमी संवत 2081


मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.0 | 11.5 |
| डालटनगंज | 27.2 | 12.3 |
| धनबाद | 25.2 | 15.1 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.



शाहरुख की लाडली सुहाना खान ने लूटी लाइमलाइट

## ब्रीफ खबरें

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**बरवाअड्डा।** सोमवार लगभग 12 बजे बरवाअड्डा थाना अंतर्गत लोहारबरवा के समीप जीटी रोड में सड़क हादसे में अब्दुल मदीना नमक युवक की मौत हो गई. अब्दुल मदीन राजगंज से अपने मौसा समीर अख्तर के साथ बजाज प्लेटिना बाइक संख्या जेएच10बीएस- 9746 से गोविंदपुर फकीरडीह स्थित अपने घर लौट रहे थे. इस दौरान लोहारबरवा के समीप जीटी रोड में दो बड़ी वाहन ओवरटेक करने के क्रम में बाइक को अपने चपेट में ले लिया. घटना में बाइक क्षतिग्रस्त हो गईं और बाइक के अब्दुल और समीर दोनों बाइक से गिर पड़े. अब्दुल को वाहन के धक्के से सर से गंभीर चोट लगी और मौके पर उसकी मौत हो गई. समीर को मामूली चोट लगी.

### सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल

**कतरास ।** कतरास थाना इलाके के लेडीडूमर पुल के समीप एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हुई. इस दुर्घटना में एक बाइक (पल्सर) सवार दो युवकों को गंभीर चोट लगी है. घटना के बाद, कतरास पुलिस और राहगीरों की मदद से घायलों को इलाज के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए एसएसएनएमसीएच रेफर किया गया.

### डीनोबली स्कूल मैथन में पूर्व छात्रों का मिलन समारोह

**मैथन.** डीनोबली स्कूल, मैथन ने रविवार की शाम अपनी पहली पूर्व छात्रों का मिलन समारोह जश्न के साथ मनाया. इस कार्यक्रम में 1985 बैच से लेकर 2015 बैच तक के करीब सौ पूर्व छात्रों ने स्कूल में एक भावपूर्ण पुनर्मिलन में एकत्र हुए थे. पूर्व छात्रों ने अपने अल्मा मेटर के साथ फिर से जुड़ने और पुरानी यादों को ताजा करने के लिए देश के विभिन्न स्थानों से यात्रा कर पहुंचे थे.

# गिरिडीह के डुमरी में जंगली हाथियों का आतंक, बुजुर्ग की गई जान

संवाददाता। गिरिडीह







गिरिडीह जिले के डुमरी प्रखंड में जंगली हाथियों ने रविवार की रात को बेलाटांड गांव में आतंक मचाया, जहां एक बुजुर्ग सिकरा हेम्ब्रम को कुचलकर मार डाला. घटना से पहले यह हाथियों का झुंड छछंदो पंचायत के टेसाफूली गांव में भी उत्पात मचा चुका था, जहां कई घरों को नुकसान पहुंचा. ग्रामीणों ने हाथियों के उत्पात को देख वन विभाग को सूचना दी, जिसके बाद वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से हाथियों को खदेड़ा. इसके बाद हाथियों का झुंड बेलाटांड गांव पहुंचा, जहां सिकरा हेम्ब्रम के घर के दरवाजे को तोड़ दिया. सिकरा ने घर में सोते वक्त हाथियों को देख भागने की कोशिश की, लेकिन एक हाथी ने उसे सूंड से बाहर फेंककर पैर से कुचल डाला. इस घटना से पूरे गांव में भय का माहौल है. वन विभाग की टीम ने इस मामले में कार्रवाई की और हाथियों को गांव से बाहर खदेड़ दिया.

## टुंडी में भी हाथियों के उत्पात से दहशत कायम



टुंडी : पश्चिमी टुंडी मनियाडीह थाना क्षेत्र में बीती रात जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाते हुए कई घर तोड़े व फसलों का खाकर पैरों तले कुचलते हुए तितर-बितर कर दिया.

बीती रात जंगली हाथियों के झुंड ने नवाटांड गांव में नुनूलाल मुर्मू का घर तोड़ा तथा धान, मक्ई फसल खाकर तितर-बितर कर दिया. इसके अलावे मेघलाल महतो का आलू, राजेश यादव का आलू, फुदवा देवी का आलू, प्रमिला देवी का धान, रामलाल हेम्ब्रम का धान, बसंती देवी का मकान को आंशिक क्षति पहुंचाया. जबकि विशनपुर गांव में खाड़े हेम्ब्रम का आलू, काली मुर्मू का आलू, सुरजमनि देवी का आलू फसल खाकर व पैरों तले जमीन पर तहस नहस कर दिया.

टुंडी में 35 की संख्या में पहुंचे जंगली हाथियों के झुंड आने से ग्रामीण दहशत में हैं. इधर सोमवार को वन विभाग की टीम प्रभावित गांवों में पहुंचे तथा क्षतिपूर्ति का जायजा लिया. ग्रामीणों का आरोप है कि इतनी संख्या में जंगली हाथियों के झुंड आने के वाबजूद वन विभाग के अधिकारी झांकने तक नहीं आ रहे हैं. केवल कुछ मशालचियों को भेजकर वे औपचारिकता पूरी कर रहे हैं. जिससे वन विभाग के प्रति ग्रामीणों ने भारी आक्रोश देखा जा रहा है. वैसे आज वन विभाग की साइरन टीम ने पहाड़ी तराई गांवों में ऐलान कर जंगली हाथियों के झुंड के बीच न जाने की सलाह दी व हरगिज छेड़छाड़ न करने को कहा है. वैसे अभी हाथियों का झुंड टुंडी पहाड़ ऋषिभीट्ठा चेकडैम के आसपास डेरा डाले हुए है. इधर टुंडी विधानसभा क्षेत्र के झामुमो नेता रतिलाल टुडू ने वन विभाग से हाथियों को भगाने का आग्रह किया है.

# मूक-बधिर युवती के साथ दुष्कर्म के बाद आरोपियों के घर पत्थरबाजी

## रात में घर से उठाकर ले गए थे, दुष्कर्म के बाद फेंक कर भागे



**खास बातें**

- खबर फैलते ही लोगों का फूटा गुस्सा, पुलिस ने कराया शांत
- आरोपियों में बीसीसीएल कर्मी भी शामिल, तलाश में छापामारी

संवाददाता। धनबाद

सरायढेला थाना क्षेत्र में एक मूकबधिर युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है. वारदात को अंजाम देने के बाद उसे अपने घर के ही पीछे की झाड़ियों में फेंक दिया गया था.जब इसकी जानकारी लोगों को हुई, तो लोगों ने पीड़िता को थाने पहुंचाया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे. पुलिस मेडिकल जांच के लिए पीड़िता को एसएनएमएमसीएच ले गयी. घटना की खबर पाकर स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ता गया. आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लोगों ने उनके घरों का घेराव किया और पत्थरबाजी भी की. पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच कर मामले को किसी तरह शांत कराया. वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी फरार है. उनमें से एक आरोपी अजीत डोम है जो बीसीसीएल में कार्यरत है.

### बीसीसीएल में नौकरी करता है आरोपी अजीत

युवती मूकबधिर है. दो युवक अजीत डोम और अशोक डोम ने रविवार की रात युवती को घर से उठाया और अपने घर ले गए. वहां दोनों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया और अपने घर के पीछे झाड़ियों में फेंक दिया. परिजनों ने सुबह में उसकी खोजबीन की. काफी तलाश के बाद वह घायल अवस्था में झाड़ियों में मिली. उसने इशारों ने पूरी घटना की जानकारी दी. इसके बाद वह परिजनों और आस-पास के लोगों के साथ दोपहर में थाने पहुंची और शिकायत की. इधर घटना की जानकारी जैसे ही मोहल्ले के अन्य लोगों को मिली, सभी उग्र हो गये. महिलाएं, बच्चियां, पुरुष और आसपास के लोग आरोपियों के घर पहुंचे. आरोपियों के परिजनों ने घर को अंदर से बंद कर दिया. हालांकि दोनों आरोपी फरार हो चुके थे. बाहर में मौजूद भीड़ ने हंगामा शुरू कर दिया. इस दौरान घर पर पथराव भी किया. पुलिस को जैसे ही सूचना मिली, सरायढेला थाने के आधा दर्जन से ज्यादा जवान, पुलिस पदाधिकारी और अन्य लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह से मामला को शांत करवाने का प्रयास किया गया, लेकिन सभी लोग आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे. इसमें एक आरोपी अजीत डोम बीसीसीएल में नौकरी करता है. वह अपने पूरे परिवार के साथ रहता है, लेकिन घटना के बाद से वह फरार है. पुलिस उसकी गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है. इधर पुलिस मामले को लेकर अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है.

# लोयाबाद रेलवे साइडिंग में फायरिंग व बमबाजी

## पुलिस के वाहन का शीशा टूटा, 2 हिरासत में

- एक पक्ष ने की पुलिस से शिकायत, दो दर्जन के खिलाफ आरोप
- जिंदा बम व खोखा बरामद

संवाददाता। लोयाबाद

वर्चस्व को लेकर लोयाबाद रेलवे साइडिंग में हुई हिंसक झड़प में दो दर्जन से अधिक राउंड गोलियां चली और दर्जन भर बम विस्फोट किए गए। इस घटना में कुछ लोग घायल हुए हैं और पुलिस की गाड़ी के शीशे तथा थाने का टेबल क्षतिग्रस्त हो गया है। पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

इस घटना के पीछे का कारण लोयाबाद बीस नंबर के युवाओं और निमियांतांड के साइडिंग के अधिकृत अनीता देवी के बीच वर्चस्व की लड़ाई बताया जा रहा है। लोयाबाद बीस नंबर के युवाओं ने साइडिंग में नियोजन, वाहनों के परिचालन से होने वाली प्रदूषण पर रोक लगाने तथा घनी आबादी तथा दो दो विद्यालयों के बच्चों की सुरक्षा की मांग करते हुए लोयाबाद नौ नंबर के पास हाइवा की ट्रांसपोर्टिंग को रोक दिया था। इस मामले में अनीता देवी ने थाने में लिखित शिकायत दी है, जिसमें नौ नामजद और 20-25 अज्ञात लोगों के खिलाफ पचास हजार की रंगदारी मांगने व जान से मारने की धमकी देने सहित अन्य कई आरोप लगाते हुए कार्रवाई करने की मांग की गई है। अपनी शिकायत में कहा है कि असमाजिक तत्वों द्वारा नाजायज मजमा लगाकर, हरवे हथियार से लैस होकर कोयला ट्रांसपोर्टिंग रोक दिया गया है। मामले में लोयाबाद डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम ने कहा गोलीबारी व बमबाजी की घटना हुई है।पुलिस उपद्रवियों की पहचान कर रही हैं।एक पक्ष की ओर से पहले ही लिखित शिकायत मिला है। पुलिस की तरफ से भी प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। उपद्रव मचाने वाले दोषियों को बक्शा नहीं जाएगा।

# साल के 300 से ज्यादा दिन रही गुड एयर क्वालिटी

- बीसीसीएल को प्रदूषण नियंत्रण और इको पार्क विकसित करने का निर्देश

संवाददाता। धनबाद



**2025 में शुरू होगी सीएनजी बस सेवा**

धनबाद में वायु प्रदूषण कम करने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक हुई. नगर आयुक्त रविराज शर्मा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में नेशनल क्लीन एयर पॉलिसी के तहत एयर क्वालिटी मैनेजमेंट पर चर्चा हुई. बताया गया कि वर्ष 2023-24 में धनबाद में गुड एयर क्वालिटी डेज की संख्या 300 से ज्यादा रही. नगर आयुक्त ने स्वच्छ ईंधन के प्रयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया और व्यापक जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया. सड़क निर्माण विभाग को सड़कों के कालीकरण, धूलकण कम करने के लिए निरंतर मरम्मत कार्य और गड्ढों को भरने का निदेश दिया गया. बीसीसीएल के प्रतिनिधियों को ग्रीन पेंच, कोयला कोड गाड़ियों के चक्के की सफाई, वाहनों के प्रदूषण नियंत्रण और परियोजनाओं में इको पार्क विकसित करने पर विशेष ध्यान देने को कहा गया. बीसीसीएल के प्रतिनिधियों ने आश्वस्त किया कि वायु प्रदूषण को कम करना उनका लक्ष्य है और इस निमित्त यांत्रिकी और तकनीकी उपाय किए जाएंगे. इसके अलावा, वन विभाग के ग्रीन कॉरिडोर एवं वृक्षारोपण करने हेतु फंड ट्रांसफर पर भी चर्चा हुई. नगर आयुक्त ने जिला परिवहन कार्यालय से उपस्थित पदाधिकारियों के सघन जांच, पंजीकरण एवं पीयूसी जांच में सर्तकता बरतने का निर्देश दिया. आईआईटी (आईएसएम), बीआईटी के प्राध्यापकों ने भी नवीन तकनीकों को साझा किया. नगर आयुक्त ने वायु प्रदूषण के बहु-आयामी पक्षों पर प्रकाश डालते हुए यह भी बताया कि धनबाद में पब्लिक बस सेवा और इंटिग्रेटेड यातायात प्रबंधन पर अलग-अलग स्तर पर काम चल रहा है. संभावित है कि वर्ष 2025 में शहर में बस सेवा चालू हो जाएगी. इन बसों में सीएनजी इलेक्ट्रॉनिक गाड़ियों से प्रदूषण में कमी आएगी.

## होली चाइल्ड स्कूल के बच्चों का जलवा

**तोपचांची।** सोमवार को तोपचांची प्रखंड के गोमो जीतपुर स्थित होली चाइल्ड स्कूल में फूड फेयर सह वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ तोपचांची उप प्रमुख हेमलाल महतो व स्कूल के प्रिंसिपल डोलन चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया. कार्यक्रम के दौरान स्कूल के विधार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अभिभावकों का मनमोह लिया. फूड फेयर सह वार्षिक समारोह में स्कूल के विधार्थियों के द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई. जिसमें स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय व्यंजन शामिल थे. विद्यार्थियों , अभिभावकों तथा स्कूल के शिक्षकों ने इन व्यंजनों का स्वाद लिया और उनकी सराहना की. मुख्य अतिथि तोपचांची प्रखंड उप प्रमुख हेमलाल महतो ने कहा कि विधार्थियों के अंदर अनन्त प्रतिभा छुपी हुई है.

## जिला परिषद बोर्ड की बैठक आज

# 30 महीनों में 9 बैठकें, विकास कार्य प्रभावित

संवाददाता। धनबाद

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की जिम्मेवारी जिला परिषद की है. जिला परिषद बोर्ड की बैठक में ही विकास की योजनाओं को मंजूरी मिलती है और फिर इस पर काम होता है. वर्ष 2024 खत्म होने को है और जिला परिषद की महज तीन बैठकें ही हुई हैं. वहीं जिला परिषद चुनाव के बाद से अबतक 30 महीनों में मात्र 9 बैठकें ही हुई है. हालांकि मंगलवार को अगली बैठक होनी है. तय नियमों के मुताबिक हर माह एक बैठक होनी चाहिए. जब बैठक ही नहीं हो रही है तो फिर विकास प्रभावित होना स्वभाविक बात है. ग्रामीण विकास की योजनाओं के चयन के साथ-साथ योजनाओं के क्रियान्वय तथा उसकी मॉनिटरिंग की जिम्मेवारी भी जिला परिषद की ही है. बोर्ड की बैठकों में नई योजनाओं की मंजूरी तो दी ही जाती है, साथ ही साथ पूर्व की योजनाओं की मॉनिटरिंग भी की जाती है. बैठक नहीं होने से पूरा विकास कार्य प्रभावित होता है.

### जिप बोर्ड की गरिमा हो रही धूमिल : सरिता देवी

जिला परिषद बोर्ड की बैठक मंगलवार को तय है. न्यू टॉउन हॉल में बैठक होनी है. जिला परिषद की उपाध्यक्ष सरिता देवी ने बताया कि सोमवार दोपहर तक बैठक के एजेंडा की जानकारी नहीं मिली है. उपाध्यक्ष ने कहा कि जिला परिषद बोर्ड की गरिमा को धूमिल किया जा रहा है. बैठक की सूचना तो मिल गई है लेकिन मुद्दे क्या होंगे. किन-किन एजेंडों पर चर्चा होगी, इसकी जानकारी नहीं दी गई है..उन्होंने कहा कि उपाध्यक्ष की जब यह स्थित है तो फिर आम सदस्यों की क्या स्थिति होगी यह समझी जा सकती है. उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि बैठकों का भी कोई मान नहीं है. बोर्ड में पास होने के बाद भी जनहित संबंधित कोई कार्य नहीं किया जाता है. सिर्फ पंद्रहवे वित्त आयोग के मद से होने वाले योजनाओं का ही कार्य होता है. वह कार्य भी कमीशन के लिए कराये जाते हैं. योजनाओं के कार्य में भी बड़ी अनियमितता बरती जाती है. गड़बड़ी को लेकर कई बार आवाज उठाया गया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई. कई बार आपत्ति दर्ज कराते हुए लिखित में पेपर मांगी गई लेकिन कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया गया है.

## झारखंड डायबिटिक एंड नेत्र सेंटर के संचालक व प्रसिद्ध डायबिटोलॉजिस्ट डॉ. अजय पटवारी से खास बातचीत

# टाइप वन डायबिटीज : शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली ही बन जाती है दुश्मन



डॉ. अजय पटवारी, डायबिटोलॉजिस्ट

धनबाद । देश की 11.4 प्रतिशत की आबादी मधुमेह से पीडित है. मुधमेह पीडितों का ग्राफ दिन प्रतिदिन उपर की तरफ से उठ रहा है. खराब जीवनशैली, तनाव और आनुवांशिक कारण इस बड़ी बीमारी के प्रमुख कारण माने जाते हैं. धनबाद में मधुमेह रोगियों का दशकों से उपचार कर रहे डॉ. अजय पटवारी से इस गंभीर व लाइलाज बीमारी पर शुभम संदेश की बातचीत.

झारखंड डायबिटिक एंड आई सेंटर, शक्ति मंदिर जोराफाटक के संचालक डॉ. अजय पटवारी इस गंभीर रोग पर बताते हैं कि मधुमेह रोग खतरनाक तो है ही, लेकिन टाइप वन इनमें सबसे पेचीदा माना जाता है. क्योंकि फिलहाल तक इस रोग के होने के सही कारणों की खोज नहीं हो पाई और न ही इसका इलाज तलाशा जा सका है. ये इस कारण भी और खतरनाक माना जाता है क्योंकि टाइप वन डायबिटीज 90 प्रतिशत बच्चों को शिकार बनाता है. हालांकि नवजात से लेकर ओल्ड एज वाले भी टाइप वन के शिकार बन सकते हैं. लेकिन 8 से 14 साल वाले बच्चे इसका अधिकतर शिकार होते हैं.

### टाइप वन डायबिटीज क्या है


डॉ. पटवारी बताते हैं कि टाइप वन को ऐसे समझा जा सकता है कि इसमें रोगी को शुरू से ही इंसुलिन की जरूरत पड़ती है. क्योंकि इस तरह के रोगियों में इंसुलिन का बनना ही बंद हो जाता है. इसके कई कारण हो सकते हैं. प्रमुख कारणों में वायरल इंफेक्शन और प्रतिरक्षा प्रणाली में गड़बड़ी माना जा रहा है. वायरल इंफेक्शन या अन्य कारणों से पैन्क्रियाज में इंसुलिन का बनना बंद हो जाता है. क्योंकि कई शोधों में यह पता चला है कि हमारे शरीर में मौजूद प्रतिरक्षा प्रणाली ही पैंक्रियेटिक बीटा सेल पर हमला कर उसे खत्म कर देते हैं. ऐसे होते ही पैन्क्रियाज में इंसुलिन का बनना बंद हो जाता है और फिर रोगी को आजीवन इंसुलिन की जरूरत पड़ती है.

### फ्री में करते हैं इलाज, देते हैं दवाइयां



डॉ. अजय पटवारी बताते हैं कि उनके यहां टाइप वन डायबिटीज पीडितों का इलाज फ्री में किया जाता है. उनकी मधुमेह की जांच के लिए ग्लूकोमीटर, नीडल, स्ट्रीप, इंसुलिन और परामर्श तक निशुल्क है. कुल मिलाकर टाइप वन के मरीजों की पूरी इलाज निशुल्क की जाती है और दवाइयां भी फ्री दी जाती हैं. टाइप वन के मरीजों को जोराफाटक की क्लीनिक में आ सकते हैं और अपना इलाज करा सकते हैं.

### टाइप वन का नहीं है संपूर्ण इलाज



डॉ. पटवारी इस चर्चा को आगे बढ़ाते हुए कहते हैं कि टाइप वन का संपूर्ण इलाज अभी तक खोजा नहीं गया है. हां, बीमारी से पूर्व ही संभावित लक्षण पर ही एक इंजेक्शन लगाया जाता है, जिससे बीमारी कुछ सालों के लिए टल जाती है. लगभग आठ साल के लिए इस बीमारी की प्रक्रिया का आगे बढ़ाने की ताकत उक्त इंजेक्शन टेप्लीजुमेब दी जाती है.

### बच्चे में ये लक्षण खतरनाक



डॉ. पटवारी बताते हैं कि आम तौर पर जो लक्षण मधुमेह के रोगियों में होता है, लगभग वहीं लक्षण इसमें भी पाया जाता है. जैसे अधिक भूख लगना, प्यास अधिक लगना, पेशाब अधिक और वजन का घटना. इसके अलावा बच्चों में चश्मे का पावर कम दिनों में ही बदल जाना भी इसके प्रमुख लक्षणों में शुमार है.

# अरूप चटर्जी ने मैथन डैम में स्पीड बोट का किया उद्घाटन



संवाददाता। मैथन

नये वर्ष के आगमन पर नौकाविहार को सुगम बनाने के लिए मैथन डैम के बाबू घाट पर विधायक अरूप चटर्जी एवं एग्यारकुंड प्रखंड प्रमुख संगीता महतो ने सोमवार को नए स्पीडवोट का उद्घाटन संयुक्त रूप से फीता काटकर किया. इस दौरान बाबू घाट के संचालकों द्वारा विधायक अरुप चटर्जी को गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया. उसके बाद सभी स्पीड वोट में सवार होकर मैथन डैम में नौकाविहार का लुत्फ उठाया. मौके पर विधायक अरुप चटर्जी ने कहा की बाबू घाट के संचालकों द्वारा नववर्ष के अवसर पर नया वोट लाकर सैलानियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में सकारात्मक पहल किया गया है. इस नई स्पीड बोट के आ जाने से सैलानियों को वोटिंग व नौकाविहार करने में काफी आनंद आएगा. लोग गोवा और आइलैंड जैसा लुत्फ मैथन डैम में उठा सकेंगे. मौके पर काफी संख्या में पर्यटक एवं अन्य लोग मौजूद थे.

**ब्रीफ खबरें**

### मारपीट का आरोपी गया जेल

**तेतुलमारी।** तेतुलमारी पुलिस ने सोमवार को खास सिजुआ निवासी मनोज कुमार नोनिया को वेस्ट मोदीडीह निवासी विकास कुमार पाण्डे के साथ मारपीट कर घायल करने के आरोप में कांड दर्ज कर जेल भेज दिया.

### ट्रैक्टर के धक्के से चहारदीवारी क्षतिग्रस्त

**महुदा।** तोपचांची प्रखंड अंतर्गत चितरपुर पंचायत के अम्बाडीह गांव के बीच स्थित अर्जुन महतो की चहारदीवारी को अवैध बालू लदा ट्रैक्टर ने धक्का मारकर तोड़ दिया. जिसके कारण लगभग 8 से 10 क्विंटल धान धूल मिट्टी में मिल गया.

### मारवाड़ी युवा मंच ने जरूरतमंदों में बांटे कंबल

**चिरकुंडा।** मारवाड़ी युवा मंच चिरकुंडा शाखा द्वारा मिट्ठू गढ़याण के आवासीय कार्यालय में सोमवार को जरूरतमंदों के बीच 101 कम्बल का वितरण किया गया. मौके पर विपुल शर्मा, प्रणव गढ़याण, पंकज अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, अभिषेक जिंदल, मिट्ठू गढ़याण आदि सदस्यगण मौजूद थे.

### आंगनबाड़ी केन्द्र में स्वेटर वितरण

**महुदा।** बढ़ते ठंड के प्रकोप को देखते हुए राज्य के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन सरकार के द्वारा आपूर्ति, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के निर्देश पर, बाल विकास परियोजना बाघमारा से प्राप्त, आंगनबाड़ी केन्द्र (लघु) तेलमच्चो अन्सारी टोला में सेविका रजिया खातुन के द्वारा बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया.

### सब्जी पट्टी में भिड़ी महिलाएं बीच बाजार चले लात-घूंसे

**झरिया।** सब्जी पट्टी में खरीदारी करने आई कुछ महिलाएं आपस में भिड़ गई. दोनों ओर से जमकर लात-घूंसे चले. सोमवार की दोपहर झरिया थाना क्षेत्र के सब्जी पट्टी में खरीदारी करने आई कुछ महिलाएं किसी बात को लेकर आपस में भिड़ गई. तू- तू , मैं- मैं से शुरू हुई बात ने मारपीट का रूप ले लिया. बीच सड़क पर ही महिलाएं एक दूसरे को सड़क पर पटक कर पीटने लगी व बाल खींचकर मारने लगी. बीच बाजार में महिलाओं के बीच चल रहे लात- घूंसे को देखने के लिए भीड़ जुट गई. हालांकि स्थानीय कुछ बुद्धिजीवियों ने बीच बचाव कर मामले को शांत करवाया, इसके बाद दोनों ही महिलाएं अपने घर को चली गई.

### चौधरी चरण सिंह की जयंती मनाई

**बरोरा।** रास्ट्रीय लोक दल के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष मुराईडीह निवासी डीपी लाला ने सोमवार को आवसीय कार्यालय मुराईडीह एवं धनबाद गाँधी सेवा सदन धनबाद में भारत देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि कर उनकी 122 जयंती धूमधाम से मनाई. डीपी लाला ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने देश के पांचवें प्रधानमंत्री थे. उन्होंने अपना जीवन ग्रामीण भारत और किसानों के हित में समर्पित कर दिया. उनके प्रयासों से जमींदारी प्रथा उन्मूलन हुआ और गरीबों को अधिकार मिला एवं लेखपाल के पद का सृजन किया.

### श्रेष्ठ गणितज्ञ रामानुजम को किया याद

**बरोरा।** बरोरा दयानंद एंग्लो वैदिक पब्लिक स्कूल में सोमवार को प्राथना सभा में गणितज्ञ निवास रामानुजम की 137 वीं जयंती मनाई गई. विद्यालय के प्राचार्य राकेश शर्मा ने बच्चों रामानुजम के जीवन परिचय एवं उनके कार्यो से परिचित कराया. विद्यालय वरीय गणित के शिक्षक आशीष कुमार सिंह ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए रामानुजन नंबर 1729 को बताया तथा 2520 को 1 से 10 तक के सभी अंकों से विभाजित होने वाला नंबर बताया.

### देव क्लीनिक में नेत्र जांच शिविर

**बरोरा।** एएसजी हॉस्पिटल धनबाद एवं लायंस क्लब सेंटिनल बाघमारा के संयुक्त तत्वावधान में लायंस प्राइमरी हेल्थ सेंटर, देव क्लिनिक (मातृ सदन) में आंख जांच सह मोतियाबिंद शिविर का आयोजन किया गया. इस जांच शिविर का उद्घाटन क्लब के पूर्व अध्यक्ष जॉन चेयरपर्सन मदन मोहन, वर्तमान अध्यक्ष लक्ष्मण रवानी, सेक्रेटरी लक्ष्मीकांत मिश्रा एवं क्लिनिक प्रबंधक गोपाल सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलन कर किया. शिविर में कुल 149 लोगों की जांच की गई जिसमें कुल 38 लोग मोतियाबिंद से ग्रसित पाए गए, जिनका जल्द एएसजी हॉस्पिटल धनबाद में ऑपरेशन किया जाएगा. कार्यक्रम को सफल बनाने में लायंस क्लब के अजीत कुमार, राजेंद्र शर्मा, एसके भद्र शामिल रहे.

## ग्रामीण रैयतों का आंदोलन तीसरे दिन भी जारी

# झूठे मुकदमों से डरने वाला नहीं : सिंह

संवाददाता। कतरास




झारखंडी रैयत रेल विस्थापित समिति के बैनर तले आंदोलनकारियों ने सोमवार तिसरे दिन भी अपनी मांग को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन किया. विदित हो कि डीएफसीसी द्वारा पूर्व-मध्य रेलवे डिवीजन में रेल चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है. निचितपुर से गोमो तक विस्थापित और प्रभावित रैयत इस योजना में काम की मांग को लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे हैं. झारखंडी रैयत रेल विस्थापित समिति के केन्द्रीय अध्यक्ष और यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि कंपनी आज किसान नेता स्व चौधरी चरण सिंह की जयंती है. साथ ही साथ आज किसान दिवस है. हमलोग किसानों का हक-अधिकार के लिए लड़ रहे हैं. परंतु कंपनी गुंडों के बल पर किसानों का उचित मांग को छीनना चाहती है. मेरे उपर झुठा मुकदमा दर्ज कर आंदोलन को दबाना चाहती है. जो किसी किमत पर नहीं होने देंगे. हम जान दे देंगे, पर जब-तक प्रभावित और विस्थापित रैयत किसानों को काम नहीं मिलेगा, तब-तब आंदोलन जारी रहेगा. स्थानीय पुलिस प्रशासन से मैं मांग करता हूं कि मेरे उपर हुए झुठा मुकदमा का निष्पक्ष जांच करें और मेरे द्वारा दी गई आवेदन पर कंपनी और फहीम के गुर्गों के उपर मुकदमा दर्ज कर उन लोगों को गिरफ्तार करे. आंदोलन में सहदेव सिंह, बिंदु देवी, जितेन्द्र पांडेय,मो मुजाहिद्दीन अंसारी,अजमत अंसारी,संजय दे, अशोक कुमार दास, प्रदीप सिंह, हराधन जी, सिमरजीत सिंह, गफुर अंसारी, सलीम खान, जमशेद अंसारी आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे.

### सामाजिक अंकेक्षण की जनसुनवाई

**महुदा।** बाघमारा प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत काण्डरा, तेलमोचो, तारगा, पदुगोड़ा मे मनरेगा के तहत हुए कार्य का समाजिक अंकेक्षण का जनसुनवाई की गई. इस अवसर पर कण्डरा में कुल पन्द्रह, तेलमोचो में छब्बीस, पदुगोड़ा में पचपन मामला आया. जिसमें से आंशिक जुर्माना के साथ सभी का निष्पादन कर दिया गया. मौके पर मुखिया रिंकु देवी, मिरा कुमारी, महेश कुमार पटवारी, विधायक प्रतिनिधि धनेश्वर महतो, शिबु महतो, पंसस बिनोद कुमार महतो, उप मुखिया मोहम्मद अन्सारी, रोजगार सेवक मोहस्सीम अख्तर, सन्तोष कुमार दास, पंचायत सचिव जोगेश्वर प्रसाद साव, जुड़ी मेम्बर से सीआरपी बहादुर महतो, समाज सेवी बिनोद महतो, नितु देवी, भारती देवी, झालु देवी, रिता देवी, डेगलाल महतो, मनवर हुसैन, टींकु महतो, लुकमान अन्सारी, सन्तोष महतो सहित अन्य मौजूद थे.

## गोपीनाथपुर कोलियरी में भाजपा ने की प्रतिवाद सभा

# निरसा को बंगाल बनने नहीं दूंगा : ढुल्लू



- मैं बांग्ला भाषा भाषी का विरोधी नहीं बल्कि उसकी नीतियों का विरोधी हूं

संवाददाता। निरसा

इसीएल मुगमा क्षेत्र के गोपीनाथपुर कोलियरी में संचालित आउट सोर्सिंग कंपनी में नियोजन की मांग को लेकर भाजपा और भाकपा माले के बैनर तले ग्रामीण आमने सामने आ गये हैं. सोमवार को गोपीनाथपुर कोलियरी बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के बैनर तले सोमवार को आयोजित एक प्रतिवाद सभा में सांसद ढुल्लू महतो खूब बरसे, कहा कि चुनाव जीतने के बाद जनता के हित में काम नही कर गुंडागर्दी करने में विधायक अरूप उतर गए. क्षेत्र में अपना साम्राज्य स्थापित करने के लिए अपने गुर्गों से व्यवसाइयों पर हमला करवाने लगे. उन्होंने कहा कि वे ऐसे तत्वों को आगाह कर देना चाहते है कि निरसा में तो क्या पूरे कोयलांचल में गुंडागर्दी चलने नहीं देंगे. उन्होंने कहा कि वे पुलिस प्रशासन के विरोधी नहीं हूं, लेकिन गुंडा व असामाजिक तत्वों को मदद देने वालों का घोर विरोधी हैं, चाहे वह पुलिस प्रशासन क्यों न हो? उन्होंने कहा कि गोपिनाथपुर में पिछले दो वर्षो से कंपनी संचालित है, इन दो वर्षों में विधायक जी को लोगों की चिंता नहीं थी. विधायक बनते ही लोगों की चिंता सताने लगी. उन्होंने कहा कि हमलोग कभी भी झारखंड व निरसा को बंगाल बनने नहीं देंगे. हम लोग बंगला भाषा भाषी का विरोधी नहीं बल्कि उसकी नीतियों का विरोध करते हैं.

सांसद महतो ने चेतावनी देते हुए कहा कि जनता वह गरीबों की विकास के लिए काम करें ना कि क्षेत्र में गुंडागर्दी कर अपने तथा अपने गुर्गों को मालामाल करने की. अभी भी वक्त है सुधर जाइए वरना में ऐसे लोगों को मुंहतोड़ जवाब देना जानते हैं. सभा में मंच पर पूर्व विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, ग्रामीण जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, संजय सिंह, मुन्ना सिंह, बृहस्पति पासवान, सुरजीत चंद्र आदि उपस्थित थे.

### ढुल्लू महतो ने बंगला भाषियों का किया अपमान, माफी मांगे : सम्राट चौधरी

- सांसद के विरोध में झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति



धनबाद। सांसद ढुल्लू महतो के विरोध में झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति के द्वारा एलसी रोड हीरापुर में एक बैठक किया गया. बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने किया. जिला अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि ढुल्लू महतो के बयान से पूरे धनबाद के बंगला भाषियों का अपमान हुआ है. बांग्लाभाषी कभी इसे माफ नहीं करेगा. क्या सांसद को बांग्ला भाषी से कोई लेना देना नहीं है. झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति से सांसद ढुल्लू महतो माफी मांगे, अन्यथा झारखंड के समस्त बांग्ला भाषी सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेंगे. चौधरी ने कहा कि ढुल्लू महतो के द्वारा निरसा के विधायक अरूप चटर्जी के खिलाफ असंवैधानिक भाषा का प्रयोग किया गया है. एक सभा को संबोधित करते हुए ढुल्लू महतो ने कहा है कि वर्तमान विधायक बांग्लादेशी है. साथ ही अरूप चटर्जी के पिता पूर्व विधायक स्वर्गीय गुरदास चटर्जी के विषय में भी उन्होंने अपशब्द कहा है. पूरा झारखंड जानता है कि गुरदास चटर्जी की हत्या माफियाओं ने किया. स्वर्गीय गुरदास चटर्जी एक सम्मानित व्यक्ति थे. जिसे पूरा झारखंड मानता है. सांसद के बयानों का झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति कड़ी शब्द में निंदा करता है. बैठक में मुख्य रूप से जिला सचिव राणा चट्टराज, कल्याण भट्टाचार्य, सुशोभन चक्रवर्ती, कल्याण राय, राजू प्रमाणिक, अमिताभ बैनर्जी, सुरजीत चंद्रा, कल्याण घोषाल, जयदीप बनर्जी, टनी बनर्जी,बादल सरकार, गौरांग मंडल, पिंटू चटर्जी, रोथीन सरकार आदि लोग शामिल थे.

# सब स्टेशन में धावा बोल पांच लाख के कलपुर्जे ले गए अपराधी

## कर्मियों को बनाया बंधक, तीन सौ घरों में जलापूर्ति भी ठप



संवाददाता। झरिया

बस्तकोला क्षेत्र संख्या 9 के दोबारी कोलियरी अंतर्गत सहाना पहाड़ी स्थित सब स्टेशन बिजली घर में बीती रात्रि को केबल चोरों द्वारा अपना निशाना बनाते हुए लगभग पांच लाख की लागत क्वाइल आर्मेचर लेकर चलते बने. जिससे सहना पहाड़ी स्थित रह रहे लगभग तीन सौ घरों में पानी की सप्लाई हुई पूरी तरह से ठप है. घटना के समय बिजली घर में ड्यूटी पर तैनात इलेक्ट्रिशन बबलू पासवान के साथ हेलफर जीतेंद्र निषाद ने बताया कि रविवार की देर रात्रि लगभग 1 बजे 20 से 25 की संख्या में बिजली घर की चहारदीवारी में सेंधमारी कर सब स्टेशन पर धावा बोल दिया. ड्यूटी पर तैनात हम दो कर्मियों को गाली गलौज व मारपीट करते हुए मोबाइल जब्त कर बंधक बना लिया. इसके बाद मैन स्विच को काटकर ट्रांसफार्मर से बिजली तेल दो सौ लीटर नीचे जमीन पर गिरा दिया और एक-एक कर पार्ट पुर्जे खोलकर ट्रांसफार्मर में लगे कॉपर लेकर चलते बने. घटना के संबंध में कर्मियों ने सीआईएसएफ की पेट्रोलिंग टीम पर आरोप लगाते हुए कहा कि इसके पूर्व में भी चोरों द्वारा बिजली घर को निशाना बनाकर लूटपाट किया गया है. इसके बाद भी सीआईएसएफ की टीम नियमित रूप से पेट्रोलिंग नहीं करती है, जिसका खामियाजा ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को मार खाकर व बंधक बनकर चुकाना पड़ता है. इधर घटना के संबंध में दोबारी प्रबंधक ने बताया कि कर्मियों द्वारा चोरी की घटना की जानकारी मिली है, जिसका आकलन किया जा रहा है. तत्पश्चात क्षेत्रीय थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराने के साथ साथ सीआईएसएफ के कंट्रोल रूम को भी लिखित शिकायत की जाएगी.

# पीबी प्रोजेक्ट गेट पर तालाबंदी कर अनिश्चित कालीन धरना शुरू

## 9 सूत्री मांगों को लेकर अरलगड़िया रैयत ग्रामीण एकता मंच का आंदोलन



संवाददाता। पुटकी

अरलगड़िया रैयत ग्रामीण एकता मंच के बैनर तले ग्रामीणों ने सोमवार को इगलदीप पीबी कोल लिमिटेड, आउटसोर्सिंग कम्पनी में स्थानीय को नियोजन सहित 9 सूत्री मांगों को लेकर पीबी प्रोजेक्ट के गेट पर ताला जड़कर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गए. इस दौरान प्रोजेक्ट परिसर में किसी भी बीसीसीएल एवं निजी कर्मी को प्रवेश नहीं करने दिया गया. मांगों में ग्रामीणों को कंपनी में योग्यता अनुसार नियोजन दिया, ठीकेदारी एवं ट्रांसपोर्टिंग में रैयत को प्राथमिकता, कंपनियों द्वारा तोड़े गए तालाबों की मरम्मती आदि शामिल हैं.

मौके पर मंच के बिशू महतो ने कहा कि जबतक कम्पनी प्रबंधन हमारी सभी मांगो पर सकारात्मक विचार नहीं करता,तब तक आंदोलन जारी रहेगा. मौके पर बिशू महतो,बिजय महतो, सपन बाउरी,नवल महतो, राघव मोदक, सुनीता देवी,अलका देवी,अजय महतो,मीरा देवी कुसुम देवी, उर्मिला देवी, सीमा कुमारी नमिता देवी सोमा देवी नीलमणि देवी, अंजली देवी,संजू महतो, सुरेंद्र महतो, उषा देवी,रीता देवी,शिला देवी, उत्तम बॉउरी आदि मौजूद थे.

## कृषि एवं किसानों के सतत विकास विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

# आने वाला समय कृषि वैज्ञानिकों के लिए चुनौतीपूर्ण : डॉ विजय

**खास बातें**

- कृषि उत्पादन लागत को कम करना होगा : डॉ अरविंद
- चीनी और इथेनॉल उत्पादन से महंगाई होगी कम : मो. जावेद

संवाददाता।



भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान रांची के संयुक्त निदेशक डॉ विजय पाल भडाना ने सोमवार को कहा कि आने वाला समय देश के किसानों और कृषि वैज्ञानिकों के लिए चुनौती पूर्ण है. एक तरफ आबादी लगातार बढ़ रही है और खाद्यान्न की आवश्यकता बढ़ रही है, दूसरी ओर खेती की जमीन लगातार घटती जा रही है. शहरीकरण होता जा रहा है. उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के इस दौर में झारखंड जैसे प्रदेश के किसान ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं. यहां की खेती मानसून पर निर्भर है. इस चुनौती से निपटने के लिए हमें खेती-बाड़ी के तौर तरीके को बदलने की जरूरत है. वह किसान दिवस पर सोमवार को संबोधी रिट्रीट कौवाबांध में जलवायु परिवर्तन के दौर में कृषि एवं किसानों के सतत विकास विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि झारखंड में जलवायु परिवर्तन के दौर में झारखंड जैसे राज्य में खेती के तौर तरीके बदलने होंगे. कम पानी में पैदावार के लिए गेहूं की तरह धान की फसल को सीधे लगाना होगा. वर्तमान में पहले धान के बिचड़े तैयार किया जा रहे हैं, फिर धान की रोपनी होती है. इसमें पानी ज्यादा लग रहा है. इस तरीके को बदल कर अब गेहूं की तरह सीधे धान रोपने की जरूरत है. केवीके संत कबीर नगर यूपी के प्रमुख डॉ अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि कृषि उत्पादन लागत को कम करना होगा. तकनीकी प्रयोग से वर्तमान उत्पादन को आगामी वर्षों में चार गुणा करना होगा. वैज्ञानिकों को अत्यधिक उत्पादन वाली प्रजातियां तथा उत्पादन तकनीक विकसित करनी होगी. किसानों को प्रगतिशील बनाना होगा. अबू धाबी विश्वविद्यालय के मो जावेद ने कहा कि गन्ना उत्पादन को बढ़ाकर चीनी और इथेनॉल की पैदावार बढ़ानी होगी. इथेनॉल, जो पेट्रोल डीजल में मिलाया जाता है के उत्पादन से हम महंगाई को कम कर सकते हैं. इस अवसर पर किसान दिवस भी मनाया गया. मौके पर बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा आदि क्षेत्रों के करीब 100 किसानों को मिट्टी जांच मशीन दी गई और मिट्टी जांच करने का प्रशिक्षण भी दिया गया. कार्यक्रम के मुख्य आयोजक चावल अनुसंधान संस्थान हैदराबाद के प्रधान वैज्ञानिक डॉक्टर ब्रजेंद्र ने देश-विदेश से आए कृषि वैज्ञानिकों का स्वागत किया. इस अवसर पर रांची के अतिरिक्त आयकर आयुक्त अजय कुमार सिंह, लोकसभा के संयुक्त सचिव जितेंद्र परमार, प्रगतिशील किसान एन लेंका, सतीश कुमार, प्रो दिनेश रजक, गजेंद्र परमार आदि ने भी अपने विचार रखें तथा देश की खपत के अनुरूप खेती का पैदावार बढ़ाने पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि यदि समय के साथ चलकर पैदावार नहीं बढाया गया है।

**न्यूज अपडेट**

### पूर्व मंत्री जलेश्वर के भतीजे की हार्ट अटैक से मौत



**महुदा।** पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो के बड़े भाई स्व मुनीलाल महतो के छोटे पुत्र सनोज कुमार महतो उम्र 36 वर्ष का राधानगर स्थित अपने आवास में हृदय घात होने से आकस्मिक निधन हो गया. वे चार भाइयों में सबसे छोटा थे. घटना के संबंध में उनके स्वजन ने बताया कि सुबह 9 बजे वे सोकर उठे और बाथरूम गये. वहीं पर हृदय घात होने पर गिर पड़ा. लगभग एक घंटा बाद घर के अन्य सदस्य गए तो देखा कि सनोज बेहोश होकर गिरा पड़ा है. आनन फानन में घर के लोगों ने उसे उठाकर किसी निजि नर्सिंग होम में ले गये. जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया. घर में जैसे ही यह खबर पहुंची. घर में रो रोकर सबका बुरा हाल हो रहा था. सूचना पाकर पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो, पूर्व जिप सदस्य संतोष कुमार महतो, मुखिया सूर्यकांत महतो, मधुसुदन महतो, प्रो नवीन मंडल, प्राचार्य आरके यादव, राजीव सिंह एवं अन्य लोग पहुंचे एवं स्वजनों से मिलकर उसे ढाढ़स बंधाया. मृतक रवि महतो उच्च विद्यालय में क्लर्क का काम करते थे. परिवार में पत्नी व एक 6 वर्ष की पुत्री है.

### फागु महतो उच्च विद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता

**महुदा।** फागु महतो उच्च विद्यालय कपुरिया में सोमवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें 22 व्यक्तिगत स्पर्धा एवं 4 खेल को 6 सदन में बांटा गया था. अभिभावकों के लिए भी कई प्रतिस्पर्धा रखी गई थी. बालक वर्ग में अजय कुमार महतो व बालिका वर्ग में ज्योति कुमारी सबसे ज्यादा अंक लाकर इस वर्ष का ओवरऑल चैंपियन बनी. प्रमुख प्रतिस्पर्धा में बालक वर्ग के शॉट पुट में अमानुल्लाह अंसारी, पंकज हेंब्रम, अंकित महतो, बालिका वर्ग में साक्षी हजारी, नंदिनी भट्ट, हेमा कुमारी, 100 मीटर रेस के बालक वर्ग में अजय महतो, पंकज हेंब्रम, यशवंत महतो, बालिका वर्ग में ज्योति कुमारी, कुमार नंदिनी, लक्ष्मी कुमारी, बेडमिंटन में प्रिया कुमारी, रिया कुमारी, साक्षी हजारी, लंबी कूद बालक वर्ग में मनीष महतो, पंकज हेंब्रम, अजय महतो बालिका वर्ग में रिया कुमारी, कुमारी नंदिनी भट्ट, ज्योति कुमारी क्रमशः प्रथम तीन स्थान प्राप्त किया.

### वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का वेलफेयर कमेटी ने किया निरीक्षण

बाघमारा। केंद्रीय वेलफेयर कमेटी बीसीसीएल के ब्लॉक दो क्षेत्र के जमुनिया वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, नदखुरकी एवं जमुनिया कोलियरी डिस्पेन्सरी तथा श्रमिक कॉलोनियों का निरीक्षण किया. सदस्यों ने सिविल कार्यो एवं माटीगढ़ा डिस्पेन्सरी में दवा की कमी पायी गयी. श्रमिक कॉलोनियों में गंदगी और नालियों की साफ सफाई नहीं होने पर वेलफेयर कमेटी भड़क गये. जीएम अनूप कुमार राय ने वेलफेयर कमेटी से कहा कि जनवरी तक व्याप्त खामियों को दूर कर डिस्पेन्सरी की सभी चीजों की व्यवस्था को दुरूस्त करने के साथ- साथ मजदूरों एवं आस-पास के ग्रामीणों को बेहतर चिकित्सा मिले, इसका प्रयास किया जायेगा. इसके पूर्व क्षेत्रीय कार्यालय में प्रबंधन के साथ सदस्यों ने समीक्षा बैठक की. मौके पर वेलफेयर सदस्यों में एसएस डे, गंगा सागर राय ,संजीत सिंह , निताई महतो,अशोक कुमार साव, तुलसी साव , वेलफेयर अधिकारी संगीता डेका,एजीएम कुमार राजीव, , सीएमओ डॉ अनामिका कुमारी, डॉ रंजन सिंह, डॉ अरूण कुमार, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक अनील कुमार, , विद्युत अभियंता आलोक कुमार, असैनिक अभियंता प्रंजल पांडेय, ट्रीटमेंट प्लांट इंचार्ज गौरव कुमार, कार्मिक प्रबंधक अजय सिंह यादव,सुश्री स्नेहा, पर्यावरण प्रबंधक उतम कुमार झा आदि मौजूद थे.

### अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार घायल

**झरिया।** सोमवार को झरिया थाना क्षेत्र के होरलाडीह - भागा मार्ग पर एक ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. जिसे स्थानीय लोगों की मदद से झरिया के एक निजी नर्सिंग होम में इलाज के लिए ले जाया गया. घटना का संबंध में बताया जाता है कि लोदना के कुजामा निवासी बाइक सवार युवक बाइक संख्या जेएच 10 एडब्लू - 2294 से किसी कार्य से उक्त मार्ग से जा रहे थे, इसी दौरान अनियंत्रित ट्रक संख्या जेएच 09 बीसी - 6238 ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया. जिससे बाइक सवार युवा गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके पांव में गहरी चोट आई है. वहीं बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गया. स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी झरिया पुलिस को दी. सूचना मिलते ही झरिया पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और स्थानीय लोगों की मदद से घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया. वहीं झरिया पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया और थाना ले गई.

### पुलिस, सीआइएसएफ की तैनाती में अवैध खनन स्थल की भराई

**तेतुलमारी।** बीसीसीएल के एरिया पांच के तेतुलमारी कोलियरी प्रबंधन ने अवैध कोयला खनन पर कार्रवाई की है. तेतुलमारी परियोजना पदाधिकारी पंकज कुमार व मैनेजर संतोष चौधरी के नेतृत्व में तेतुलमारी पुलिस व एरिया पांच के सीआईएसएफ जवानों की मौजूदगी में अवैध मुहांने को बंद करवाया गया. स्थानीय ग्रामीण ने बताया कि प्रबंधन अवैध मुहांना बंद करते हैं और कारोबारी का काम दूसरे दिन खोल लेना होता है. जब तक कारोबारी पर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक अवैध कारोबार पर अंकुश नहीं लगेगा. ग्रामीणों का यह भी कहना था कि यहां बैंक और सड़क के साथ बस्ती को भी खतरा है. अवैध मुहांना से बैंक, सड़क और बस्ती का अस्तित्व पर संकट है. स्थानीय महिलाओं के विरोध प्रदर्शन करने के बाद प्रबंधन ने आज मुहांना बंद करने का काम किया है. वहीं परियोजना पदाधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि अवैध मुहांना खोल कर कोयला चोरी हो रही है. भौतिक निरीक्षण में भी स्थिति स्पष्ट हुई. कुछ दिन पहले भी इस मुहांने को बंद किया गया था लेकिन अज्ञात लोगों द्वारा इसे खोल दिया गया था. जिसे पुनः भराई करा दी गई है.

### किड्स गार्डन सेकेंडरी स्कूल में क्रिसमस सेलिब्रेशन

**झरिया।** किड्स गार्डन सेकेंडरी विद्यालय झरिया के जूनियर विंग में आज क्रिसमस के त्योहार से छोटे-छोटे बच्चों को अवगत कराया और क्रिसमस मनाया गया. विद्यालय निदेशक डॉ शोभा सिन्हा, प्रचार्या डॉ. स्नेहलता और इंचार्ज रोजी फ्रांसिस ने सामूहिक रूप से क्रिसमस कैंडल जला कर छात्रों के साथ मिलकर केक काटे. तत्पश्चात सांता क्लॉज के आगमन से संपूर्ण विद्यालय खुशियों से भर उठा. रंगारंग कार्यक्रमों में स्तुति आराधना, क्रिसमस खुशबु लाया है गीतों पर नृत्य तथा गोवा नृत्य पर सभी छात्रों के साथ उपस्थित सभी जन झूम उठे. सांता क्लॉज़ के नृत्य ने सभी को खुशियों से भर दिया.

### ओपेन माइनिंग से होने वाली परेशानी को लेकर रैयतों की बैठक

**झरिया।** सुदामाडीह बीसीसीएल के एएसपी कोलियरी द्वारा ओपेन माइनिंग से होने वाली क्षति को लेकर स्थानीय रैयतों द्वारा सोमवार को एक सामूहिक बैठक हाटतल्ला स्थित काली मंदिर प्रांगण में की गई. बैठक के दौरान संदीप कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने कहा कि बीसीसीएल द्वारा जो माइनिंग की जा रही है, वह तीन सौ से चार सौ मीटर की दूरी पर है. ओपन माइनिंग होने से यहां के स्थानीय निवासियों को बहुत ही दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है. लोगों को प्रदूषण, जहरीली गैस की वजह से जीना दुर्लभ हो जाएगा. यहीं नहीं ब्लास्टिंग के कारण घरों में दरार पड़ने लगेंगे. पूरा जीवन अस्त व्यस्त होने लगेगा, कहा कि इन्हीं सब समस्याओं के बारे में 16 मार्च को लिखित आवेदन के माध्यम से पहले भी अवगत कराया गया है. इसके बाद दूसरा पत्र सुदामाडीह पीओ अनिल कुमार को उनको कार्यालय में दिया गया. हम सब हाट तल्ला निवासी समाधान की उम्मीद लगाए बैठे थे, परंतु कुछ दिन बाद 24अगस्त 2024को पीओ द्वारा एक पत्र मिला. जिसने कुछ बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया था लेकिन समस्या दिन प्रति दिन बढ़ती ही जा रही है. जिसको लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है.

### स्वीपिंग मशीन के चालक को भाजपाइयों ने किया सम्मानित

**झरिया।** विधायक रागिनी सिंह के निर्देश पर सोमवार को सुबह भाजपा नेताओं ने स्वीपिंग मशीन से चल रही सफाई कार्य का निरीक्षण किया. सफाई होता देख भाजपाइयों ने मशीन के चालक को गुलाब का फूल देकर उनका अभिवादन किया. जिला मंत्री राजकिशोर जेना ने कहा कि विधायक रागिनी सिंह के निर्देश पर सफाई काम देखने के लिए आए हैं. यहां कैसे लोगों को सुविधा मिले, इस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है. आम जनता असुविधा दूर करने एवं प्रदूषण से निजात दिलाने का प्रयास किया जा रहा है. प्रदूषण की समस्या सामने ना आए इसलिए वैकल्पिक व्यवस्था के लिए विधायक रागिनी सिंह उच्च स्तर पर वार्ता चल रही है. प्रदेश मीडिया प्रभारी बप्पी बाउरी ने कहा कि यहां प्रदूषण की घोर समस्या है. जिससे आम जनता बेहद परेशान हैं. विधायक रागिनी सिंह इस दिशा में पहल कर रही हैं. जल्द ही इस समस्या का समाधान हो जाएगा. बीसीसीएल से पौधारोपण और पौधों की सुरक्षा पर भी वार्ता चल रही है. इस दौरान मंडल अध्यक्ष तरुण राय, महामंत्री संतोष रवानी, उपाध्यक्ष रामदेव शर्मा, राहुल गुप्ता, जनता मजदूर संघ के रंजीत सिंह, दिनेश रवानी, उपेंद्र सिंह, सतीश सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष राहुल गुप्ता, पंकज पासवान, आजाद गोप उपस्थित थे.

### श्रीमद् भागवत गीता के पांचवें अध्याय का गीता पाठ प्रतियोगिता संपन्न

# गीता ज्ञान की जननी है : आचार्य

संवाददाता। बोकारो



भोजपुर कॉलोनी शिव मंडप में चिन्मय मिशन चास द्वारा आयोजित नगर स्तरीय गीता गायन प्रतियोगिता का समापन हुआ. उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि सत्यभामा त्रिपाठी एवं समापन समारोह की मुख्य अतिथि चिन्मय मिशन बोकारो की आचार्य स्वामिनी संयुक्तानंद थी . ज्ञात हो कि चास के विभिन्न स्कूलों के हजारों बच्चों ने गीता गायन प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें नगर स्तर की प्रतियोगिता संपन्न हुई. कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने चिन्मय मिशन चास के सदस्य एवं अन्य लोगों की महती भूमिका रही. प्रमुख रूप से मिशन के सचिव बृजभूषण त्रिपाठी, परमेंद्र नारायण मिश्र, देवेश त्रिपाठी शिव, मंडप के संचालक राजेश पांडे परीक्षित, नरेंद्र कुमार राय, राजेश रोशन, संदीप कुमार तिवारी, प्रतियोगिता के संयोजक राजू कुमार पांडे, पंकज कुमार मिश्रा एवं युवा केंद्र के सदस्य थे. कार्यक्रम का संचालन कन्हैया कुमार ने किया. प्रतियोगिता के निर्णायक की भूमिका में संस्कृत प्रचार परिषद के सदस्यों की महती भूमिका रही. जिसके लिए चिन्मय मिशन चास उनका आभार प्रकट किया. कार्यक्रम को स्वामी राघवानंद एवं स्वामिनी संयुक्त आनंद, शशिकांत पांडे अधिवक्ता रांची उच्च न्यायालय संयुक्त रूप से संबोधित किया एवं बच्चों को श्रीमद् भागवत गीता के महत्व के बारे में बताया. उन्होंने कहा कि गीता ज्ञान की जननी है. गीता हमारे जीवन का मार्गदर्शक है. नित्य दिन गीता पाठ से सभी का जीवन अनुशासित हो जाता है. इस प्रतियोगिता में कुल 6 ग्रुप बनाए गए थे एवं प्रत्येक रूप में प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कारों के साथ पांच-पांच सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए. जिसमें ग्रुप ए से प्रथम-नितेश कुमार, प्रेप, क्रिसेंट पब्लिक स्कूल, चास, द्वितीय-प्रिशा, प्रेप, क्रिसेंट पब्लिक स्कूल, पिंदरजोरा, तृतीय-ईशान प्रताप, प्रेप, क्रिसेंट पब्लिक स्कूल, चास, ग्रुप बी से प्रथम-श्रेयसी, कक्षा 2, क्रिसेंट पब्लिक स्कूल, चास, द्वितीय-श्रेया, उपमन्यु बाल विहार, चास, तृतीय-अदिति कुमारी, कक्षा 1, क्रिसेंट पब्लिक स्कूल, चास, ग्रुप सी से प्रथम-अस्तुरन कुमारी, कक्षा 4, नवजीवन अकादेमी, चास, द्वितीय-स्नेहा कुमारी, कक्षा 3, एकलव्य इंटरनेशनल स्कूल, चास, तृतीय-आकृति कुमारी, कक्षा 4, क्रिसेंट पब्लिक स्कूल, चास, ग्रुप डी से प्रथम-आयार्क सिंह तोमर, कक्षा 5, एस वी एन, चास, द्वितीय-रघुवीर राज, कक्षा 6, क्रिसेंट पब्लिक स्कूल, चास, तृतीय-नेहा कुमारी, कक्षा 6, नवजीवन अकादमी, चास, ग्रुप ई से प्रथम- अंजली, कक्षा 7, एसवीएन, चास द्वितीय-स्मृति कुमारी, कक्षा 9, एआरएस, चास, तृतीय-आदित्य राज सिंह, कक्षा 9, एसवीएन, चास, ग्रुप एफ से प्रथम-संगीता कुमारी, कक्षा 12, रैनबो पब्लिक स्कूल, चास, द्वितीय-आलोक दुबे, कक्षा 11, एवीएम, चास, तृतीय-कुमारी अनुष्का, कक्षा 10, क्रिसेंट पब्लिक स्कूल, चास शामिल है.

# 'सहकार से समृद्धि' ग्रामीण विकास की अहम बुनियाद : डीजीएम प्रफुल

संवाददाता। गिरिडीह



नाबार्ड झारखंड क्षेत्रीय कार्यालय ने पैक्स के लिए, एक दिवसीय क्लस्टर कार्यशाला का आयोजन किया. कार्यशाला में गिरिडीह, कोडरमा, हजारीबाग, धनबाद और बोकारो के लगभग 80 पैक्स ने भाग लिया. कार्यशाला का उद्घाटन नाबार्ड के डीडीएम प्रफुल रंजन झा ने किया. उन्होंने सहकारी समितियों की बेहतरी के लिए भारत सरकार, सहकारिता मंत्रालय द्वारा किए जा रहे विभिन्न पहलों से पैक्स को अवगत कराया. उन्होंने पैक्स की व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए नए मॉडल उपनियमों के आलोक में पैक्स के साथ व्यवसाय विकास योजना पर भी चर्चा की. कार्यशाला के दौरान गिरिडीह के डीडीएम आशुतोष प्रकाश ने पैक्स के लिए विभिन्न केंद्रीय और नाबार्ड योजनाओं की जानकारी दी और जिला सहकारिता पदाधिकारी अश्विनी ओझा ने राज्य सरकार की विभिन्न पहलों पर प्रकाश डाला. पीडब्ल्यूसी सलाहकार द्वारा भारत सरकार की कम्प्यूटरीकरण योजना के तहत पैक्स को ई-पैक्स में बदलने के लिए, एक विशेष सत्र भी लिया गया. झारखंड मिल्क फ़ेडरेशन के कौशलेन्द्र ने समितियों को डेरी क्षेत्र में जुड़ने संबंधित जानकारी दी एवं विस्तृत सर्वे फ़ारमेट भी साझा किया. कार्यक्रम में धनबाद के डीडीएम रवि लोहानी, कोडरमा के डीडीएम मोज़म्मिल हुसैन, हजारीबाग़ के डीडीएम (अतिरिक्त प्रभार) मृत्युंजय बख्शी भी उपस्थित थे.

## ब्रीफ खबरें

### घर के बरामदा से बाइक चोरी

**गावां (गिरिडीह).** गावां थाना क्षेत्र के माल्डा निवासी गुड्डू कुमार के घर के बाहर बरामदा में रविवार की शाम बाइक खड़ा किया था. जिसे अज्ञात चोरों ने रात करीब 8:30 बजे चोरी कर ली. मामले को लेकर वाहन मालिक गुड्डू कुमार, पिता ईश्वरी लाल बरनवाल ने पुलिस को आवेदन देकर बाइक बरामदगी की गुहार लगाई है. उन्होंने बताया कि स्प्लेंडर प्लस बाइक प्रत्येक दिन की तरह रविवार शाम को भी घर के बरामदे में खड़ा किये थे. अहले सुबह लगभग 3 सुबह उठे तो काफी खोजबीन किये, लेकिन बाइक का कोई अता पता नहीं चल सका. वहीं क्षेत्र में चोरी की घटना को लेकर लोग नाराज हैं. चोरों की गिरफ्तारी नहीं होने के कारण चोरों का मनोबल बढ़ता जा रहा है.

### मनरेगा जनसुनवाई में लगा जुर्माना

**गावां (गिरिडीह)।** गावां प्रखंड के सेरुआ, अमतरो, बिरने, मंझने, खरसान, बादीडीह, गावां व जमडार समेत सभी पंचायतों में मनरेगा जनसुनवाई का आयोजन किया गया. जिसमें काफी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए. जनसुनवाई में अंकेक्षण की टीम मौजूद रही. इस बीच नियुक्त ज्यूरी मेंबर ने कई योजनाओं में त्रुटि पाए जाने पर जुर्माना लगाया. सेरुआ, अमतरो समेत कुछ पंचायतों में मनरेगा के तहत पूर्ण किए गए योजनाओं में शिलापट्ट, बोर्ड आदि लगा हुआ नहीं पाया गया. जिसे तत्काल लगाने का निर्देश दिया गया. कुछ पंचायतों में गाइडलाइन के अनुरूप कार्य नहीं पाया गया. जिसे तत्काल सुधार करते हुए पूरा करने का निर्देश दिया गया.

### तीन ट्रैक्टर से बैट्री चोरी

**गावां (गिरिडीह)।** गावां प्रखंड के पिहरा पश्चिमी पंचायत के खेरड़ा गांव से तीन किसान के ट्रैक्टर से बीती रात अज्ञात चोरों ने बॉक्स को तोड़कर बैटरी की चोरी कर ली. इस बाबत वाहन मालिक रामु महतो, सुरेश साव व सकलदेव प्रसाद यादव ने बताया कि उनका ट्रैक्टर घर के बाहर खड़ा था. लेकिन रविवार की रात्रि में अज्ञात चोरों के द्वारा ट्रैक्टर में लगे बॉक्स का ताला तोड़कर उससे बैटरी की चोरी कर ली गई. वाहन मालिकों ने बताया कि इधर कुछ दिनों से चोरी की घटनाओं में वृद्धि हुई है. अज्ञात चोर आए दिन गांव तथा अगल-बगल में छोटी-बड़ी घटना को अंजाम दे रहे हैं. इधर थाना प्रभारी महेश चंद्र ने बताया कि ट्रैक्टर से बैट्री चोरी का कोई आवेदन नहीं आया है. क्षेत्र में चोरी को लेकर पुलिस प्रशासन लगातार गश्ती कर रही है. बहुत जल्द चोरों को पकड़ कर जेल भेजने का काम करेंगे.

### ऑनलाइन वित्तीय कल्याण सत्र का आयोजन

**देवघर।** रमा देवी बाजला महिला महाविद्यालय, देवघर में महाविद्यालय के छात्राओं के लिए नोवईस लर्निंग एकेडेमी के द्वारा दिल्ली से एक ऑनलाइन वित्तीय कल्याण सत्र जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस सत्र में छात्राओं को वित्तीय जानकारी प्रदान की गई, ताकि वे अपनी वित्तीय स्थिति को बेहतर ढंग से समझ सकें और अपने वित्तीय जीवन को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बना सकें. इस वेबिनार के अध्यक्ष प्राचार्या डॉ. सूचिता कुमारी थीं, जबकि मुख्य वक्ता मिस्टर प्रतियूष भास्कर, सेबी स्मार्ट ट्रेनर और फिनेंसियल एडूकेटर थे. उन्होंने वित्तीय प्रबंधन, बचत, निवेश, कर्ज का प्रबंधन, और रिटायरमेंट प्लानिंग जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की. इस वेबिनार में लगभग 1000 छात्राओं ने पंजीकरण किया और 250 छात्राओं ने जूम ऐप पर जुड़ीं. तकनीकी कारणों से बाकी लोग नहीं जुड़ पाए.

### देशव्यापी आह्वान पर संयुक्त किसान मोर्चा ने गिरिडीह में निकाला प्रतिवाद मार्च

# मोदी सरकार किसान विरोधी : यादव

संवाददाता। गिरिडीह




संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के देशव्यापी आह्वान पर सोमवार को गिरिडीह में कई किसान संगठनों ने संयुक्त रूप से प्रतिवाद कार्यक्रम आयोजित किया. मुख्य रूप से माले समर्थित अखिल भारतीय किसान महासभा तथा फॉरवर्ड ब्लॉक समर्थित ऑल इंडिया अग्रगामी किसान सभा से जुड़े लोगों ने एसकेएम के बैनर तले पहले झंडा मैदान गिरिडीह में धरना दिया और फिर वहां से अंबेडकर चौक होते हुए टावर चौक तक प्रतिवाद मार्च निकाल कर मोदी सरकार की किसान विरोधी नीतियों का विरोध किया. बाद में महामहिम राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त गिरिडीह के माध्यम से मांग पत्र भी प्रेषित किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता पूरन महतो तथा संचालन अशोक पासवान ने किया. अपने संबोधन में पूर्व विधायक सह अखिल भारतीय किसान महासभा के केंद्रीय नेता राजकुमार यादव ने कहा कि मोदी सरकार किसान विरोधी है. केंद्र ने वादा करके भी किसानों के लिए एमएसपी कानून नहीं बनाया. अब आंदोलनकारी किसानों के दमन पर उतर चुकी है. सरकार कृषि उत्पादों का सरकारी बाजार खत्म करने पर तुली है. किसान सरकार की साजिश समझ रहे हैं, वे पीछे हटने वाले नहीं हैं. सरकार को उनकी मांगें माननी ही होगी, नहीं तो बड़ा आंदोलन शुरू होगा. इसके किए एकजुट होकर लड़ाई शुरू करनी होगी. पूर्व जिप सदस्य सह ऑल इंडिया अग्रगामी किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि मोदी सरकार का किसान विरोधी चेहरा अब किसी से छिपा नहीं रह गया है. सरकार ने एमएसपी कानून नहीं बनाकर किसानों के साथ सीधा धोखा दिया है. इसके बिना किसानों का भला नहीं हो सकता. उन्होंने झारखंड में गैर मजरूआ भूमि की रसीद काटने की गारंटी करने की भी मांग की. कहा कि झारखंड के किसान सस्ते में अनाज बेचकर बर्बाद हो रहे हैं. उनके खेत में सिंचाई भी नहीं है. श्री यादव ने किसानों से एकजुट होकर लड़ाई शुरू करने की अपील की. कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेश सिन्हा, विजय सिंह, मुस्तकीम अंसारी, शंभू ठाकुर, राजेंद्र मंडल, शिवनंदन यादव, रामलाल मंडल, मनोज यादव, रामकिशुन यादव, अरुण वर्मा, प्रदीप यादव, शंभू तुरी, ठाकुर मंडल, राजेश कोल, सदानंद स्वर्णकार, प्रदीप महतो, शंकर पांडे, नागेश्वर महतो, खेमलाल महतो, झारखंडी महतो, रोहित यादव, साहेब यादव, जीतन ठाकुर, महेंद्र साव, सुखदेव गोस्वामी, फोदार सिंह, नुनुबाबू सिंह सहित अन्य मौजूद थे.

### संयुक्त किसान मोर्चा ने गृहमंत्री का पुतला जलाया



**तलगड़िया।** संविधान के निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर को लेकर अपत्तिजनक टिप्पणी करने के आक्रोश में बिनोद चौक बिजुलिया में अमित शाह का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया. मोर्चा के चन्दनकियारी संयोजक सह पूर्व प्रत्याशी जगन्नाथ रजवार ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह ने दलित, वंचितों और अन्य उपेक्षित लोगों के आत्म सम्मान और मानवाधिकारों के लिए अतिमानवीय और कल्याणकारी संविधान रूपी मूल पुस्तक के रचयिता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर भगवान के समान पूजनीय हैं. अमित शाह द्वारा उनका अनादर कर लोगों के दिलों को ठेस पहुंचाया. जिसका कड़ी निंदा करते हुए आमित शाह सार्वजनिक रुप से माफी मांगने का मांग. रजवार ने आगे बताया कि ग्रेटर नोएडा में देश के किसान आमरण अनशन में बैठे किसानों की मांगों सरकार किसानों कि मांगे अविलंब पुरी करें. किसान आन्दोलन के दौरान आन्दोनकारी किसानों के ऊपर किए गए मुकदमा वापस लें तथा किसानों व केन्द्र सरकार के बीच हुई समझौता को लागू करो. मौके पर राजु महतो, रुपेश कुमार महतो, राजु रजवार, सिमन्त रजक, मुकेश महतो, उमेश महतो, फनी रजक, राम विलास महतो, अर्जुन कुम्भकार आदि शामिल हुए.

### विद्युत आपूर्ति सुबह 9 से 3 तक रहेगी बाधित

**साहिबगंज।** विद्युत सहायक अभियंता विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल सत्यदेव कुमार साहिबगंज के द्वारा एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बेतौना शक्ति उप केंद्र में 24 दिसंबरलेकर 26 दिसम्बर 2024 दिन गुरुवार को जर्जर तार मरम्मत का कार्य किया जाएगा. इसलिए 11केवी, बेतौना, दहला फीडर का शट डाउन लिया जाएगा. जिस कारण 9 बजे से शाम 3:00 बजे तक दहला फिटर क्षेत्र अंतर्गत सभी गांव में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी.

### 'गुड गवर्नेंस वीक' को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला

**देवघर।** उपायुक्त विशाल सागर की अध्यक्षता में 'गुड गवर्नेंस वीक' को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस कार्यशाला में उपायुक्त ने जानकारी दी कि जिले में 19 से 24 दिसंबर तक चलने वाले 'गुड गवर्नेंस वीक' के तहत शत प्रतिशत सुयोग्य जनों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के साथ आम जनता की समस्याओं का त्वरित निदान किया जाएगा. उपायुक्त ने प्रखंड व पंचायत स्तर पर किए जा रहे कार्यों को लेकर प्रखंडा विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारियों को जमीनी स्तर पर कार्य करने का निर्देश दिया. उन्होंने यह भी कहा कि प्रखंड स्तर पर कैम्प का आयोजन किया जाएगा, जिसमें ग्रामवासियों को योजनाओं का लाभ उठाने के तरीके बताए जाएंगे.

इस कार्यशाला में उप विकास आयुक्त नवीन कुमार, नगर आयुक्त रोहित सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी मधुपुर राजीव कुमार, सिविल सर्जन डॉ. युगल किशोर चौधरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

## न्यूज अपडेट

### युवक ने बिजली पोल से लटक कर दी जान



**गांडेय ।** गांडेय थाना क्षेत्र के ईरचिट्ठा गांव में एक दिल दहलाने वाली घटना घटी. एक युवक ने सोमवार की दोपहर ग्यारह हजार वोल्ट के बिजली पोल से लटककर आत्महत्या कर ली. मृतक युवक की पहचान बेगाबाद थाना क्षेत्र के पेसरा टांड़ निवासी छोटे लाल मरांडी के पुत्र अनिल मरांडी के रूप में की गई है . अनिल अपनी पत्नी अनीता के साथ रविवार को गांडेय थाना क्षेत्र के मंडरडीह स्थित मनु किस्कू मामा के घर आए थे. उनकी शादी एक वर्ष पूर्व हुई थी. स्थानीय ग्रामीणों ने गांडेय थाने में घटना की सूचना दी, जिसके बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर गिरिडीह सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया. परिजनों को घटना की जानकारी मिलने के बाद वे रो-रोकर बुरा हाल हो गए. यह घटना पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैला दी है.

### रेल कर्मी का फांसी के फंदे से झूलता मिला शव

**बोकारो।** रेलवे डीजल कॉलोनी के क्वार्टर डीएस/II-121/सी में सोमवार सुबह रेल कर्मी अमर कुमार राय का शव फंदे से झूलता हुआ मिला. घटना की सूचना पर बालीडीह थाना पुलिस पहुंची और शव को फंदे से उतारा. घटना के बाद मृतक के स्वजनों को सूचित किया गया. रेल कर्मियों ने बताया कि रविवार को अमर कुमार राय की ड्यूटी ऑफ थी. सोमवार को 10 बजे तक ड्यूटी नहीं आने पर विभाग के एक कर्मी को उनका क्वार्टर भेजा गया. कर्मी जब उसको ढूंढने के लिए क्वार्टर आया तो देखा कि क्वार्टर का दरवाजा सटा हुआ था. कर्मी ने जब दरवाजा खोला तो कमरे में अमर कुमार राय का शव फंदे से झूलता मिला. मृतक पश्चिम बंगाल के हुगली अंतर्गत बंडेल का निवासी है, जो 2006 से बोकारो रेलवे में पोस्टेड थे. इससे पूर्व वे अनारा में पोस्टेड थे. वे अपने क्वार्टर में अकेले रहा करते थे. जबकि पत्नी और एकलौती बेटी हुगली में रहती है. मृतक बोकारो रेलवे टीआरएस विभाग में एसएसई (सीनियर सेक्शन इंजीनियर) के पद पर कार्यरत थे. घटना की सूचना के बाद मृतक का भांजा हुगली से बोकारो के लिए रवाना हो चुका है. वहीं, प्रशासन कागजी कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम करने में जुट गई है.

### अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट विस में उठाने के लिए टुंडी विधायक से की मांग

**बोकारो।** टुंडी विधानसभा क्षेत्र के विधायक व मुख्य सचेतक मथुरा प्रसाद महतो से बोकारो के अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को मिलकर उनसे झारखंड में अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट विधानसभा में लाने की मांग की. इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने आए दिन अधिवक्ताओं पर हो रहे हमले से बचाव के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट विधान सभा से पास करवाने की मांग की. अधिवक्ता लालटू चरण महतो ने जनहित में चंद्रपुरा, दुगदा, जरीडीह को बोकारो कोर्ट के क्षेत्राधिकार में जोड़ने की मांग की. अतुल कुमार ने अधिवक्ताओं के लिए दिल्ली के तर्ज पर इंश्योरेंस पॉलिसी लाने में पहल करने की बात कही. विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने अधिवक्ताओं को भरोसा दिलाया कि यह सरकार अधिवक्ताहित के मामले में पहले भी कार्य किया है और आगे भी करेगा. उन्होंने कहा कि उनकी मांग को विधान सभा के पटल पर रखेंगे और जल्द लागू करवाने का प्रयास करेंगे. इस अवसर पर सोमनाथ महतो, शंकर कुमार महतो, लालटू चरण महतो, शिव नाथ महतो,दिनेश घोषाल, इंद्रनील चैटर्जी, सुभाष चक्रवर्ती,संजीत महतो समेत सैकड़ो अधिवक्ता मौजूद थे.

### बोकारो चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज तीन दिवसीय कैंप करेगा आयोजित

**बोकारो ।** बोकारो में व्यवसायियों की सुविधा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है. बोकारो चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने चास नगर निगम के साथ मिलकर एक तीन दिवसीय कैंप का आयोजन करने का निर्णय लिया है. इस कैंप में, नगर निगम के अधिकारी व्यवसायियों को ट्रेड लाइसेंस बनाने में मदद करेंगे. चेंबर अध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा कि यह कैंप व्यवसायियों की सुविधा और उनकी परेशानियों को दूर करने के लिए आयोजित किया जा रहा है. चेंबर के संरक्षक संजय बैद ने कहा कि यह कैंप व्यवसायियों को मानसिक परेशानियों से निजात दिलाने के लिए आयोजित किया गया है. नगर निगम की सिटी मैनेजर सुश्री फरहत अनीसी ने बताया कि झारखंड म्युनिसिपल एक्ट 2011 के सेक्सन 455 के अनुसार, निगम क्षेत्र में व्यवसाय करने वाले प्रत्येक व्यवसायी को ट्रेड लाइसेंस लेना आवश्यक है. उन्होंने यह भी बताया कि समय पर ट्रेड लाइसेंस नहीं बनवाने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा.इस कैंप में व्यवसायियों को आधार कार्ड, पैन कार्ड, बिजली बिल और होल्डिंग रसीद लेकर आना होगा. यह कैंप व्यवसायियों की सुविधा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे उन्हें अपने व्यवसाय को सुचारु रूप से चलाने में मदद मिलेगी.

### अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल चौथे दिन भी जारी

**गोड्डा।** गोड्डा जिला के लिए चौकीदार पद पर हो रहे बहाली में धांधली बरतने का आरोप लगाते हुए इसको रद्द करने की मांग को डटे अभ्यर्थियों की भूख हड़ताल चौथे दिन भी जारी रहा. इस बीच अनिश्चित भूख हड़ताल कर रहे पर छात्र-छात्राओं की स्थिति बिगड़ती जा रही है. सोमवार को इन हड़ताली छात्रों से मिलने के लिए स्थानीय राजद विधायक सह प्रदेश के श्रम मंत्री संजय यादव के पुत्र रजनीश यादव पहुंचे. इन्होंने हड़ताल कर रहे अभ्यर्थियों से बातचीत कर हड़ताल को तोड़ने की अपील किया. खासकर महिला अभ्यर्थियों से अनुरोध किया कि उनकी मांगों को सरकार के समक्ष रखा जाएगा, तबतक के लिए आंदोलन को स्थगित कर दें लेकिन छात्राओं ने अपनी हड़ताल को तोड़ने से इनकार करते हुए कहा कि भले ही इस सर्द रात ने ठंड से ठिठुर कर जान चली जाए वो मंजूर है लेकिन बहाली रद्द होने की मांग पूरी होने तक हड़ताल से वापस लौटने का सवाल ही नहीं उठता है. इधर कमिश्नर दुमका के आदेश पर दुमका जिला के लिए चौकीदार बहाली को लेकर निकाले गए विज्ञापन को रद्द कर दिया गया है.

### वेदांता ईएसएल ने मनाया किसान दिवस

**बोकारो।** वेदांता ईएसएल, नाबार्ड और ग्रामीण सेवा संघ ने मिलकर किसान दिवस मनाया और आदिवासी किसानों को सशक्त बनाने के लिए सिंचाई दक्षता पर जोर दिया. इस अवसर पर, परियोजना वाडी के तहत अत्याधुनिक ड्रिप सिंचाई सुविधाओं का उद्घाटन किया गया, जो बोकारो जिले के 8 गांवों में 500 आदिवासी किसान परिवारों को लाभान्वित करेगा. प्रोजेक्ट वाडी ईएसएल स्टील लिमिटेड की प्रमुख सतत कृषि परियोजना है, जिसका उद्देश्य आदिवासी और महिला किसानों को सतत कृषि और लिंग समावेशन को लागू करने में मदद करना है. इस परियोजना के तहत, 450 एकड़ बंजर भूमि को खेती योग्य भूमि में परिवर्तित किया गया है, जिससे किसानों को पूरे मौसम में आय सृजन हो रहा है. किसान दिवस समारोह में ईएसएल स्टील लिमिटेड के सीएसआर प्रमुख कुणाल दरिपा ने कहा, ₹हम किसानों को अभिनव और टिकाऊ कृषि समाधानों के साथ सशक्त बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की गर्व से पुष्टि करते हैं.

### स्वामी श्रद्धानंद जी का बलिदान दिवस समारोह संपन्न

संवाददाता। कथारा

कथारा - डी ए वी पब्लिक स्कूल सीसीएल कथारा में 23 दिसंबर 2024 को स्वामी श्रद्धानंद जी का बलिदान दिवस धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर प्रातः कालीन सभा में स्वामी श्रद्धानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्जित कर श्रद्धांजलि दी गई. प्रभारी पंकज कुमार ने विचार व्यक्त करते हुए स्वामी श्रद्धानंद जी की जीवनी पर प्रकाश डाला. उन्होंने बताया कि स्वामी श्रद्धानंद जी एक महान स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक थे. उन्होंने देश की आजादी के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था. वर्ग नवमी की छात्रा अदिति कुमारी ने स्वामी श्रद्धानंद जी के जीवन के बारे में विस्तार से बताया. उन्होंने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद जी ने अपने जीवनकाल में कई सामाजिक और धार्मिक सुधार किए थे. नवम ड का छात्र सोहन विश्वास ने स्वामी जी के जीवन पर आधारित एक भजन प्रस्तुत किया. कार्यक्रम का संचालन ११वीं विज्ञान की छात्रा मान्या ने किया. इस अवसर पर सीसीएल कॉर्डिनेटर बी के दसौंधी, वरिष्ठ शिक्षक नागेन्द्र प्रसाद, असित कुमार गोस्वामी, जितेंद्र दुबे, रंजीत कुमार सिंह, शर्मिला ठाकुर, रेखा कुमारी, धर्म गुरु टी एम पाठक, अरविंद क्षा, संजय कुमार सिंह, मंतोष कुमार, शैलेंद्र कुमार, बिना कुमारी, आराधाना सिंह, रितेश कुमार, अतुल सिंहा, संजय महतो, जय प्रकाश गिरी, आलोक कुमार सिंह, नीरज सिन्हा, सुधांशु यादव, विमलेश कुमार, अमरनाथ यादव, राहुल कुमार, शिव प्रकाश सिंह, विजय वर्मा, शुभम कुमार, सुमन पाण्डे, चंचल कुमार सहित सभी कर्मचारी उपस्थित थे.

# डॉ रत्नप्पा के बताए रास्ते पर चलना जरूरी : प्रकाश कुमार

संवाददाता। कसमार (बोकारो)



झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ ने सोमवार को कसमार प्रखंड के मंजूरा स्थित प्रजापति टोला में पद्मश्री से सम्मानित स्वतंत्रता सेनानी एवं भारतीय संविधान निर्माण सभा के सदस्य रहे डॉ रत्नप्पा भरमप्पा कुम्भार की पुण्यतिथि मनाई गई. इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने डॉ रत्नप्पा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों को आत्मसात करने व उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया. झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ की मंजूरा ग्राम कमेटी के अध्यक्ष प्रकाश कुमार ने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर राष्ट्रहित में डॉ रत्नप्पा के विभिन्न अवदानों की चर्चा करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने की जरूरत बताई. उन्होंने कहा कि डॉ रत्नप्पा कुम्भार का व्यक्तित्व और कृतित्व अत्यंत प्रभावशाली रहा है. भारत की सर्वाधिक श्रमजीवी जातियों में से एक कुम्हार जाति के लिए यह गौरव की बात है कि डॉ रत्नप्पा उसके पूर्वज थे, जिन्होंने देश और समाज के लिए इतना काम किया है. वे न सिर्फ जनता की बेहतरी और आज़ादी के लिए कोल्हापुर रियासत से लड़े, बल्कि राष्ट्रीय मुक्ति आंदोलन में भी उनका बहुत अधिक योगदान है. डॉ रत्नप्पा ने समाज सुधार और सामाजिक उत्थान के लिए दर्जनों संस्थाओं का गठन किया. स्कूल, कॉलेज और बैंक के अलावा अनेक सहकारी समितियों की स्थापना भी की. वे अपनी राजनीतिक भूमिका में भी बहुत प्रखरता से समाज के लिए सक्रिय रहे. उनके सिद्धांतों को अपनाकर ही कुम्हार वर्ग का सामाजिक व राजनीतिक सशक्तिकरण संभव है.


# जैन पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद महोत्सव



संवाददाता। बोकारो

जैन पब्लिक स्कूल सेक्टर-2 में वार्षिक खेलकूद महोत्सव का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ. इस अवसर पर ओएनजीसी के अधिशासी निदेशक, डॉ ऐसेट प्रबंधक आदित्य कुमार जौहरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे. उन्होंने गुब्बारों का गुच्छा उड़ा कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया और बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद से जीत का जज्बा आता है और यह हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है. कार्यक्रम में जैन मिलन के अध्यक्ष संजय वैद, सचिव आलोक जैन, और स्कूल के प्रभारी प्राचार्य मृत्युंजय सहाय ने भी अपने विचार साझा किए. उन्होंने बताया कि खेलकूद से शारीरिक एवं मानसिक विकास संभव है, और यह हमें टीम भावना एवं सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान करता है. इस अवसर पर ऋषि जायसवाल को स्कूल कैप्टन और तन्नु कुमारी को वाइस कैप्टन नियुक्त किया गया. संयम हाउस ओवर ऑल विजेता रहा और सत्य हाउस उपविजेता रहा. विजेताओं को आदित्य जौहरी, संजय बैद, आलोक जैन, विपुल मेहता, और अन्य अतिथियों ने पुरस्कृत किया. खेलकूद समारोह को सफल बनाने में स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं की अहम भूमिका रही.

### डीएवी सेक्टर-6 में डीएवी ओलम्पियाड परीक्षा संपन्न



**बोकारो।** डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 बोकारो में डीएवी ओलम्पियाड परीक्षा का आयोजन किया गया. इस अवसर पर विद्यार्थियों ने बहुत उत्साह से भाग लिया. इस प्रतियोगिता में कक्षा छठी से लेकर कक्षा बारहवीं के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. इस तरह की प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेने से विद्यार्थियों में शैक्षणिक विकास के साथ-साथ बौद्धिक विकास भी होता है. इस प्रतियोगिता में 132 विद्यार्थियों ने भाग लिया. इसमें कक्षा आठवीं के लिए विषय विज्ञान, गणित व अंग्रेजी, नवमी कक्षा के लिए विषय गणित व विज्ञान, तथा ग्यारहवीं बारहवीं का गणित, आई.सी.टी 1 और 2 कक्षा पाँचवी से बारहवीं तक के लिए निर्धारित था. इस ओलम्पियाड परीक्षा को सम्पन्न कराने में कम्प्यूटर शिक्षिका किरण सिंह व तकनीकि विशेषज्ञ श्याम भूषण श्रीवास्तव का महत्वपूर्ण योगदान रहा.

# चोरी-लूट-छिनतई करने वाले पांच अपराधी पकड़ाए, 4 बाइक बरामद

## न्यू खुशबू अलंकार ज्वेलर्स दुकान से चोरी गए जेवरात भी बरामद

संवाददाता। धनबाद

धनबाद पुलिस ने चोरी, छिनतई, लूट जैसे कई मामलों का उद्भेदन करते हुए पांच अपराधियों को दबोचा है. इनमें पास से पुलिस ने चार बाइक भी बरामद की है. मामले को लेकर पुलिस उपाधीक्षक नौशाद आलम ने सोमवार को सरायढेला थाना में बताया कि सरायढेला थाना में दर्ज लूट, चोरी छिनतई के कांडों का उद्भेदन हुआ है. न्यू खुशबू अलंकार ज्वेलर्स दुकान से चोरी की गई भारी मात्रा में चांदी के जेवर,प्लाई संसार फर्नीचर दुकान से चोरी की गई सीसीटीवी कैमरा का डीवीआर एवं हीरापुर निवासी से लूटी गई बुलेट तथा हाउसिंग



कॉलोनी निवासी रोशन गुप्ता से लूटी गई लाल रंग की टीवीएस विक्टर मोटरसाइकिल सहित अन्य दो बाइक को बरामद की गई है. घटना में प्रयुक्त एक लोहे का मोटा रॉड भी बरामद किया गया है.

### यह हुआ बरामद

चांदी का लोटा तीन पीस, सिंदूर रखने वाला 03 पीस, कसैली 20 पीस, पायल एक जोड़ी, मछली चार पीस, चम्मच सात पीस, रिंग छह पीस, बाला आठ जोड़ा, गले का चीक दो पीस, पेन एक पीस, कजरौटा तीन पीस, मूर्ति 6, ब्रासलेट तीन, चूड़ी तीन, बिछिया पांच जोड़ा, कटोरा आठ पीस, दो ग्लास, तीन रिंग, माहुली 31, पान का पत्ता आठ, ताबीज 11, चेन एक, चंद्रमा 10, लॉकेट एक, प्लेन सिक्का एक, जितिया चार, सिंहासन एक, सजावट की मूर्ति एक, प्लेट पांच, घुंघरू 30 ग्राम, अन्य चांदी के सामान 20 ग्राम के अलावा अन्य सामान पुलिस ने बरामद किया है.

### प्लाई दुकान से चुराये 1.20 लाख रुपये से चोरों ने खरीदा

**पलंग व मोबाइल :** गिरफ्तार शेखर व राजीव पासवान ने पुलिस को बताया कि एक सप्ताह पहले सरायढेला स्थित प्लाई संसार नामक दुकान से एक लाख बीस हजार रुपये चोरी की थी. दुकान का सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर लोहारकुल्ही तालाब के पास फेंक दिया था. पुलिस ने डीवीआर को बरामद कर लिया है. शेखर ने पुलिस को बताया कि दुकान से चुराये 1.20 लाख रुपया दोनों ने 60-60 हजार रुपये आपस में बांट लिया था. राजीव ने उस पैसे से एक पलंग खरीदा तथा 20 हजार रुपये अपने भाई को दिया था. वहीं शेखर ने उस पैसे से एक मोबाइल खरीदा था, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है.

# रेलवे ठीकेदार से दीप नारायण ने मांगी पांच लाख की रंगदारी

- रेलवे ठीकेदार के प्रोजेक्ट मैनेजर ने तोपचांची थाने में की लिखित शिकायत
- दीपनारायण सिंह, पंकज सिंह, सूरज सिंह समेत अज्ञात लोगों के खिलाफ रंगदारी मामले में तोपचांची पुलिस कर रही जांच

संवाददाता। रांची



तोपचांचीः सोमवार शाम को तोपचांची थाना में कतरास थाना क्षेत्र के गोपालपुर निवासी यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीपनारायण सिंह, पंकज सिंह, सूरज सिंह समेत अज्ञात के खिलाफ रंगदारी की शिकायत की गई है. मामला एबीसीआई एससीपीएल एसआईपीएस कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर दीपक कुमार की शिकायत पर मामले की छानबीन में जुट गई है. दीपक कुमार ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि उनकी कंपनी को रेलवे के द्वारा डीएफसीसीएल लाइन का कार्य सौंपा गया है, जिसमें गोमो से प्रधानखंता तक मिट्टी कटिंग फिलिंग तथा पुलिया निर्माण का कार्य शामिल है. उन्होंने बताया है कि रविवार की दोपहर को पंकज सिंह और सूरज सिंह अज्ञात दस से बारह लोगों के साथ हरवे हथियार के साथ उनके मतारी के चल रहे कार्य स्थल पर आए और काम कर रहे कर्मचारियों तथा मजदूरों के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट किया और धमकी देते हुए कहा कि मतारी एरिया में काम करना है तो एक बार पांच लाख रुपये और हर महीने एक लाख रुपया रंगदारी देना होगा. .इधर तोपचांची थाना प्रभारी डोमन रजक ने बताया कि शिकायत के आधार पर उपरोक्त मामला दर्ज कर लिया गया है.

# अम्बेडकर का अपमान करने वाले अमित शाह इस्तीफा दें : राजेश ठाकुर

## भाजपा लोकतंत्र व संविधान में विश्वास नहीं रखती

संवाददाता। धनबाद

बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के अपमान के मुद्दे पर कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने अमित शाह के खिलाफ माफी और इस्तीफे की मांग की है. राजेश ठाकुर ने सोमवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में प्रेसवार्ता कर आरोप लगाया कि अमित शाह ने संविधान निर्माता के प्रति अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया, जो कि दलितों का भी अपमान है. ठाकुर ने यह भी आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लोकतंत्र और संविधान में विश्वास नहीं रखती है. पार्टी ने संसद में विपक्ष को बोलने का समय नहीं देने और संसद परिसर में धक्का-मुक्की की घटनाओं का हवाला दिया. आगे कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के अपमान के मुद्दे पर पार्टी अमित शाह के खिलाफ माफी और इस्तीफे की मांग करती है. उन्होंने कहा कि अमित शाह के बयान से




दलितों का अपमान हुआ है और यह संविधान के मूल्यों के विरुद्ध है. राजेश ठाकुर ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अमित शाह के बयान की निंदा करनी चाहिए और उन्हें अपने पद से इस्तीफा देने के लिए कहना चाहिए. इस मुद्दे पर कांग्रेस ने 24 दिसंबर को सभी जिला मुख्यालयों में बाबा साहेब अंबेडकर सम्मान मार्च निकालने का फैसला किया है. पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि यह मार्च बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के सम्मान में निकाला जाएगा और अमित शाह के बयान के खिलाफ विरोध प्रकट किया जाएगा. इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि पार्टी बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के सम्मान में हमेशा खड़ी रहेगी और उनके मूल्यों को बचाने के लिए संघर्ष करेगी. उन्होंने कहा कि अमित शाह के बयान से दलितों का अपमान हुआ है और यह संविधान के मूल्यों के विरुद्ध है.

### ऊपर बाजार दुर्गा मंदिर से निकली तुलसी कलश यात्रा

**गोविन्दपुर।** राधा कृष्ण सेवा ट्रस्ट एवं श्री श्री राधा कृष्ण प्रेम मंदिर के तत्वावधान में सोमवार को भव्य तुलसी कलश यात्रा ऊपर बाजार दुर्गा मंदिर से निकल गई. इसके साथ ही सात दिवसीय भागवत कथा की शुरुआत हुई. भागवत मर्मज्ञ सुरेंद्र हरिदास की अगुवाई में ऊपर बाजार दुर्गा मंदिर परिसर से निकली कलश यात्रा अग्रसेन भवन टुंडी रोड होते हुए खुड़िया नदी गोविंदपुर पहुंची. यहां कलश में जल भरकर महिलाएं एवं युवतियां टुंडी रोड विलेज रोड जीटी रोड होते हुए ऊपर बाजार मंदिर पहुंची. कथा स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश स्थापना की गई. यहां विभिन्न वैदिक अनुष्ठानों के बाद सुरेंद्र हरिदास महाराज ने कथा की शुरुआत की. कथा 30 दिसंबर तक प्रतिदिन दोपहर 2:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक चलेगी.

प्रमुख यजमान परिवार प्रदीप बंसल, कांता बंसल, संजय अग्रवाल व अनीता अग्रवाल सर पर भागवत लेकर चल रहे थे और उनके सहयोग में पूरे नगर वासी शामिल थे. 651 महिलाएं एवं कन्या सर पर तुलसी कलश लेकर चल रही थी इस दौरान धार्मिक नारो से माहौल गूंज उठा.

# अवैध लॉटरी कारोबार को लेकर बीच सड़क पर जमकर मारपीट

संवाददाता। धनबाद

झरिया के सुदामडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहन बाजार में सोमवार को अवैध लॉटरी के कारोबार को लेकर अवैध लॉटरी विक्रेता और मकान मालिक के पोते के बीच जमकर मारपीट हुई. बीच सड़क पर लात-घूंसे चले. स्थानीय लोगों द्वारा बीच बचाव कर दोनों को काफी समझाने की कोशिश की गई. लेकिन दोनो मानने को तैयार नहीं थे. घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने पास के सुदामडीह थाना को दी. सूचना मिलते ही सुदामडीह पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच पड़ताल में जुट गई. इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों ने पुलिस से अवैध लॉटरी कारोबार पर तुरंत रोक लगाने की मांग की है. उनका कहना है कि प्रशासन को सख्त कदम उठाए, ताकि मजदूर वर्ग को कोई आर्थिक नुकसान न हो.

मकान मालिक का पोता कंचन कुमार महथा ने बताया कि विनोद केसरी को दुकान किराए पर दिया गया था.





जिसमें वह केशरी पूजा भंडार के नाम से दुकान चला रहा था. एक सप्ताह पूर्व पता चला कि बिनोद पूजा दुकान की आड़ में अवैध लॉटरी का कारोबार करता है. इस सूचना पर जब बिनोद को मना करने दुकान पर गया तो विनोद भड़क गया और हमारे साथ हाथापाई करने लगा .जब हमारे साथियों ने बीच बचाव किया तो उसके साथ भी मारपीट की.

अवैध लॉटरी विक्रेता विनोद केशरी ने कहा कि मकान मालिक व उनके परिवार के बीच सम्पत्ति को लेकर विवाद चल रहा है. जिसे लेकर उनके परिजन मेरे भाई के साथ मारपीट कर छिनतई की घटना को अंजाम दिया है. इस दौरान बिनोद ने यह भी कहा कि रोजी रोजगर चलाने के लिए वह अवैध लॉटरी की बिक्री का धंधा करते है. फिलाहल सुदामडीह थाना में लिखित शिकायत दर्ज करा दी है. शिकायत के बाद पुलिस घटना की जांच में जुट गई है. बता दें कि झरिया के विभिन्न क्षेत्रों में लॉटरी का अवैध कारोबार लंबे समय से बेरोक-टोक चल रहा है. इस कारोबार के कारण गरीब मजदूरों को झांसा देकर कंगाल बना दिया जा रहा है.कई मजदूर अपने मेहनत की कमाई गंवा चुके हैं. जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश है. इस अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस द्वारा खानापूर्ति के लिए छापेमारी भी की गई है. लेकिन आज के इस घटना ने झरिया क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर प्रशासनिक नियंत्रण को लेकर फिर से सवाल खड़े कर दिए हैं.

## आसनसोल

# कुल्टी में भू-माफिया के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

संवाददाता। बराकर

कुल्टी में भूमाफियाओं के खिलाफ कांग्रेस पार्टी की ओर से बीएलआरओ कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया गया. इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने बीएलआरओ कार्यालय का गेट बंद कर विरोध प्रदर्शन किया और 10 सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा.

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि बीएलआरओ कार्यालय भू माफिया एवं दलालों के हाथ में है, जो नियामतपुर बैंक आफ इंडिया के समीप तालाब की खुलेआम भराई कर भू माफिया वहां अपना कब्जा कर बिल्डिंग का निर्माण करवा रहे हैं.

उन्होंने यह भी बताया कि नियामतपुर




कपिलेश्वर मंदिर कुल्टी सन्यासी स्थान एवं लक्षीपुर मौज में कई एकड़ वेस्टेड जमीन को अवैध रूप से रजिस्ट्रेशन करवा कर अवैध निर्माण किया जा रहा है. सीतारामपुर जोहरगढ़ शमशान की जमीन पर भूमाफियाओं ने अपना कब्जा कर उक्त जमीन पर चार दीवारी खड़ा कर दिया है.

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यदि अभी भी प्रशासन की ओर से इस पर कार्यवाही नहीं की गई तो कांग्रेस पार्टी की ओर से भू माफियाओं और अधिकारियों के मिली भगत के विरुद्ध जोरदार विरोध प्रदर्शन किया जाएगा.

बीएलआरओ कार्यालय के अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को भू माफिया के विरुद्ध कार्रवाई करने का आश्वासन दिया और कई को नोटिस दिया जा चुका है.

इस अवसर पर कांग्रेस के सुकांत दास, बाबू बनर्जी, इम्तियाज खान सहित कई अन्य कर्मी उपस्थित थे.

# तृणमूल कांग्रेस ने बाबा साहेब अंबेडकर के अपमान पर विरोध प्रदर्शन किया

संवाददाता। बराकर

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का अपमान करने के आरोप में गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया. यह प्रदर्शन पूरे राज्य में ब्लॉक स्तर पर आयोजित किया गया था. कुल्टी ब्लॉक में तृणमूल कांग्रेस की ओर से नियामतपुर में एक विरोध रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी के समर्थक शामिल हुए. रैली नियामतपुर तृणमूल कांग्रेस ऑफिस से शुरू होकर नियामतपुर मोड पर समाप्त हुई.

वहीं दूसरी ओर पुरुलिया ब्लॉक नंबर 2 में सोमवार को एक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता



सुजॉय बनर्जी और अन्य नेता शामिल हुए. रैली में बोलते हुए सुजॉय बनर्जी ने कहा कि अमित शाह की टिप्पणी ने सभी वर्ग के लोगों को शर्मसार किया है . उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देशानुसार हम अमित शाह की इस भद्दी टिप्पणी के विरोध में सड़कों पर उतरे हैं.

वहीं सालानपुर तृणमूल ब्लॉक की ओर से अल्लाहडीह मोड पर देश के गृहमंत्री अमित शाह के आपत्तिजनक बयान के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया. तृणमूल कांग्रेस ने अमित शाह पर देश के संविधान रचयिता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया है.

इस दौरान तृणमूल कांग्रेस सालानपुर ब्लॉक के अध्यक्ष मोहम्मद अरमान और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे. अरमान ने कहा कि अमित शाह की टिप्पणी निंदनीय है और इसकी जितनी निंदा की जाए, कम है.

### इनमोसा श्रमिक संगठन का धरना प्रदर्शन

# श्रमिकों की मांगों को लेकर विरोध



संवाददाता। बराकर

इनमोसा श्रमिक संगठन ने सोमवार को श्रमिकों के सात सूत्री मांगों को लेकर एक विशाल समावेश तैयार कर विरोध जुलूस के साथ सकतोड़िया ईसीएल मुख्यालय पर धरना दिया गया. यह धरना दो दिवसीय धरना प्रदर्शन की घोषणा के अनुरूप किया गया था, जिसमें 23 और 24 दिसंबर को धरना प्रदर्शन करने की बात कही गई थी. इस धरना कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रमिकों ने हाथों में तख्तियां लेकर भाग लिया और ईसीएल मुख्यालय पर धरना दिया. इस दौरान इनमोसा की ओर से मैनेजमेंट के सामने अपनी मांगें रखी गईं. प्रबंधन की ओर से बताया गया कि यह मामला कॉल इंडिया का विषय है, इसलिए श्रमिकों से कुछ दिन का समय देने का अनुरोध किया गया. इनमोसा के राष्ट्रीय महासचिव पी के मिश्रा ने इस आंदोलन में शामिल मुग्मा एरिया, शोध पुर एरिया, श्रमिक संगठन सहित स्थानीय कुल्टी प्रशासन को सहयोगिता के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया.

# सारा आर्ट स्कूल ने किया ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन

## पुरुलिया जिले के छात्र-छात्राओं ने दिखाया अपना हुनर

संवाददाता। पुरुलिया

पुरुलिया जिले में एक वार्षिक ड्राइंग प्रतियोगिता और पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 300 प्रतियोगी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया. यह कार्यक्रम सारा आर्ट स्कूल द्वारा आयोजित किया गया था और यह अपने 10वें वर्ष में प्रवेश कर गया है. कार्यक्रम का उद्घाटन भारत कला केंद्र के प्रोफेसर सुभाष दत्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया.

इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में रघुनाथपुर सब डिवीजन के एसडीपीओ रोहेद शेख, राजस्व उपायुक्त सोमा सेनापति, आद्रा केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य कपिल सगल उपस्थित थे. सारा आर्ट स्कूल के




निदेशक और प्रिंसिपल रोशन खान और सचिव पार्थ सारथी मोंडी भी उपस्थित थे.

प्रतियोगी छात्रों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र सौंपने के अलावा, जिले के प्रतिष्ठित पत्रकार कृष्णा सिंह सरदार को पुरुलिया जिले के सर्वश्रेष्ठ पत्रकार 2023-24 के रूप में सम्मानित किया गया.

भारत कला केंद्र के प्रोफेसर और परीक्षक सुभाष दत्त और सारा आर्ट स्कूल के निदेशक और प्रिंसिपल रोशन खान ने कहा, "हमारा एकमात्र लक्ष्य यह है कि पढ़ाई के अलावा छात्र-छात्राओं को ड्राइंग में भी समान रूप से कुशल बनाया जाए. हमारा मुख्य उद्देश्य यह है कि आज के युवा वर्ग को मोबाइल फोन की आदत से दूर रखकर ड्राइंग शिक्षा में पारंगत बनाया जाए. इसके अलावा, हमारा लक्ष्य यह भी है कि वे इस ड्राइंग शिक्षा को भविष्य में अपने करियर में स्थापित कर सकें.

### रुपनारायणपुर में बेकाबू गाड़ियों का आतंक, रेल कर्मचारी की मौत

रुपनारायणपुर । रुपनारायणपुर में बेकाबू गाड़ियों का आतंक बढ़ता जा रहा है, जिसका शिकार हुए रेल कर्मचारी वरुण दास की मौत हो गई. यह घटना रविवार की रात 9 बजे के आसपास हुई थी. वरुण दास चित्तरंजन रेल इंजन कारखाने में तकनीशियन के पद पर कार्यरत थे. वह अपने दोस्त प्रशांत दे के साथ संध्या भ्रमण के बाद चाय की दुकान से लौट रहे थे, तभी पीछे से तेज गति से आ रही एक कार ने उन्हें जोरदार धक्का मारा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए. इस घटना के बाद, स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि वे बेकाबू गाड़ियों को नियंत्रित करने के लिए कार्रवाई करें. स्थानीय निवासी और शिक्षक नेता अर्धेन्दु राय ने कहा कि प्रशासन को इस मामले में सख्त कार्रवाई करनी चाहिए. पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार



# पढ़ने के बाद जल्दी भूल जाता है आपका बच्चा? इस तरीके से हमेशा रहेगा याद

बच्चे खेल-कूद और शैतानी करने में हमेशा आगे रहते हैं। लेकिन जैसे ही उन्हें पढ़ाई करने को बोल दिया जाए तो एक से बढ़कर एक बहाने बनाना शुरू कर देते हैं। दरअसल, उन्हें, नई जीजें सीखने और उसे याद रखने में काफी परेशानी होती है। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं। अमूमन बच्चे पढ़ाई-लिखाई में रुचि नहीं रखते हैं, तो कुछ बच्चे ज्यादा जानकारी एक साथ एबजॉर्ब नहीं कर पाते हैं। बच्चों के इस समस्याओं के कारण स्कूल से काफी कंप्लेन भी पैरेंट्स को झेलने पड़ते हैं। ऐसे में, माता-पिता को बच्चे की स्टडी और फ्यूचर को लेकर काफी चिंता रहती है। लेकिन अब आपको ज्यादा परेशान होने की जरुरत नहीं। यहां ऑक्सफोर्ड की रिसर्च के अनुसार जानेंगे चाइल्ड की मेमरी पावर बढ़ाने का सही तरीका क्या है।

## पढ़ाई को बनाएं रोमांचक

ऑक्सफोर्ड की रिसर्च के अनुसार, अगर आपका बच्चा पढ़ा हुआ चीज जल्दी भूल जाता है, तो इसका सबसे अच्छा तरीका है कि उसकी स्टडी को इंटरेस्टिंग बनाएं। सिर्फ किताबे लेकर रटने से उन्हें कभी कुछ याद नहीं होगा। इसलिए आप कोशिश करें कि टॉपिक को किसे चीज से रिलेट करके उसे समझाएं। इससे लंबे समय तक पढ़ी हुई चीजें याद रहेगा।

## पढ़ाने में लें विजुअल का सहारा

बच्चे को अगर स्कूल में कुछ याद करने के लिए वर्क मिला है, तो पैरेंट्स की जिम्मेदारी होती है उसे पढ़ाना। ऐसे में बच्चे को लंबे समय तक टॉपिक याद रखने के लिए आप कुछ क्रिएटिव तरीके का हेल्प ले सकते हैं। दरअसल, ऑक्सफोर्ड रिसर्च के मुताबिक, बच्चों को वीडियो में देखी गई चीजें ज्यादा दिनों तक याद रहता है। इससे माइंड में वीडिओज रह जाती है और बच्चा इसे लंबे समय तक नहीं भूलता है।

## समझाने के बाद बच्चे को बनाएं टीचर

बच्चे को टॉपिक समझाने के बाद उन्हें टेस्ट करने के लिए टीचर बनने को कहें। रिसर्च के अनुसार, बच्चे अगर खुद उन टॉपिक्स के बारे में अपने शब्दों में समझाते हैं, तो समझ लीजिए उन्हें पढ़ा हुआ चीज याद हो गया है। खास बात यह है कि ऐसा करने से बच्चों का मेमोरी पावर भी बढ़ता है।

## छोटे-छोटे पार्ट्स में समझाएं

ऑक्सफोर्ड की रिसर्च के अनुसार, अगर स्टडी मैटेरियल बहुत ज्यादा लंबा है, तो उसे छोटे-छोटे पार्ट्स में बांट दें। बड़े वाक्य या टॉपिक को याद करने में बच्चों को परेशानी हो सकती है। ऐसे में बेहद जरुरी है कि अच्छे से लॉन्ग टर्म मेमोरी के लिए उन्हें शॉर्ट में समझाएं।





# क्रिसमस पर इन तरीकों से सजाएं अपना घर

**क्रिसमस के दिन हाउस पार्टी करने की प्लानिंग हैं तो अपने घर को एक खूबसूरत लुक दें। आप चाहें तो यहां बताए गए डेकोरेशन आइडियाज को देख सकती हैं।**



युवाओं के बीच क्रिसमस के त्योहार को लेकर काफी क्रेज देखने को मिलता है। इसकी मुख्य वजह एक ये भी है, इस दिन लोग पार्टी ऑर्गेनाइज करते हैं। इस दिन दोस्तों के संग पार्टी एन्जॉय करने का भरपूर मौका मिलता है, हालांकि, मौजूदा समय के देखते हुए लोग अब हाउस पार्टी ज्यादा करते हैं। बता दें कि घर पर चीजों को सही तरीके से अरेंज किया जाए तो हाउस पार्टी की रौनक बढ़ जाती है। इस साल भी आप क्रिसमस के लिए हाउस पार्टी करने की सोच रही हैं तो अपने घर को एक अलग लुक जरूर दें।

वहीं हाउस पार्टी में क्रिसमस की फील आए, इसके जरूरी है कि आप उसी अनुसार से घर की डेकोरेशन करें। बता दें कि सिर्फ क्रिसमस ट्री से ही घर की रौनक नहीं बढ़ाई जा सकती बल्कि इसके साथ आपको कई अलग-अलग आइडियाज फॉलो करने की आवश्यकता है। कुछ ऐसे आइडियाज यहां शेयर कर रहे हैं, जिसे देखते हुए आप भी अपने घर को एक खूबसूरत लुक दें सकती हैं। इस बार क्रिसमस हाउस पार्टी में कुछ अलग करना चाहती हैं तो पहले अपने घर को जरूर डेकोरेट करें।

## ग्लास लाइट का इस्तेमाल

इन दिनों घर को डेकोरेट करने के लिए ग्लास लाइट का इस्तेमाल खूब किया जा सकता है। इसे आप ना सिर्फ हाउस पार्टी में बल्कि फेस्टिव सीजन में भी घर की रौनक बढ़ाने के लिए इस्तेमाल कर सकती हैं। आजकल ग्लास लाइट में आपको कई वैरायटी मिल जाएंगे, लेकिन आप क्रिसमस के मौके के लिए लेना चाहती हैं तो व्हाइट या फिर रेड कलर के ग्लास लाइट का ही उपयोग करें। हालांकि, इसे इस्तेमाल करने से पहले यह डिसाइड करें कि आप घर के कौन सी जगह पर पार्टी करने वाली हैं। उसके बाद एक ऐसा कोना तय करें, जहां से ये लाइट्स अच्छी लग सकती हैं। ऊपर हैंग करते हुए इन लाइट्स को लगा लें।

## क्रिसमस ट्री को डेकोरेट करें

हाउस पार्टी में क्रिसमस ट्री को डिफरेंट लुक दें, ताकि यह घर की रौनक बढ़ाए। दरअसल, कई बार पार्टी के दौरान क्रिसमस ट्री को एक कोने पर रख दिया जाता है। ऐसा ना करें, बल्कि उसे रिबन, ऑर्नामेंट्स से डेकोरेट कर दें। कोशिश करें कि अपने दोस्तों के लिए छोटे-छोटे मैसेज नोट क्रिसमस ट्री पर लगा दें। यह आपकी हाउस पार्टी के लिए यूनिक हो सकता है। दरअसल, हाउस पार्टी में बुलाने वाले दोस्तों से कुछ कहना चाहती हैं तो यह तरीका बेस्ट है।

## फेयरी लाइट्स का इस्तेमाल

फेयरी लाइट्स आम दिनों में भी कमरे को डेकोरेट करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। आप चाहें तो आर्टिफिशियल फ्लावर के साथ अटैच करते हुए फेयरी लाइट्स को घर के गैलरी या फिर बालकनी वाले हिस्से को डेकोरेट कर सकती हैं। दरअसल, पार्टी के दौरान कई लोग फोटो लेना पसंद करते हैं, ऐसे में घर का एक कोना ऐसा बनाएं, जो फोटो सेशन के लिए बेस्ट हो। उस जगह को आप फेयरी लाइट के अलावा अन्य कलर फुल लाइटों का भी इस्तेमाल कर डेकोरेट कर सकती हैं।

## डाइनिंग टेबल को दें पार्टी टच

हाउस पार्टी में खाने की व्यवस्था भी होती है, ऐसे में खाली टेबल की जगह उसे फेस्टिव टच दें। फ्लावर पॉट के अलावा आप कैंडल जैसी चीजों का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। रेड टेबल क्लॉथ के अलावा फैंसी कैंडल भी देखने में काफी अच्छे लगेंगे। कोशिश करें कि पार्टी की थीम के अनुसार डाइनिंग टेबल को डेकोरेट करें।

## कमरे में बनाएं सांता क्लॉस

क्रिसमस पार्टी बिना सांता क्लॉज के नहीं हो सकता है। बैलून के साथ सांता क्लॉज बनाएं। हालांकि, इन दिनों मार्केट में सांता क्लॉज के स्टैचू मिलते हैं, उसे भी चाहें तो घर के डेकोरेशन का एक हिस्सा बना सकती हैं। घर के मेन गेट या फिर हॉल के एंट्री गेट पर लगाना बेस्ट ऑप्शन रहेगा। अगर आप उसके साथ  बैलून लगा रही हैं तो व्हाइट और रेड कलर के बैलून को ही चूज करें। यह देखने में भी अच्छा लगेगा और कमरे को हैप्पी प्लेस बनाएगा।



# ठंड में पौधों को मुरझाने से बचाने के लिए अपनाएं ये टिप्स

**ठंड का मौसम सिर्फ हमें ही परेशान नहीं करता है, बल्कि इससे पेड़-पौधों पर भी असर पड़ता है। अमूमन इस मौसम में पौधे धीरे-धीरे मुरझाने लगते हैं। कुछ आसान तरीके अपनाकर आप प्लांट की केयर कर सकती हैं।**

सर्दी के दिनो में सिर्फ आउटडोर ही नही, बल्कि इनडोर प्लांट्स को भी मौसम की मार झेलनी पड़ती है। इस मौसम में जब तापमान बहुत अधिक गिरने लगता है तो ऐसे में प्लांट के लिए खुद को एडजस्ट करना काफी मुश्किल हो जाता है। यही कारण है कि इस मौसम में प्लांट्स मुरझाने लगते हैं और धीरे-धीरे मरने लगते हैं। ऐसा इसलिए भी होता है, क्योंकि इस मौसम में पौधे अपनी सारी एनर्जी खुद को ठंड से बचाने में लगा देते हैं। जिसके चलते उनकी ग्रोथ ही नहीं हो पाती है। इस मौमस में ठंडे तापमान के साथ-साथ कम धूप भी उन्हें नेगेटिव तरीके से इफेक्ट करती है। इसलिए, यह जरूरी है कि ठंड के मौसम में प्लांट की अतिरिक्त केयर की जाए। तो आज आपको कुछ ऐसे ही छोटे-छोटे टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप अपने प्लांट को विंटर में मुरझाने से बचा सकते हैं-

## मल्चिंग

मिट्टी को बहुत अधिक ठंड से बचाने और तापमान को नियंत्रित करने के लिए प्लांट के चारों ओर मल्च लेयर बिछाएं। ऐसा करने से ना केवल प्लांट को अतिरिक्त पोषक तत्व मिलते हैं, बल्कि यह उसकी जड़ों को अत्यधिक ठंड से बचाने में मदद करता है। जिससे प्लांट में ठंड के कारण होने वाली नमी की हानि को रोकने में भी मदद मिलती है।

## दें पानी

अगर तापमान इतना गिर जाता हैं कि जमीन फ्रीज होने लगती है तो ऐसे में आप उसे फ्रीज होने से पहले पौधों को पर्याप्त पानी दें। अच्छी तरह से हाइड्रेटेड पौधे सर्दियों के तापमान व बदलाव को बेहतर तरीके से झेल पाते हैं। हालांकि, इस दौरान आपको थोड़ा अतिरिक्त सावधान रहने की जरूरत है। कभी भी बहुत अधिक पानी न डालें, क्योंकि इस मौसम में प्लांट की पानी संबंधी जरूरतें कम हो जाती है। ऐसे में मिट्टी में पानी भर जाने से जड़ें सड़ सकती हैं। रिपॉटिंग से बचें अगर आप अपने प्लांट को रिपॉट करने का मन बना रही हैं तो इस विचार को अभी से त्याग दें। दरअसल, इस मौसम में प्लांट पहले ही ठंड से जूझ रहा होता है। ऐसे में अगर आप पौधे को रिपॉट करती हैं तो इससे उसे शॉक लग सकता है और वह मर सकता है। कोशिश करें कि आप इसे गर्मी के मौसम में करें और वह भी सुबह या शाम के समय, जब तापमान बहुत अधिक गर्म ना हो।

## एंटी-डेसिकेंट स्प्रे का करें इस्तेमाल

अगर आपने अपने गार्डन में सदाबहार पौधे लगाए हैं और आप उन्हें ठंड की मार से बचाना चाहती हैं तो ऐसे में आप एंटी-डेसीकेंट स्प्रे का इस्तेमाल करें। ये स्प्रे पत्तियों पर एक पतली प्रोटेक्टिव लेयर बनाते हैं। जिसके कारण प्लांट में नमी की हानि कम हो जाती है। इससे प्लांट को प्रोटेक्ट करने में काफी हद तक मदद मिलती है।

## प्लांट को करें मूव

अगर आपके गार्डन एरिया में ऐसे भी पौधे हैं, जिन्हें आपने पॉट में लगाया है, तो आप उन्हें बहुत अधिक ठंड से बचाने के लिए घर के अंदर रखने का विचार है। जब आप उन्हें किसी सुरक्षित स्थान पर रखते हैं तो इससे प्लांट जल्दी से मुरझाते नहीं है।



# क्रिसमस पार्टी में न्यू लुक के लिए वियर करें ये लेटेस्ट डिजाइंस वाली मैक्सी ड्रेस

**25 दिसम्बर को दुनियाभर में क्रिसमस का त्योहार मनाया जाता है। इस खास मौके का जश्न का माहौल होता है और ऑफिस समेत कई जगहों पर इस खास मौके पर क्रिसमस पार्टी होती है। इस खास मौके पर सभी महिलाएं बेस्ट आउटफिट पहनना पसंद करती हैं। वहीं अगर आप इस खास मौके पर न्यू लुक चाहती हैं तो आप इस तरह की मैक्सी ड्रेस स्टाइल कर सकती हैं। हम आपको कुछ मैक्सी ड्रेस दिखा रहे हैं जो क्रिसमस पार्टी में न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन है और इस आउटफिट में आप स्टाइलिश भी नजर आएंगी।**

## जॉर्जेट मैक्सी ड्रेस

अगर आपको ब्लैक कलर पसंद है तो आप इस तरह के जॉर्जेट मैक्सी ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं। यह ड्रेस जॉर्जेट फैब्रिक में है और यह ड्रेस Embellished पैटर्न में है। यह ड्रेस क्रिसमस पार्टी में पहनने के लिए बेस्ट ऑप्शन है और इस ड्रेस को स्टाइल करने के बाद आप भीड़ से अलग नजर आएंगी। इस ड्रेस को आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से 2,000 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस ड्रेस के साथ आप फुटवियर में हील्स साथ ही सिल्वर इयरिंग्स पहन सकती हैं।

## गोल्ड-टोन्ड शिफॉन मैक्सी ड्रेस

अगर आप न्यू लुक पाने के लिए कुछ न्यू ट्राई करना चाहती हैं तो आप इस तरह की शिफॉन मैक्सी ड्रेस स्टाइल कर सकती हैं। यह ड्रेस शिफॉन फैब्रिक में है। यह ड्रेस स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट है और इस ड्रेस को आप 1,500 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस ड्रेस के साथ फुटवियर में जूती वियर कर सकती हैं और ज्वेलरी में चेन टाइप नेकलेस वियर कर सकती हैं।

## हॉल्टर नेक मैक्सी गाउन ड्रेस

न्यू लुक पाने के लिए आप इस तरह की हॉल्टर नेक मैक्सी गाउन ड्रेस वियर कर सकती हैं। इस ड्रेस फ्लोरल पैटर्न में है और हॉल्टर नेक डिजाइन में आता है। इस तरह की ड्रेस क्रिसमस पार्टी में पहनने के लिए बेस्ट है और इस ड्रेस को आप 1,000 से 2,000 रुपये में खरीद सकती हैं। इस ड्रेस के साथ आप चेन टाइप नेकलेस और फुटवियर में फ्लैट्स पहन सकती हैं।



## मंथन

# बदलती झारखंडी महिलाओं और बेटियों की तकदीर

झारखंड सरकार द्वारा 'मंईयां सम्मान राशि' योजना की शुरुआत झारखंडी महिलाओं के जीवन में एक नया मोड़ ला सकती है. इस योजना के तहत राज्य की महिलाएं जो घरेलू कामकाजी हैं, उन्हें 2500 रुपए की आर्थिक सहायता प्रतिमाह दी जा रही है, ताकि उनकी मेहनत और योगदान की सही सराहना की जा सके. यह योजना न केवल महिलाओं के वित्तीय आत्मनिर्भरता की दिशा में एक अहम कदम है, बल्कि उनकी सामाजिक स्थिति में भी बदलाव ला सकती है. मंईयां सम्मान राशि योजना का उद्देश्य इन्हीं महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और समाज में उनकी अहमियत को पहचानना है. यह योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम साबित हो सकती है. यह योजना महिलाओं के लिए न केवल एक वित्तीय सहारा होगी, बल्कि यह उनकी सामाजिक स्थिति को भी सशक्त बनाएगी. अब महिलाएं अपने घर की जरूरतों के अलावा अपने व्यक्तिगत खर्चों के लिए भी स्वतंत्र रूप से निर्णय ले सकेंगी. इसके अलावा, इस योजना से उनके आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी. मंईयां सम्मान राशि योजना झारखंड के सामाजिक ढांचे में बदलाव लाने की क्षमता रखती है, लेकिन यह तब ही सफल होगी जब सरकार इसके सही क्रियान्वयन पर ध्यान देगी. राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 28 दिसंबर को रांची से राज्य की करीब 53 लाख महिलाओं के खाते में सम्मान राशि ट्रांसफर करनेवाले हैं. इस योजना से उम्मीद की जा रही है कि झारखंड की महिलाएं अब अपनी तकदीर को बदलने में सक्षम होंगी, और उनके प्रयासों की सही कीमत उन्हें मिलेगी.


## नजरिया

# राज्यों की वन रिपोर्ट बयां कर रही कड़वी हकीकत

इंडिया स्टेट ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट (आईएसएफआर-2023) वन क्षेत्र की स्थिति को लेकर कुछ सकारात्मक पहलुओं को उजागर करती है, जैसे कि देश में कुल भौगोलिक क्षेत्र का 25.17% हिस्सा वन और वृक्ष क्षेत्र में समाहित हो गया है. यह वृद्ध राहतकारी है, लेकिन राष्ट्रीय वन नीति 1988 के मुताबिक, देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का कम से कम 33% हिस्सा वन क्षेत्र होना चाहिए. रिपोर्ट में हरियाली क्षेत्र में वृद्धि दिखाई गई है, लेकिन इसका अधिकांश हिस्सा प्राकृतिक वन क्षेत्र से बाहर के क्षेत्र जैसे कि प्लांटेशन और एग्रोफॉरेस्ट्री से संबंधित है. इन प्रयासों से इंकार नहीं किया जा सकता, लेकिन जब तक लगाए गए पौधे पूरी तरह विकसित नहीं होते, तब तक इन्हें प्राकृतिक वन क्षेत्र के समान नहीं माना जा सकता. साथ ही, रिपोर्ट ने यह भी बताया है कि देश में प्राकृतिक वनों के नष्ट होने की प्रक्रिया जारी है. कम घने जंगल व ओपन फॉरेस्ट के 1234.95 और 1189.27 वर्ग किमी क्षेत्र का नुकसान हुआ है. हालांकि, अधिक घने जंगल में 2431.50 वर्ग किमी का इजाफा हुआ है, जो बताता है कि स्थिति बदलाव आ रहा है. इसके अतिरिक्त, वन संशोधन नियम (2023) पर चल रही बहस भी महत्वपूर्ण है, जिसमें गैर वर्गीकृत जंगलों के संरक्षण को हटाने का प्रस्ताव है. यदि यह लागू हुआ, तो इससे 16% से अधिक वन क्षेत्र खतरे में पड़ सकता है. कुल मिलाकर, प्लांटेशन और एग्रोफॉरेस्ट्री के जरिए हरियाली क्षेत्र का विस्तार सराहनीय है, लेकिन प्राकृतिक वन क्षेत्रों का संरक्षण भी उतना ही महत्वपूर्ण है.

# अटल बिहारी वाजपेईः एक अजातशत्रु

मनोज कुमार मिश्र




**अटल जी राजनीति में विरोधियों को मानते थे अपना मित्र और सहयोगी**

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी वास्तव में एक अजातशत्रु थे. उनकी लोकप्रियता और व्यक्तिगत आकर्षण इतना प्रबल थे कि जो भी एक बार उनसे मिलता, वह उन्हें अपना मित्र मानने लगता. 25 दिसंबर, 1924 को ग्वालियर में जन्मे अटल जी का जीवन 93 वर्षों तक पूरी तरह राजनीति में सक्रिय रहा. 16 अगस्त, 2018 को दिल्ली में उनका निधन हुआ. वे अपनी राजनीतिक यात्रा में देशवासियों के दिलों में एक विशेष स्थान बनाए हुए थे. अटल जी ने राजनीति में अपनी अलग पहचान बनाई. उनका सादगी भरा व्यक्तित्व और दूसरों के प्रति अपार सम्मान उन्हें सबका प्रिय बना देता था. उनके निधन के कई वर्षों बाद भी लोग उनके साथ बिताए हुए समय और उनके विचारों को याद करते हैं. उनके बारे में कई किस्से मशहूर हैं, जैसे कि उनका भाकपा महासचिव इन्द्रजीत गुप्त से गहरा संबंध था. प्रधानमंत्री रहते हुए भी उनके विरोधी पक्ष के नेताओं से अच्छे संबंध थे. जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारुख अब्दुल्ला जैसे मित्रों से उनकी दोस्ती बहुत मजबूत थी. अटल जी का मानना था कि व्यक्तिगत संबंधों में राजनीति की दखलंदाजी नहीं होनी चाहिए. 1999 के लोकसभा चुनावों में अटल जी ने लखनऊ और गांधीनगर दोनों सीटों से चुनाव लड़ा. लखनऊ सीट पर समाजवादी पार्टी ने फिल्म अभिनेता राज बब्बर को चुनावी मैदान में उतारा था. इसके बावजूद अटल जी ने बड़ी जीत हासिल की. प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने उन विरोधियों से भी मुलाकात की जिनकी ओर से चुनाव में कड़ी चुनौती मिली थी. ऐसे उदाहरण उनकी अपार सहनशीलता और महानता को दर्शाते हैं. अटल जी ने यह सिद्ध कर दिया कि राजनीतिक कार्यों के बावजूद वह किसी भी व्यक्ति से प्रतिशोध लेने की बजाय उनके साथ अच्छे संबंध बनाए रखते थे. उनकी राजनीतिक यात्रा में कई उतार-चढ़ाव आए. 1996 में उनकी सरकार केवल 13 दिन ही चल पाई. लेकिन उनका विश्वास था कि विचारधारा के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता. इसी सिद्धांत के साथ उन्होंने फिर से 1998 में सरकार बनाई, जो 13 महीने तक चली, और 1999 में वह पांच वर्षों तक प्रधानमंत्री के रूप में बने रहे. अटल जी ने देश को कई दिशा-निर्देश दिए. स्वर्णिम चतुर्भुज सड़क परियोजना उनके नेतृत्व में शुरू की गई थी, जिससे देश के चारों प्रमुख हिस्सों को आपस में जोड़ा गया. साथ ही 1998 में पोखरण में पांच परमाणु परीक्षण भी किए गए. अटल जी का पाकिस्तान से रिश्तों में सुधार की दिशा में हमेशा प्रयास रहता था. जब पाकिस्तान ने 1999 में कारगिल युद्ध शुरू किया, तो अटल जी ने कड़ा जवाब दिया. बावजूद इसके, उन्होंने पाकिस्तान से दोस्ती के लिए कई प्रयास किए. उन्होंने दिल्ली से लाहौर तक बस यात्रा की, लेकिन पाकिस्तान के आंतरिक हालात और जनरल परवेज मुशर्रफ की अड़ियल नीतियों के चलते उनका यह प्रयास सफल नहीं हो सका. उनकी विचारधारा और दृष्टि हमेशा से देश को भूख, भय, निरक्षरता और अभाव से मुक्त करने की रही. उनका सपना था एक ऐसा भारत जो समृद्ध और खुशहाल हो. अटल जी के योगदान के कारण उन्हें 1992 में पद्म विभूषण और 2015 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया. अटल जी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि एक कवि, लेखक और पत्रकार भी थे. उन्होंने अपना सार्वजनिक जीवन पत्रकारिता से शुरू किया और भारतीय जनता पार्टी के गठन से पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़कर कई प्रमुख पत्रिकाओं में कार्य किया. 1951 में जनसंघ की स्थापना के बाद वे इसके संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सहयोगी बने. 1968 से 1973 तक वे जनसंघ के अध्यक्ष रहे और फिर जनता पार्टी के गठन के बाद भारतीय जनता पार्टी के पहले अध्यक्ष बने. अटल जी ने 1957 में उत्तर प्रदेश के बलरामपुर से सांसद के रूप में अपना राजनीतिक करियर शुरू किया. वे

**अटल जी के लिए देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने एक बार कहा था कि अटल जी एक दिन देश के प्रधानमंत्री बनेंगे. उनको सुनने के लिए लोग दूर-दूर से आते थे. उनके शब्द हमेशा देशप्रेम के प्रतीक हुआ करते थे.**

लोकसभा के 10 बार और राज्यसभा के दो बार सदस्य रहे. वे देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू से बहुत प्रभावित थे, और नेहरू ने एक बार कहा था कि अटल जी एक दिन देश के प्रधानमंत्री बनेंगे. उनके भाषणों को सुनने के लिए लोग दूर-दूर से आते थे, और उनके शब्दों में एक गहरी राजनीतिक समझ और देशप्रेम का प्रतीक था. उनके भाषण देश की राजनीति को दिशा देने का कार्य करते थे. इंदिरा गांधी के द्वारा लगाए गए आपातकाल के बाद अटल जी ने बड़ी भूमिका निभाई. उन्होंने जनसंघ के नेताओं और जयप्रकाश नारायण के साथ मिलकर इंदिरा गांधी को चुनाव के लिए तैयार किया. उनका यह कदम देश की राजनीति को बदलने में सहायक साबित हुआ. 1977 के आम चुनावों में इंदिरा गांधी की हार ने देश में नई राजनीतिक धारा को जन्म दिया. अटल जी ने राजनीति के क्षेत्र में अपने कार्यकर्ताओं को हमेशा महत्व दिया. वे रोज एक घंटा कार्यकर्ताओं से मिलने के लिए देते थे, और उनके व्यक्तिगत कार्यक्रमों में भी भाग लेते थे. प्रधानमंत्री बनने के बाद भी उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ अपनापन बनाए रखा. उनका यह रूप उन्हें हमेशा लोगों के दिलों में प्रिय बनाए रखता था. अटल जी जीवनभर देश के लिए समर्पित रहे. उनकी पत्नी नहीं थी, लेकिन उन्होंने देश को अपना परिवार माना. उन्होंने अपनी मुंहबोली बेटी के साथ अंतिम समय बिताया. अटल जी की कविताओं और भाषणों का हर कोई दीवाना था. उनके विचार और दृष्टिकोण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बने रहेंगे. अटल बिहारी वाजपेयी का योगदान राजनीति और समाज के हर क्षेत्र में था. उनके नेतृत्व में भारत ने विश्व मंच पर अपनी शक्ति और महत्ता को साबित किया. उनका जीवन एक प्रेरणा है, जो हमें हर मुश्किल घड़ी में सही मार्गदर्शन और कड़ी मेहनत का महत्व समझाता है. उनके विचार, कार्य और शब्द हमेशा हमारे दिलों में जीवित रहेंगे.

## आज का इतिहास

- **1524 :** यूरोप से भारत के समुद्री मार्ग का पता लगाने वाले पुर्तग़ाली नाविक वास्को-डी-गामा का कोच्चि में निधन हुआ था.
- **1924 :** भारतीय प्लेबैक सिंगर मोहम्मद रफ़ी का जन्म आज ही के दिन हुआ था.
- **1959:** जाने माने बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर का जन्म हुआ था.
- **1987:** तमिल अभिनेता और राजनेता एमजी रामचन्द्रन का निधन हुआ था.
- **1989 :** देश का पहला अम्यूजमेंट पार्क एसेल वर्ल्ड मुंबई में खुला था.
- **1988:** हिंदी के प्रसिद्ध कथाकार-उपन्यासकार जैनेन्द्र कुमार का निधन.
- **2000 :** विश्वनाथन आनंद पहली बार विश्व शतरंज चैंपियन बने थे.
- **2014 :** पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी और स्वतंत्रता सेनानी एवं शिक्षाविद् मदन मोहन मालवीय को भारत रत्न से सम्मानित किया गया था.

## चिंतन

# बहरे मेंढक ने नामुमकिन को मुमकिन कर दिखाया

एक तालाब में बहुत सारे मेंढक रहते थे. उस तालाब के ठीक बीचोंबीच एक बडा-सा लोहे का खंभा वहां के राजा ने लगवाया हुआ था. एक दिन तालाब के मेंढको ने निश्चय किया कि क्यों ना इस खंभे पर चढ़ने के लिए रेस लगाई जाए, जो भी इस खंभे पर चढ़ जाएगा, उसको प्रतियोगिता का विजेता माना जाएगा. रेस का आरंभ हुआ, चारों ओर शोर ही शोर था. सब उस लोहे के बड़े से खंभे को देख कर कहने लगे -अरे इस पर चढ़ना नामुमकिन है, इसे तो कोई भी नहीं कर पाएगा. अब तक काफी मेंढक हार मान गए थे, और कई मेंढ़क गिरने के बाद भी अपनी कोशिश जारी रखे हुए थे. इसके साथ-साथ अभी भी रेस देखने आए मेंढक जोर-जोर से चिल्लाए जा रहे थे-अरे यह नहीं हो सकता. यह असंभव है. लेकिन उन्ही मे से एक छोटा मेंढक लगातार कोशिश करने के कारण खंभे पर जा पंहुचा, हालांकि वो भी काफी बार गिरा, उठा, प्रयास किया तब कहीं जाकर वो सफलतापूर्वक खंभे पर पहुंचा. और रेस का विजेता बना. उसको विजेता देख, मेंढकों ने उसकी सफलता का कारण पूछा की यह असंभव कार्य तुमने कैसे किया, कृपया हमें भी बताएं. तभी पीछे से एक मेंढ़क की आवाज़ आई- अरे उससे क्या पूछते हो वो तो बहरा है. फिर भी मेंढकों ने विजेता मेंढक से पता करने के लिए एक ऐसे मेंढक की मदद ली, जो उसकी सफलता का कारण जान सके, विजेता मेंढक ने बताया की मैं बहरा हूं. मुझे सुनाई नही देता, लेकिन जब आप लोग जोर-जोर से चिल्ला रहे थे, तो मुझे लगा जैसे आप मुझसे कह रहे हों कि- यह तुम कर सकते हो, यह तुम्हारे लिए मुमकिन है. इन्हीं शब्दों ने मुझे सफलता दिलाई है.

**कहानी से शिक्षाः** तो दोस्तों, यह थी मेंढकों की कहानी, लेकिन यह कहानी काफी हमारी जिंदगी से भी मिलती जुलती है, क्योंकि हम बाहर दुनिया की सुनते हैं, जो हमेशा हमसे कहती है कि तुम यह नही कर सकते, सफल नही हो सकते, तुम्हारे बस की बात नही है आदि, क्योंकि हमारे अंदर सफलता पाने की क्षमता होती है और हम पा भी सकते है, लेकिन दुसरो की बातों में आ कर अपने लक्ष्य को पाने से चुक जाते है, जिसके कारण हम एक औसत जीवन जीते हैं.

## इंडिया पर ट्रेंडिंग



1. चौधरी चरण सिंह
2. #KisanDiwas
3. #NationalFarmersDay
4. #किसान_दिवस
5. #SprightAgroLegacy
6. #ChaudharyCharanSingh
7. पंजाब पुलिस
8. Tulsi Pujan Diwas Quiz
9. नरसिम्हा राव
10. Gurdaspur

# बहुरंग

**अंबानी परिवार ने मुंबई में 'नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर आर्ट कैफे' लॉन्च किया है. इसके इनॉग्रेशन इवेंट में कई बॉलीवुड की यंग और राइजिंग डीवाज ने अपने ग्लैमरस अंदाज से पूरी लाइमलाइट लूट ली.**

# जाह्नवी-अनन्या पांडे का शॉर्ट ड्रेस में ग्लैमरस अंदाज

# शाहरुख की लाडली सुहाना खान ने लूटी लाइमलाइट



बॉलीवुड की फैशन क्वीन जाह्नवी कपूर अपने स्टाइल स्टेटमेंट से हमेशा हर किसी का दिल जीत लेती हैं. इस बार भी जाह्नवी ने अपने गॉर्जियस आउटफिट और सिजलिंग लुक से फैंस को वाह...ब्यूटीफुल कहने पर मजबूर कर दिया.



अनन्या पांडे भी इवेंट की जान रहीं. अनन्या जब ब्लैक शॉर्ट बैकलेस ड्रेस में पहुंचीं तो हर किसी की नजरें उनपर टिकी रह गईं. डीप प्लंजिंग नेकलाइन ड्रेस में अनन्या पांडे का सिजलिंग अवतार देखने लायक है.



अंबानी परिवार के इवेंट में शनाया कपूर व्हाइट कलर की शॉर्ट ड्रेस में नजर आईं. ओपन हेयर और सटल मेकअप में शनाया ने अपने हुस्न से फैंस को दीवाना बना दिया. एक्ट्रेस की तस्वीरें इंटरनेट पर छाई हुई हैं.



शाहरुख खान की लाडली बेटी सुहाना खान भी अंबानी परिवार के इवेंट में छाई रहीं. ब्लैक एंड व्हाइट ब्यूटीफुल आउटफिट में सुहाना किसी डॉल से कम नहीं लगीं. फैंस उनकी तारीफ करते थक नहीं रहे हैं.

# आर्ट सिनेमा के जनक माने जाने वाले डायरेक्टर श्याम बेनेगल का निधन

**शुभम संदेश डेस्क ।** बॉलीवुड को मंथन, अंकुर जैसी शानदार फिल्में देने वाले जाने-माने फ़िल्म निर्देशक श्याम बेनेगल का निधन हो गया है. लम्बे अर्से से बीमार चल रहे मगर फिर भी अलग अलग परियोजनाओं पर काम कर रहे श्याम बेनेगल की उम्र 90 साल थी. श्याम बेनेगल का निधन शाम 6.39 बजे हुआ. श्याम बेनेगल की बेटी पिया बेनेगल ने श्याम बाबू की मौत की पुष्टि की. बताया कि सोमवार की शाम 6.38 बजे उनका निधन मुम्बई सेंट्रेल स्थित वोकार्ट अस्पताल में हुआ. पिया बेनेगल ने बताया कि उनके पिता क्रोनिक किडनी की




बीमारी से जूझ रहे थे और वो इस बीमारी के अंतिम चरण में पहुंच गये थे. श्याम बेनेगल की उम्र 90 साल थी. अंतिम संस्कार के बारे में बाद में निर्णय लिया जाएगा. श्याम बेनेगल ने एक इंटरव्यू में बताया था कि उनकी दोनों किडनी फेल हो गई हैं और घर पर ही उनका डायलिसिस चल रहा है.

**8 नेशनल अवॉर्ड जीते :** श्याम बेनेगल की फिल्मों ने 8 नेशनल अवॉर्ड जीते थे. उन्होंने जुबैदा, द मेकिंग ऑफ द महात्मा, नेताजी सुभाष चंद्र बोसः द फॉरगोटन हीरो, मंडी, आरोहन, वेलकम टु सज्जनपुर जैसी दर्जनों बेहतरीन फिल्में बनाई हैं. उनकी फिल्मों ने 8 नेशनल अवॉर्ड जीते हैं. श्यान बेगेनल को दादा साहब फाल्के सम्मान भी मिल चुका है. श्याम बेनेगल ने अपने करियर में 24 फिल्में, 45 डॉक्यूमेंट्री और 1500 एड फिल्म्स बनाई हैं. उन्हंन 1976 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था. 1991 में श्याम बेगेन को पद्म भूषण से भी सम्मानित किया गया था.

**फिल्मों से पहले करते थे फोटोग्राफी :** फिल्मों में कदम रखने से पहले श्याम बेनेगल ने कई काम किए हैं. उन्होंने पहले अर्थशास्त्र में पढ़ाई की. उसके बाद उन्होंने फोटोग्राफी शुरू की थी.उन्हें फोटोग्राफी का बहुत शौक था. जब वो 12 साल के थे तब उन्होंने अपने पिता श्रीधर बी.बेनेगल के लिए कैमरे पर अपनी पहली फिल्म बनाई थी.




आचार्य प्रणव मिश्रा
मोबाइल नंबर
8210075897

**मेष :** व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी. नौकरी में पदोन्नति की संभावना है. शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें. पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी. नौकरी में अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा. कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी. शुभांक-2-4-6

**वृष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा. अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे. अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें. रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी. कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे. स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा. शुभांक-3-5-7

**मिथुन :**यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. यात्रा शुभ रहेगी. काम को प्राथमिकता से करें. कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी. शुभांक-2-4-6

**कर्क :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे. कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं. कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे. आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. मान-सम्मान बढ़ेगा. धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी. पारिवारिक विवाद टालें. अच्छे समय का इन्तजार करें. शुभांक-1-5-6

**सिंह :** लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी. रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है. व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है. कामकाज की अधिकता रहेगी. लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा. व्यावसायिक अभ्युदय व प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी. सुख-सुविधा में वृद्धि होगी. शुभांक-3-5-7

**कन्या :** कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा. धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी. श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी. लाभमार्ग प्रशस्त होगा. नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी. कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा. शुभांक-3-4-7

**तुला :** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. शैक्षणिक कार्य पूरे होते रहेंगे. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. अपनों का सहयोग प्राप्त होगा. पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी. शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है. शुभांक-3-5-6

**वृश्चिक :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी. शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे. संतोष रखने से सफलता मिलेगी. नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी. जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा. समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा. कर्ज लेने से बचें. शुभांक-3-5-7

**धनु :** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिलेगा. कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे. सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी. आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी. यात्रा शुभ रहेगी. अपने काम पर पैनी नजर रखिए. विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे. शुभांक-2-4-6

**मकर :** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा. कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी. लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे. परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. पर प्रपंच में न पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए. कल का परिश्रम आज लाभ देगा. शुभांक-1-5-8

**कुंभ :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बनेगा. दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा. पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी. महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. स्वास्थ्य मध्यम रहेगा. शुभांक-3-5-7

**मीन :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. पर प्रपंच में न पड़ कर अपने काम पर ध्यान दीजिए. कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी. बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा. लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे. भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा. लाभ के रास्ते नए-नए निकलेंगे. समय बदल रहा है. शुभांक-1-3-5

## न्यूज अपडेट

### राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में दो गुटों में मारपीट, हंगामा

**फारबिसगंज।** अररिया के राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज युद्ध का अखाड़ा बन गया. राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में जूनियर व सीनियर छात्रों के बीच मारपीट का विवाद सामने आया है. वही, कॉलेज के अलग-अलग सेमेस्टर के आधा दर्जन जूनियर छात्रों ने रविवार की देर रात अररिया नगर थाने में सीनियर छात्रों द्वारा की जा रही मारपीट व फोन पर दी जा रही धमकी को लेकर नामजद आवेदन दिया है. कॉलेज के जूनियर क्लास के छात्र हर्षित, सौरभ, सानू सिंह, मोनू कुमार, अंशुमन, सौरभ, संदीप ने थाने में आवेदन दिया है. दिए गए आवेदन में कहा गया है कि नेता जी सुभाष स्टेडियम में गत दिनों कॉलेज प्रशासन की ओर से वार्षिक खेल प्रतियोगिता करायी जा रही थी.

### किशनगंज में दीवार गिरने से तीन लोगों की मौत, एक घायल

**किशनगंज।** जिले के बहादुरगंज थानाक्षेत्र के मुख्य बाजार झांसी रानी चौक के समीप दुर्गा मंदिर के पास रविवार की रात दीवार गिरने से तीन की मौत हो गई है. जबकि, एक घायल है. स्थानीय लोगों ने सभी लोगों को इलाज के लिए बहादुरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया. जहां डाक्टरों ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया. जबकि, एक की मौत सदर अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई है. एक घायल का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में ही चल रहा है. घटना के बाद से ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है. जबकि, पूरे गावं मे मातम का माहौल बना हुआ है.

### एनएच-27 के किनारे पेड़ से लटका मिला युवक का शव, मचा हड़कंप

**दरभंगा।** दरभंगा-मुजफ्फरपुर एनएच-27 के किनारे एक पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है. घटना की जानकारी मिलते ही भालपट्टी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी. शव के पास से कुछ पुराने कपड़े बरामद हुए हैं, लेकिन मृतक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है. जानकारी के मुताबिक, सुबह-सुबह जब स्थानीय लोग सड़क किनारे शौच के लिए जा रहे थे. इसी दौरान उन्होंने पेड़ से लटकते हुए शव को देखा. तुरंत ही घटना की सूचना भालपट्टी थाना को दी गई. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को उतारा और पहचान कराने की कोशिश की. लेकिन अब तक किसी ने मृतक को पहचानने का दावा नहीं किया है.

### राउज एवेन्यू कोर्ट में लैंड फॉर जॉब केस की सुनवाई टली

**पटना।** लैंड फॉर जॉब केस में सोमवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में होनेवाली सुनवाई टाल दी गई है. अब यह सुनवाई अगले साल 16 जनवरी को होगी. बताया जा रहा है कि एक आरोपी पर केस चलाने की अनुमति न मिलने से ये सुनवाई टली है. यह लगातार दूसरी बार है जब इस केस में कोर्ट ने सुनवाई टाल दी है. इससे पहले 30 नवंबर को सुनवाई टाली गई थी तो आज 23 दिसंबर की तिथि निर्धारित की गई थी. मालूम हो कि लालू परिवार के पांच सदस्य इस माामले में आरोपी हैं. जिसमें खुद राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव, मीसा भारती और हेमा यादव शामिल हैं. वहीं कोर्ट ने तेज प्रताप यादव के खिलाफ भी समन जारी किया है. 7 अक्टूबर को पहली बार तेज प्रताप यादव इस मामले में कोर्ट में पेश हुए थे.

# चार को गोपालगंज से शुरू होगा मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा का दूसरा चरण

संवाददाता। पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूसरे चरण की प्रगति यात्रा का शेड्यूल जारी कर दिया गया है. नीतीश अगले वर्ष चार जनवरी से दूसरे चरण की प्रगति यात्रा पर निकलेंगे. कैबिनेट विभाग की तरफ से जारी शेड्यूल के मुताबिक, दूसरे चरण की यात्रा के पहले दिन चार जनवरी, 2025 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गोपालगंज पहुंचेंगे. यहां वे करोड़ों रुपये की योजनाओं की सौगात देंगे.

इसके बाद सात जनवरी को नीतीश सीवान में रहेंगे. प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आठ जनवरी को सारण, 11 जनवरी को दरभंगा, 12 जनवरी को मधुबनी और 13 जनवरी को समस्तीपुर में रहेंगे. इस दौरान वे सभी जिलों को कुछ न कुछ सौगात देंगे. यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री विकास योजनाओं की समीक्षा भी करेंगे और सभी विकास योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेंगे. उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को पश्चिमी चंपारण के वाल्मिकीनगर से प्रगति यात्रा का आगाज कर दिया है. वाल्मिकीनगर पहुंचे मुख्यमंत्री का पार्टी कार्यकर्ताओं और अधिकारियों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया है.

## सोमवार से प्रगति यात्रा पर सीएम नीतीश, चंपारणवासियों को मिली बड़ी सौगात



**पटना.** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा के दौरान पश्चिम चंपारण जिले के बगहा प्रखंड के सतपुर सहरिया पंचायत अंतर्गत थारू टोला घोटवा में ग्राम भ्रमण एवं विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास, लोकार्पण और अवलोकन करते हुए.

### घटना पूर्णिया जिले के धमदाहा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत धोकवा में हुई

# पूर्णिया में पिकअप ने सड़क किनारे खड़े 13 को रौंदा, 5 मरे





संवाददाता। पटना

पूर्णिया जिले के धमदाहा में रविवार रात एक पिकअप ने 13 लोगों को कुचल दिया. इस हादसे में तीन लोगों की मौत मौके पर ही हो गयी जबकि दो ने सोमवार सुबह इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. मृतकों में एक छह साल का बच्चा भी है. यह घटना धमदाहा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत धोकवा की है. पुलिस के मुताबिक, सभी घायलों को पहले अनुमंडलीय अस्पताल धमदाहा में भर्ती करवाया गया, जहां से सभी को पूर्णिया रेफर कर दिया गया. घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन की टीम भी मौके पर पहुंची है. आठ लोगों को पूर्णिया जीएमसीएच में भर्ती कराया गया है. मृतकों में ज्योतिष ठाकुर (60), संजीता देवी (50), मनीषा कुमारी (13), अखिलेश मुनि (13) और अमरदीप कुमार (06) हैं. घायलों ने कहा कि एक बाइक वाले से साइड देने को लेकर पिकअप के चालक से विवाद हुआ. इसके बाद नशे में धुत पिकअप चालक वापस आया और लोगों को रौंद डाला. इस वारदात के समय पिकअप की तेज रफ्तार में देखकर मौके पर अफरा-तफरी मच गई. हादसे की जानकारी मिलते ही धमदाहा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मासूम समेत तीनों लोगों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया. वारदात के बाद चालक घर छोड़कर फरार हो गया है. पुलिस वारदात की जांच-पड़ताल कर रही है.

- मृतकों में ज्योतिष ठाकुर (60), संजीता देवी (50), मनीषा कुमारी (13), अखिलेश मुनि (13) और अमरदीप कुमार (06) के नाम शामिल हैं

### कार और बाइक में टक्कर, एक की मौत, दूसरा घायल

**बेतिया।** बेतिया के लौरिया प्रखंड के नेशनल हाईवे-727 सिसवनिया के पास रविवार की रात सड़क हादसा हो गया. जहां तेज रफ्तार कार में अनियंत्रित होकर दो बाइक सवार एक के बाद एक टकरा गए. इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया. मृतक की पहचान इंग्लिशीया गांव के वार्ड-6 निवासी भरत राव के बेटे पप्पू राव (फ्लिपकार्ट में कोरियर बॉय) के रूप में हुई है. वहीं, घायल युवक बिशनपुरवा के बीबी बनकटवा वार्ड-4 निवासी हरिहर शाह के बेटे जितेंद्र प्रसाद हैं. जानकारी के अनुसार, पप्पू राव कोरियर डिलीवरी का कार्य समाप्त कर अपने घर लौट रहे थे. तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार कार की चपेट में आकर उनकी मौत हो गई. दूसरी बाइक पर सवार जितेंद्र प्रसाद भी कार की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए.

### एक दर्जन से ज्यादा गोली मारकर उतारा मौत के घाट

# घर में घुसकर युवक की हत्या, इलाके में दहशत

संवाददाता। आरा

आरा के कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के उदयभानपुर गांव में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. घर में सो रहे एक युवक विजय शंकर सिंह (32) की एक दर्जन से अधिक गोलियां मारकर हत्या कर दी गई. घटना रविवार देर रात की है. बताया जा रहा है कि विजय पर पहले भी दो बार जानलेवा हमले हो चुके थे, लेकिन इस बार हमलावरों ने उसे मौके पर ही मौत के घाट उतार दिया. पोस्टमार्टम के दौरान डॉक्टरों ने मृतक के शरीर से पांच गोलियां बरामद की हैं, जबकि एक्स-रे में 15 गोली लगने के निशान मिले हैं. गोलियां सिर, गर्दन, छाती, कमर और हाथों में लगी थीं. कई गोलियां शरीर के आर-पार हो गईं. वहीं, हत्या के बाद घटनास्थल से एक पिस्टल और गोलियों के खोखे बरामद किए गए हैं. पुलिस ने इलाके को घेरकर जांच शुरू कर दी है.

#### तीन साल पहले भी हुआ था हमला

मृतक के भाई अशोक सिंह ने बताया कि विजय के साथ पहले से एक व्यक्ति मौजूद था, जो बाद में अन्य हमलावरों के साथ शामिल हो गया. अशोक ने कहा कि ये वही लोग हैं, जिन्होंने पहले भी दो बार विजय पर जानलेवा हमला किया था. उन्होंने बताया कि तीन साल पहले बदमाशों ने विजय पर हमला किया था और तीन गोलियां मारी थीं. हालांकि, तब वह बच गया था. इस बार हमलावरों ने इतनी गोलियां चलाईं कि उसे बचने का मौका ही नहीं मिला.

### स्कार्पियो की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**बेगूसराय।** बेगूसराय में एक सड़क हादसे में सड़क पार करने के दौरान स्कॉर्पियो की चपेट में आने से एक अधेड़ व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. घटना लाखो थाना क्षेत्र के सूरदासा ढाला एनएच 31 की है. मृतक की पहचान नीमा चांदपुरा निवासी शंकर राय के रूप में की गई है. घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि शंकर राय किसी काम से लाखो गए थे. जब वह वापस आने के लिए सड़क पार कर रहे थे. इसी क्रम में तेज रफ्तार स्कार्पियो ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया. जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो चुकी थी. वहीं, घटना के बाद स्कार्पियो चालक गाड़ी सहित मौके से फरार हो गया.

## कारोबार

### आयकर रिफंड प्राप्त करने के लिए अपने बैंक खाते को करें सत्यापित

**नई दिल्ली।** आयकर रिटर्न (आईटीआर) फाइल करने वाले करदाताओं को रिफंड प्राप्त करने के लिए उनके बैंक अकाउंट का सत्यापन जरूरी है. आयकर विभाग ने टैक्सपेर्यस को रिफंड पाने के लिए सलाह दी है कि वे अपने बैंक खाते को सत्यापित करें. आयकर विभाग ने सोमवार को 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा कि यदि आपका रिफंड आपके बैंक खाते के सत्यापन/पुनः सत्यापन न होने के कारण विफल हो गया है, तो कृपया सुनिश्चित करें कि आपका बैंक खाता मान्य है या पुनः सत्यापन किया गया है, जैसा भी लागू हो. विभाग ने कहा कि करदाताओं कृपया ध्यान दें! यदि आपने अपने बैंक खाते के सत्यापन/पुनः सत्यापन के बाद रिफंड पुनः जारी करने का अनुरोध प्रस्तुत नहीं किया है, तो ₹रिफंड पुनः जारी करने₹ का अनुरोध प्रस्तुत करना न भूलें.

### कैरारो इंडिया का आईपीओ पहले दिन 0.8 गुना भरा

**मुंबई।** कैरारो इंडिया का आईपीओ सोमवार से खुल गया है. ये ऑफर 20 दिसंबर से 24 दिसंबर तक के लिए खुला रहेगा. कंपनी ने इस इश्यू के लिए 668 से 704/शेयर के बीच प्राइस बैंड रखा है. ट्रांसमिशन कंपनी कैरारो इंडिया इस आईपीओ से 1250 करोड़ जुटाना चाहती है. बात करें इसके आईपीओ सब्सक्रिप्शन की तो पहले दिन इसे ठंडा रिस्पॉन्स मिला. आईपीओ का कुल सब्सक्रिप्शन 0.8 गुना रहा है. वही रिटेल सब्सक्रिप्शन 0.13 गुना रहा. आपको बता दें कि एनआईआई सब्सक्रिप्शन 0.5 गुना रहा है. कैरारो इंडिया का ये इश्यू पूरी तरह से ऑफर फॉर सेल है. कंपनी के मौजूदा निवेशक 1,250 करोड़ में 1.78 करोड़ शेयर ओएफएस के जरिए बेच रहे हैं. कंपनी इस आईपीओ के लिए एक भी फ्रेश शेयर इश्यू नहीं कर रही है. निवेशक अधिकतम 21 शेयर ले सकेंगे और उससे ज्यादा शेयर 21 के मल्टीपल में खरीद पाएंगे. कैरारो इंडिया आईपीओ के लिए अलॉटमेंट का काम 26 दिसंबर तक पूरा कर देगी.

### बिना इजाजत लोन देने वाले ऐप्स बैन होंगे, जुर्माना भी लगेगा

**नयी दिल्ली।** रिजर्व बैंक या अन्य नियामक एजेंसियों की अनुमति के बिना लोन देने और किसी भी तरह का वित्तीय लेनदेन करने को गैर-जमानती अपराध मानते हुए जुर्माना लगाने के प्रस्ताव के साथ केंद्र सरकार ने एक मसौदा




विधेयक पेश किया है. इस विधेयक का नाम 'अनियमित लोन पर प्रतिबंध' है. इससे गैरकानूनी लोन ऐप्स पर लगाम लगेगी. बिना अनुमति लोन देने वालों को दस साल तक की जेल हो सकती है. इस कानून का उद्देश्य उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना और अनियमित लोन देने वालों पर रोक लगाना है. डिजिटल लोन पर आरबीआई के वर्किंग ग्रुप की रिपोर्ट में अनियमित लोन पर प्रतिबंध लगाने के लिए कानून बनाने समेत कई उपाय सुझाए गए थे. इसमें रिजर्व बैंक या अन्य नियामक संस्थाओं में पंजीकरण कराए बिना लोन देने वालों पर नियंत्रण की भी सिफारिश की गई थी.

### यूनीमेक एयरोस्पेस का आईपीओ खुला, निवेशक 26 तक लगा सकेंगे बोली

# आईपीओ खुलते ही हुआ बुक

एजेंसी। मुंबई/नयी दिल्ली

यूनिमेक एयरोस्पेस एंड मैन्युफैक्चरिंग लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) सोमवार को निवेशकों के लिए खुल गया. इस इश्यू को निवेशकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है. ये इश्यू अब तक 1.8 गुना सब्सक्राइब हो चुका है. रिटेल कैटेगरी में यह 2.39 गुना, एनआईआई कैटेगरी में 1.72 गुना और क्यूआईबी 0.8 गुना तक बुक हो चुका है. यूनिमेक एयरोस्पेस एंड मैन्युफैक्चरिंग इस आईपीओ के जरिए 582 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है. इसके लिए मूल्य का दायरा (प्राइस बैंड) 745-785 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है. निवेशक 26 दिसंबर, 2024 तक इसके लिए बोली लगा सकते हैं. निवेशक इसमें न्यूनतम 19 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 19 इक्विटी शेयरों के गुणकों में निवेश करने के लिए बोली लगा सकते हैं. कंपनी के शेयर 31 दिसंबर, 2024 को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर लिस्ट हो सकते हैं.

बेंगलुरु स्थित स्पेस स्टार्टअप कंपनी का 5 रुपये प्रति शेयर अंकित मूल्य वाला ये आईपीओ 250 करोड़ रुपये मूल्य के 0.32 करोड़ शेयरों का फ्रेश इश्यू और 250 करोड़ रुपये के 0.32 करोड़ शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव (ओएफएस) है. इस आईपीओ की




कुल पेशकश में से 50 फीसदी योग्य संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व रहेगा, जबकि 35 फीसदी खुदरा निवेशकों के लिए और 15 फीसदी गैर-संस्थागत निवेशकों (एनआईआई) के लिए रिजर्व रहेगा.

उल्लेखनीय है कि बेंगलुरु स्थित स्पेस स्टार्टअप यूनिमेक एयरोस्पेस एंड मैन्युफैक्चरिंग एक ग्लोबल हाई-प्रिसिशन इंजीनियरिंग सॉल्यूशंस प्रोवाइडर है. कंपनी इस इश्यू से मिलने वाले धनराशि का इस्तेमाल अपनी क्षमता बढ़ाने, मशीनरी और उपकरण खरीदने और वर्किंग कैपिटल जरूरतों को पूरा करने के लिए करेगी. इसके अलावा कुछ धनराशि कंपनी की सहायक इकाई में निवेश की जाएगी, ताकि उनकी मशीनरी और वर्किंग कैपिटल की जरूरतें पूरी की जा सकें. इसके अलावा कुछ राशि कर्ज चुकाने में उपयोग होगा, जबकि बाकी बची राशि का इस्तेमाल सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा.

#### जीएसपी क्रॉप साइंस ने आईपीओ के लिए सेबी के समक्ष डीआरएचपी दाखिल किया

**नयी दिल्ली।** जीएसपी क्रॉप साइंस लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है. कंपनी के शेयरों को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) और बीएसई बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) लिमिटेड में सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है.सेबी के समक्ष जमा दस्तावेज के मुताबिक अहमदाबाद स्थित एग्रोकेमिकल कंपनी इस आईपीओ के जरिए 280 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है. जीएसपी क्रॉप साइंस लिमिटेड ये आईपीओ नए शेयर जारी करने और बिक्री के लिए प्रस्ताव का मिश्रण है. कंपनी के 10 रुपये के अंकित मूल्य वाला ये आईपीओ 280 करोड़ रुपये तक के नए शेयरों के निर्गम और प्रमोटर सेलिंग शेयरधारकों द्वारा 6 मिलियन इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव है.

### सेबी ने भारत ग्लोबल डेवलपर्स के शेयरों में कारोबार पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सोमवार को भारत ग्लोबल डेवलपर्स लिमिटेड (बीजीडीएल) के कारोबार को निलंबित कर दिया है. सेबी की कार्रवाई के बाद बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर भारत ग्लोबल डेवलपर्स के शेयर 5 फीसदी की निचली सर्किट सीमा तक गिरकर 1,236.45 रुपये पर आ गए हैं. सेबी ने बीजीडीएल के खिलाफ वित्तीय गलतबयानी, भ्रामक खुलासे, मूल्य हेरफेर और बढ़े हुए मूल्य पर शेयर बेचने के कारण ये कार्रवाई की है. सेबी ने भारत ग्लोबल डेवलपर्स लिमिटेड में अगले नोटिस तक स्टॉक में ट्रेडिंग को निलंबित कर दिया गया है. पूंजी बाजार नियामक ने कंपनी के प्रमोटरों पर भी प्रतिबंध लगा दिया है, जिससे उन्हें अनिश्चितकाल के लिए पूंजी बाजार तक पहुंचने से रोक दिया गया है. पूंजी बाजार नियामक ने अपने अंतरिम आदेश में तरजीही आवंटियों द्वारा शेयरों की बिक्री के जरिए कमाए गए 271.6 करोड़ के अवैध मुनाफे को जब्त कर दिया है. इसके अलावा बाजार नियामक ने इसके प्रबंध निदेशक अशोक कुमार सेवाडा, मुख्य कार्यपालक अधिकारी मोहसिन शेख और कंपनी के निदेशकों दिनेश कुमार शर्मा, निराली प्रभातभाई करेथा और कई तरजीही शेयरों के आवंटियों को प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया है.

### एसबीआई की रिपोर्ट में खुलासा

# भारतीय शेयर बाजार के हर चार नए निवेशक में एक महिला

एजेंसी। नयी दिल्ली

घरेलू शेयर बाजारों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है. आंकड़ों के अनुसार, हर चार 4 नए निवेशकों में से लगभग एक निवेशक महिला है. भारतीय स्टेट बैंक ने अपनी एक रिपोर्ट में यह दावा किया है. रिपोर्ट में कहा गया है कि बाजारों में भागीदारी बढ़ने के साथ ही 2021 से हर साल लगभग तीन करोड़ नए डीमैट खाते खुले हैं. रिपोर्ट में कहा गया है, ₹2021 से, औसतन हर साल लगभग 30 मिलियन नए डीमैट खाते खुले हैं, उनमें लगभग हर 4 में से 1 महिला निवेशक है.₹ भारत भर के शेयर बाजारों में महिलाओं की भागीदारी में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है,निवेशकों के पंजीकरण के मामले में दिल्ली सबसे आगे है, उसके बाद महाराष्ट्र और तमिलनाडु का स्थान है. रिपोर्ट में कहा गया है कि ₹वित्त वर्ष 22 से व्यक्तिगत निवेशक पंजीकरण में महिलाओं की भागीदारी में क्रमिक वृद्धि देखी गई है₹. वित्त वर्ष 2025 के लिए अब तक की



रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली में बड़े राज्यों में सबसे अधिक 29.8 प्रतिशत महिला प्रतिनिधित्व है, उसके बाद महाराष्ट्र (27.7 प्रतिशत) और तमिलनाडु (27.5 प्रतिशत) का स्थान है. ये आंकड़े राष्ट्रीय औसत 23.9 प्रतिशत से काफी अधिक हैं.

**रिपोर्ट में दावा- बचत करने के तरीके में आया बदलाव :** एसबीआई की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले तीन वर्षों में भारतीय परिवारों के बचत पैटर्न में भी महत्वपूर्ण बदलाव आया है. रिपोर्ट के अनुसार पारंपरिक बैंक जमा से म्यूचुअल फंड और जीवन बीमा की ओर धन का प्रवाह बढ़ रहा है.

### बाजार | शेयर बाजार में जोरदार तेजी, हफ्ते का पहला रहा गुलजार

# सेंसेक्स 600 अंक उछलकर 78600 के पार, निफ्टी भी चढ़ा

एजेंसी। नयी दिल्ली

बीते हफ्ते की गिरावट के बाद घरेलू शेयर बाजार सोमवार को बड़ी बढ़त के साथ खुला. हफ्ते के पहले कारोबारी दिन शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 628.34 अंक उछलकर 78,669.93 पर पहुंचा, जबकि निफ्टी 219 अंक बढ़कर 23,806.50 पर पहुंचा. इस दौरान अदाणी समूह के शेयरों में भी उछाल देखा गया. सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, टाटा स्टील, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एक्सिस बैंक में उल्लेखनीय बढ़त हुई. इससे पहले



पिछले पांच दिनों में बीएसई सेंसेक्स 4,091.53 अंक या 4.98 फीसदी टूटा और निफ्टी 1,180.8 अंक या 4.76 फीसदी गिर गया. शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 3,597.82 करोड़ रुपये के शेयर बेचे.

**30 शेयरों वाले एनएसई निफ्टी में तेजी देखी गई :** वॉल स्ट्रीट और एशियाई बाजारों से सकारात्मक रुख के बाद भारतीय शेयर बाजार सोमवार को हरे निशान पर खुले. प्री ओपनिंग सेशन में 50 शेयरों वाले बीएसई सेंसेक्स और 30 शेयरों वाले एनएसई निफ्टी में तेजी देखी गई. सेंसेक्स 447.05 अंक यानी 0.57 फीसदी की बढ़त के साथ 78,488.64 पर और निफ्टी 150.70 अंक यानी 0.64 फीसदी की तेजी के साथ 23,738.20 पर खुला. फिलहाल सुबह 9:40 बजे सेंसेक्स 451.85 (0.58%) की उछाल के साथ 78,493.44 पर और निफ्टी 185.45 अंक (0.79%) की तेजी के साथ 23,772.95 पर कारोबार कर रहा है.

**अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 85.04 पर स्थिर :** अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और विदेशी कोषों की निकासी जारी रहने से रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.04 पर स्थिर रहा. अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 85.02 पर खुला और पिछले सत्र के बंद स्तर 85.04 पर पहुंच गया. रुपया शुक्रवार को अपने सर्वकालिक निचले स्तर से कुछ संभला और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले नौ पैसे बढ़कर 85.04 पर बंद हुआ था.

# सोना 787 रुपए महंगा हुआ 76,164 प्रति 10 ग्राम पहुंचा

एजेंसी। नयी दिल्ली

सोने और चांदी की कीमतों में बीते दिनों लगातार गिरावट के बाद सोमवार को तेजी देखने को मिली है. इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार, सोमवार को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 787 रुपए बढ़कर 76,164 रुपए पर आ गया है.

शुक्रवार को इसके दाम 77,787 रुपए प्रति दस ग्राम थे. वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 2,267 रुपए बढ़कर 87,400 रुपए प्रति किलो हो गई है. इससे पहले शुक्रवार को चांदी की कीमत 85,133 रुपए प्रति किलो थी. इस साल सोना 30 अक्टूबर को 79,681 प्रति 10 ग्राम के ऑल टाइम हाई पर पहुंच चुका है. वहीं, चांदी 23 अक्टूबर को अपने ऑल टाइम हाई 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी. **इस साल सोने में अब तक 12,812 रुपए से ज्यादा की तेजी :** आईबीजेए के अनुसार, इस साल अब तक सोने के दाम 12,812 रुपए बढ़ चुके हैं. वहीं, चांदी की कीमत 2,267 रुपए बढ़ चुकी है. 1 जनवरी को सोना 63,352 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो अब 76,164 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गया है. वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 85,133 रुपए प्रति किलोग्राम से बढ़कर 87,400 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है. विघ्नहर्ता गोल्ड के चेयरमैन महेंद्र लुनिया के अनुसार 2030 तक सोने के दाम 1.68 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकते हैं. सोने की कीमतों में उछाल के कारणों में भू-राजनीतिक तनाव से लेकर वैश्विक आर्थिक मंदी जैसे फैक्टर्स है.

# एक-दूजे के हुए वेंकट दत्ता साई और पीवी सिंधु, आज हैदराबाद में रिसेप्शन पार्टी



एजेंसी। नई दिल्ली

बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु ने शादी कर ली. उन्होंने हैदराबाद के उदमी वेंकट दत्ता साई के साथ उदयपुर में सोमवार को सात फेरे लिए.परिवार और दोस्तों के बीच पारंपरिक तेलुगु रीति-रिवाजों से शादी हुई.सोशल मीडिया पर शादी की कुछ झलकियां देखने को मिलीं.केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने नई जोड़ी को आशीर्वाद दिया और शादी की एक तस्वीर भी शेयर की.सिंधु और दत्ता साई 24 दिसंबर को हैदराबाद में एक रिसेप्शन भी देंगे.शादी की रस्में 20 दिसंबर से संगीत समारोह के साथ शुरू हुईं,उसके बाद हल्दी,पेलिकुथुरु



और मेहंदी की रस्में हुईं.सिंधु ने महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर को भी इनवाइट किया था.वे वेंकट के साथ खुद सचिन के घर पर गई थीं.सिंधु और वेंकट की शादी उदयपुर के होटल राफेल्स में हुई है.सिंधु ने क्रीम रंग की साड़ी पहनी,जबकि दत्ता साई ने मैचिंग क्रीम रंग की शेरवानी पहनी. सिंधु के पिता ने बताया कि दोनों परिवार एक-दूसरे को लंबे समय से जानते हैं,लेकिन शादी की तैयारी एक महीने में ही पूरी हो गई.सिंधु के व्यस्त प्रशिक्षण और प्रतियोगिता शेड्यूल को देखते हुए शादी की तारीख तय की गई.

### स्पेशल साड़ी में नजर आईं पीवी सिंधु

शादी के लिए दुल्हन का आमतौर पर लाल का लिबास देखा गया है .लेकिन सिंधु ने स्पेशल साड़ी पहनी .उन्होंने गोल्डन क्रीम की कलर की साड़ी को सिलेक्ट किया था .इससे पहले विराट कोहली और अनुष्का शर्मा की शादी में भी स्पेशल ड्रेस नजर आयी थी .सिंधु गोल्डन क्रीम कलर की साड़ी में बेहद खूबसूरत लग रही हैं .

## एचआईएल अगली पीढ़ी के लिए एक रोमांचक मंच है : रूपिंदर पाल

**नई दिल्ली।** इस साल की शुरुआत में हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) नीलामी में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने रूपिंदर पाल सिंह को 12.5 लाख रुपये में अपनी टीम में शामिल किया. 34 वर्षीय ड्रैग-फ्लिकर, जो अपनी उल्लेखनीय गोल-स्कोरिंग क्षमता के लिए जाने जाते हैं, 223 मैचों में 234 गोल के प्रभावशाली रिकॉर्ड के साथ लीग में वापसी कर रहे हैं. सिंह, जिन्होंने आखिरी बार टोक्यो 2020 ओलंपिक में जर्मनी के खिलाफ ऐतिहासिक कांस्य पदक मैच में खेला था और ओलंपिक पदक के लिए 42 साल का सूखा समाप्त किया था, बंगाल टाइगर्स में अनुभव और कौशल का खजाना लेकर आए हैं. वह एचआईएल के पिछले संस्करण में दिल्ली वेवराइडर्स के लिए एक स्टार परफॉर्मर थे.

## फोंसेका ने जीता नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स का खिताब



**जेद्दाह ।** ब्राजील के जोआओ फोंसेका ने रविवार को जेद्दाह में नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स का खिताब जीत लिया है.18 वर्षीय फोंसेका ने 20 वर्ष से कम आयु के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के लिए सीजन के अंतिम इवेंट में बेहतरीन प्रदर्शन किया.उन्होंने किंग अब्दुल्ला स्पोर्ट्स सिटी में चैंपियनशिप मैच में अमेरिकी लर्नर टिएन को 2-4, 4-3 (8), 4-0, 4-2से हराया, और इवेंट के इतिहास में दूसरे सबसे कम उम्र के विजेता बन गए.इस सप्ताह पांच मैचों में अपराजित रहते हुए, फोंसेका ने टूर्नामेंट में रिकॉर्ड 526,480 अमेरिकी डॉलर का पुरस्कार जीता. फोंसेका ने कहा, मैं शुरुआत में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर रहा था,मैं बहुत घबराया हुआ था. लेकिन दूसरे सेट के बाद, मुझे लगता है कि तीसरा सेट भी एक और जोआओ जैसा था.मैं शॉट्स के लिए बहुत अधिक आक्रामक था और वह थोड़ा और कड़ा हो गया. चौथे सेट में मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और जीत हासिल की.

### मनु भाकर के नाम की नहीं की गई सिफारिश

# हरमनप्रीत और प्रवीण को मिलेगा खेल रत्न अवॉर्ड

एजेंसी। नयी दिल्ली

पेरिस ओलंपिक में हॉकी टीम को लगातार दूसरा पदक दिलाने वाले कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पेरिस पैरालंपिक में स्वर्ण जीतने वाले हाईजंपर प्रवीण कुमार के नाम की सिफारिश देश के सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेल रत्न के लिए की गई है. पेरिस ओलंपिक में ही पदक जीतने वाले शूटर स्वप्निल कुसाले और पहलवान अमन सेहरावत को अर्जुन अवॉर्ड देने की सिफारिश की गई है.वहीं,पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाले मनु भाकर के नाम की सिफारिश शीर्ष खेल पुरस्कार के लिए नहीं की गई है.बताया जाता है कि मनु ने खेल रत्न के लिए आवेदन नहीं किया,लेकिन खेल मंत्रालय ने भी इस पुरस्कार के लिए उनके नाम पर स्वतःसंज्ञान नहीं लिया.मंत्रालय ने बीते वर्ष ही क्रिकेटर मोहम्मद शमी के नाम पर स्वतः संज्ञान लेकर अर्जुन अवॉर्ड दिया था. हालांकि मनु के पिता रामकिशन भाकर का कहना है कि मनु ने खेल रत्न के लिए आवेदन किया था.

**मुरलीकांत पेटकर को लाइफटाइम अर्जुन अवॉर्ड मिलेगा :** सूत्र बताते हैं कि सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत जज जस्टिस वी रामासुब्रमण्यम की अगुवाई वाली 12 सदस्यीय अवॉर्ड कमेटी ने पेरिस





ओलंपिक में पदक जीतने वाले सात खिलाड़ियों (हॉकी के पांच)और 17 पेरिस पैरालंपिक के पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के नाम की सिफारिश अर्जुन अवॉर्ड के लिए की है. इनके अलावा छह अन्य खिलाड़ियों के नाम की सिफारिश अर्जुन अवॉर्ड के लिए हुई है.कुल 30 खिलाड़ियों को अर्जुन अवॉर्ड दिया जाएगा. देश को पैरालंपिक में पहला पदक दिलाने वाले पैरा तैराक पद्म श्री मुरलीकांत पेटकर के नाम की सिफारिश लाइफ टाइम अर्जुन अवॉर्ड के लिए की गई है. इस वर्ग के लिए दो खिलाड़ी चुने गए हैं.

### सुभाष राणा को द्रोणाचार्य



द्रोणाचार्य अवॉर्ड के नियमित वर्ग के लिए चार और लाइफटाइम वर्ग के लिए दो के नाम की सिफारिश की गई है . इनमें पैराशूटिंग कोच सुभाष राणा,पैरा एथलेटिक कोच अमित सरोहा भी शामिल हैं . बतौर खिलाड़ी खेलने के नाते सरोहा के नाम पर मंत्रालय के समक्ष आपत्ति भी जताई गई है . अर्जुन अवॉर्ड के लिए सिफारिश किए गए नामों जर्मनप्रीत सिंह, संजय, राजकुमार पाल, अभिषेक और सुखजीत सिंह के अलावा पैरा एथलीट नवदीप सिंह (भाला फेंक), धर्मबीर, अजीत सिंह, सचिन खिलारी, प्रणव सूरमा, प्रीति पाल, सिमरन, होकातो, दीप्ति जीवनजी, नितेश कुमार, पैरा शटलर नितेश कुमार, मनीषा रामदास, तुलसीमति, नित्या सिवन, पैरा शूटर मोना अग्रवाल, रुबीना फ्रांसिस, पैरा जुडोका कपिल परमार प्रमुख हैं .

# पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को 3-0 से क्लीन स्वीप किया

एजेंसी। जोहान्सबर्ग

सैम अयूब के शानदार शतक और नियंत्रित गेंदबाजी के दम पर पाकिस्तान ने सोमवार (भारतीय समयानुसार) को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में 3-0 से जीत दर्ज की. पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को घरेलू पुरुष वनडे सीरीज में पहली बार क्लीन स्वीप करने पर मजबूर किया है. बारिश से प्रभावित मैच में पाकिस्तान ने प्रोटियाज को 36 रन (डीएलएस पद्धति) से हराया. तीसरे वनडे में जीत सैम अयूब की बदौलत मिली, जिन्होंने सीरीज में अपना दूसरा शतक लगाया और डेब्यू करने वाले सुफियान मोकिम ने 4-52 के आंकड़े दिए. इसके अलावा कप्तान मोहम्मद रिजवान और बाबर आजम ने भी अर्धशतक जड़े. सैम ने 10 ओवर की गेंदबाजी में 1-34 विकेट लिए. अयूब ने सीरीज में अपना दूसरा शतक (101) बनाया, साथ ही गेंद से 1/34 विकेट लिए, क्योंकि उन्होंने चार अन्य विकेट लेने वाले गेंदबाजों के साथ मिलकर प्रदर्शन को समाप्त किया. बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही, क्योंकि सलामी बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक अपनी पहली ही गेंद पर आउट हो गए. सैम और बाबर आजम ने पारी को संभाला और 115 रनों की शानदार साझेदारी की. बाबर की 52 रनों की शानदार पारी समाप्त हुई और कप्तान मोहम्मद रिजवान को आगे बढ़ने का मौका मिला, उन्होंने 52 गेंदों पर 53 रन बनाए और अयूब के साथ 93 रनों की मजबूत साझेदारी की. अयूब की शानदार पारी का अंत तब हुआ, जब



**संक्षिप्त स्कोर**
**पाकिस्तान 308/9**
**दक्षिण अफ्रीका 271**

कॉर्बिन बॉश की चतुराई भरी गेंद ने स्टंप के पीछे हेनरिक क्लासेन को कैच थमा दिया, सलमान आगा और तैयब ताहिर के योगदान के साथ पाकिस्तान ने 308/9 का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया. 309 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, दक्षिण अफ्रीका ने पहले तीन ओवरों में 24/0 रन बनाए, लेकिन पहले 21 ओवरों में नियमित अंतराल पर विकेट गंवाने के कारण टीम का स्कोर 123-5 हो गया. इसकी शुरुआत नसीम शाह ने चौथे ओवर में तेम्बा बावुमा को आउट करके की. शाहीन शाह अफरीदी ने भी यही किया और टोनी डी ज़ोरज़ी को 23 गेंदों में 26 रन पर आउट कर दिया. बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर सुफ़यान ने एडेन मार्करम का विकेट लेकर अपना खाता खोला, जिससे दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 15.1 ओवरों में 80-3 हो गया. मोहम्मद हसनैन और सैम अयूब ने 20वें और 21वें ओवरों में दो और झटके दिए, जिसमें क्रमशः रासी वैन डेर डुसेन और डेविड मिलर को आउट किया. क्लासेन ने 80-3 के स्कोर पर बल्लेबाजी करने के लिए आने के बाद 43 गेंदों पर क्रीज पर रहते हुए 12 चौके और दो छक्के लगाए. उन्होंने मार्को जेनसन के साथ 71 रनों की साझेदारी भी की, जो 32वें ओवर में सुफियान का दूसरा विकेट था. क्लासेन 29वें ओवर में शाहीन की गेंद पर आउट हो गए. दक्षिण अफ्रीका को आखिरी 15 ओवरों में 96 रनों की जरूरत थी, जबकि उसके तीन विकेट बचे थे, जब कॉर्बिन बॉश ने पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ मिलकर तेजी से रन बनाए, लेकिन कोई भी जोड़ीदार नहीं बचा और दक्षिण अफ्रीका 30 गेंदें शेष रहते 36 रन से पिछड़ गया. सुफियान के चार विकेट के अलावा, नसीम और शाहीन ने दो-दो विकेट लिए, जबकि हसनैन और सैम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया.

## ऑस्ट्रेलिया ने तीसरी बार जीता आईसीसी महिला चैंपियनशिप का खिताब

एजेंसी। वेलिंगटन

ऑस्ट्रेलिया ने वेलिंगटन के बेसिन रिजर्व में न्यूजीलैंड पर 75 रनों की शानदार जीत के साथ अपने 24 मैचों के आईसीसी महिला चैम्पियनशिप अभियान का समापन किया, जिससे उसे टूर्नामेंट स्टैंडिंग में अजेय बढ़त हासिल हुई और प्रतियोगिता में अपना लगातार तीसरा खिताब जीता.39 अंकों (17 जीत, तीन परिणाम नहीं, तीन हार) के साथ समाप्त होने वाले ऑस्ट्रेलिया का कुल स्कोर किसी भी अन्य टीम की पहुंच से परे है. भारत, उनका निकटतम प्रतिद्वंद्वी, वेस्टइंडीज (दो) और आयरलैंड (तीन) के खिलाफ अपने शेष मैचों के साथ केवल 37 अंकों तक ही पहुंच सकते हैं.इस हार का न्यूजीलैंड के लिए महत्वपूर्ण प्रभाव है, जो अब 2025 आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के लिए



स्वचालित योग्यता के बारे में अनिश्चितता का सामना कर रहा है. वर्तमान में 24 मैचों में 21 अंकों के साथ अंतिम स्वचालित स्थान पर बैठे, वे बांग्लादेश (19 अंक, तीन मैच शेष) या वेस्टइंडीज (14 अंक, पांच मैच शेष) से आगे निकलने के लिए कमजोर हैं. यदि बांग्लादेश या वेस्टइंडीज आगे निकल जाते हैं, तो न्यूजीलैंड को क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर में प्रतिस्पर्धा करनी होगी, जहां छह टीमें अंतिम दो टूर्नामेंट स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा करती हैं. ऑस्ट्रेलिया की जीत ने श्रीलंका के लिए एक स्वचालित विश्व कप स्थान भी सुरक्षित कर दिया है, जिसे अब हाथ में मैच रखने वाली टीमों द्वारा विस्थापित नहीं किया जा सकता है.इस मैच ने महिला क्रिकेट में सबसे प्रभावशाली टीमों में से एक के रूप में ऑस्ट्रेलिया की प्रतिष्ठा को और मजबूत किया.

## चैंपियंस ट्रॉफी : भारत और पाक का मुकाबला 23 फरवरी को यूएई में

एजेंसी। नयी दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच चैंपियंस ट्रॉफ़ी 2025 का मुक़ाबला 23 फ़रवरी को रविवार के दिन यूएई में खेला जाएगा.जैसी उम्मीद थी ठीक वैसा ही हुआ और आख़िरकार पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नक़वी और यूएई के वरिष्ठ मंत्री और अमीरात क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख शेख़ नाहयान अल मुबारक के बीच पाकिस्तान में हुई मुलाक़ात के बाद इस पर मुहर लग गई.पीसीबी के प्रवक्ता आमिर मीर ने बताया,पीसीबी ने यूएई को तटस्थ स्थान के तौर पर चुना है.रभारत का पहला मैच 20 फ़रवरी को बांग्लादेश के ख़िलाफ़ और आख़िरी मैच 2 मार्च को न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ खेला जाएगा.ग़ौरतलब है कि भारत चैंपियंस ट्रॉफ़ी खेलने पाकिस्तान नहीं जाएगा और उनके मैच यूएई में खेले जाएंगे. अगर भारत सेमीफ़ाइनल में पहुंचता है तो पहला सेमीफ़ाइनल यूएई में होगा. अगर भारत सेमीफ़ाइनल के लिए क्वालिफ़ाई नहीं करता है तो फिर सभी सेमीफ़ाइनल पाकिस्तान में खेले जाएंगे. 9 मार्च को फ़ाइनल लाहौर में खेला जाएगा, लेकिन अगर भारत फ़ाइनल में पहुंचता है तो फिर ये ख़िताबी भिड़ंत यूएई में होगी.

चैंपियंस ट्रॉफ़ी शेड्यूल के अनुसार पहला मैच 19 फ़रवरी को मेज़बान पाकिस्तान और न्यूज़ीलैंड के बीच कराची में खेला जाएगा.पाकिस्तान का दूसरा ग्रुप मुक़ाबला बांग्लादेश के ख़िलाफ़ रावलपिंडी में 27 फ़रवरी को होगा.आठ देशों के इस टूर्नामेंट के दूसरे ग्रुप में अफ़ग़ानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और साउथ अफ़्रीका है. दूसरे ग्रुप के सभी मैच लाहौर, कराची और रावलपिंडी में ही खेले जाएंगे. दोनों सेमीफ़ाइनल (4 और 5 मार्च) व फ़ाइनल के लिए एक रिज़र्व डे भी तय किया गया है.आईसीसी बोर्ड द्वारा लिए गए फ़ैसले के तहत 2024-27 के चक्र के दौरान पाकिस्तान में होने वाले भारत के सभी मैच तटस्थ वेन्यू पर खेले जाएंगे और इसके बदले में भारत द्वारा आयोजित किसी भी इवेंट में पाकिस्तान से जुड़े सभी मैच भारत के बाहर खेले जाएंगे.

**चैंपियंस ट्रॉफ़ी 2025 ग्रुप**

- ग्रुप ए : पाकिस्तान, बांग्लादेश, भारत और न्यूज़ीलैंड
- ग्रुप बी : अफ़ग़ानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और द. अफ़्रीका

## श्रीलंका के खिलाफ सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टीम घोषित

- बेवॉन जैकब्स करेंगे पदार्पण

एजेंसी। वेलिंगटन

न्यूजीलैंड ने 28 दिसंबर से घरेलू मैदान पर श्रीलंका के खिलाफ शुरू हो रही आगामी व्हाइट बॉल सीरीज के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है.टीम में ऑकलैंड एसेस के युवा आक्रामक खिलाड़ी बेवॉन जैकब्स को शामिल किया गया है. हाल ही में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मेगा नीलामी में मुंबई इंडियंस द्वारा खरीदे गए जैकब्स ने सोमवार (23 दिसंबर) को श्रीलंका के खिलाफ अभ्यास मैच में न्यूजीलैंड एकादश के लिए 16 गेंदों पर 39 रन बनाए.रचिन रवींद्र,डेरिल मिशेल और मैट हेनरी की तिकड़ी पिछले महीने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिए श्रीलंका की यात्रा से चूकने के बाद टी20आई और वनडे दोनों के लिए वापस आ गई है.न्यूजीलैंड के पूर्णकालिक व्हाइट-बॉल कप्तान के रूप में मिशेल सेंटनर की पहली सीरीज होगी. जनवरी 2025 में होने वाली वनडे सीरीज चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी टीम चुनने से पहले टीम की आखिरी सीरीज होगी.

**न्यूजीलैंड वनडे टीम**

मिशेल सेंटनर (कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, जैकब डफी, जैक फाउलकेस (केवल टी20आई), मिच हे, मैट हेनरी, बेवॉन जैकब्स (केवल टी20आई), टॉम लैथम (केवल वनडे), डेरिल मिशेल, विल ओ'रुरके (केवल वनडे), ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, टिम रॉबिन्सन (केवल टी20आई), नाथन स्मिथ, विल यंग .

## कोनेग्लियानो ने जीता वॉलीबॉल महिला क्लब विश्व चैंपियनशिप का खिताब

एजेंसी। हांग्जो

चीन की तियानजिन बोहाई बैंक टीम रविवार को 2024 एफआईवीबी वॉलीबॉल महिला क्लब विश्व चैम्पियनशिप के फाइनल में इटली की कोनेग्लियानो से 3-0 से हार गई.टूर्नामेंट की पसंदीदा टीम कोनेग्लियानो ने ग्रुप स्टेज और सेमीफाइनल में बिना कोई सेट गंवाए अपने सभी मैच जीतकर अपनी श्रेष्ठ शक्ति का प्रदर्शन किया.पहले सेट के मध्य में तियानजिन ने बढ़त बनाई,लेकिन अपनी बढ़त का फायदा उठाने में विफल रही और अंततः 25-21 से सेट हार गई.दूसरे सेट में तियानजिन को कोनेग्लियानो की शक्तिशाली जंप सर्विस को प्राप्त करने में संघर्ष करना पड़ा और जल्दी ही 25-15 पर पिछड़ गई.कोनेग्लियानो ने तीसरे सेट में श्रेष्ठता बनाए रखी और 25-20 से जीत के साथ समग्र जीत सुनिश्चित की.तियानजिन की मिडिल ब्लॉकर



वांग युआनयुआन ने सिन्हुआ से कहा,रपिछले साल हम स्टैंड में थे और इस साल फाइनल स्टेज में चीनी क्लबों का प्रतिनिधित्व करना बहुत रोमांचक है और हमने वास्तव में खेल का आनंद लिया.कोनेग्लियानो वर्तमान में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक है. हम अपने प्रतिद्वंद्वी के दबाव में थे और हमारी टीम की अनुकूलन क्षमता में अभी भी सुधार की आवश्यकता है.

**बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी** | मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) के क्यूरेटर मैट पेज ने कहा

# बॉक्सिंग डे टेस्ट की पिच बुमराह समेत तेज गेंदबाजों के लिए मददगार होगी!

एजेंसी। मेलबर्न



मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) के क्यूरेटर मैट पेज ने कहा कि गुरुवार से शुरू हो रहे बॉक्सिंग डे टेस्ट के लिए ड्रॉप-इन पिच भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह समेत सभी तेज गेंदबाजों के लिए मददगार होगी. बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में बुमराह सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं. सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबर है और उन्होंने 10.9 की औसत से 21 विकेट लिए हैं. मुझे लगता है कि अब जब भी तेज गेंदबाज यहां आते हैं तो वे उत्साहित हो जाते हैं. यह हमारे लिए अच्छा है.पेज ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा,हम कभी भी पर्थ या ब्रिस्बेन जितने तेज नहीं होंगे,



लेकिन पिछले कुछ सालों में हम इसमें कुछ गति लाने में कामयाब रहे हैं, जिससे यह उत्साह पैदा हुआ है. इस पर थोड़ी घास है. अगर आप तेज गेंदबाज हैं और आप इसे देखते हैं, तो आप शायद उत्साहित हो जाते हैं.उन्होंने शनिवार और रविवार को नेट अभ्यास के दौरान भारत को दी गई पिचों की प्रकृति का भी बचाव किया, खासकर इस बात पर कि मेहमान टीम कम उछाल वाली सतहों से खुश नहीं थी. हमारे लिए, तीन दिन पहले, हम यहां टेस्ट मैच की पिचें तैयार करते हैं. अगर टीमें उससे पहले आकर ट्रेनिंग करती हैं, तो उन्हें वही पिचें मिलेंगी जो हमें मिली हैं. आज, हम नई पिचों पर हैं. अगर भारत ने आज सुबह ट्रेनिंग की होती, तो वे उन नई पिचों पर होते. यह हमारे लिए तीन दिन पहले की सामान्य प्रक्रिया है.

### 'चतुर' ऑस्ट्रेलिया ने चली बड़ी चाल

## बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले नाखुश दिखी टीम इंडिया

**मेलबर्न ।** भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमें बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट के लिए मेलबर्न में मौजूद हैं. यहां दोनों टीमें 26 दिसंबर से शुरू होने वाले बॉक्सिंग डे टेस्ट की तैयारी कर रही हैं. तैयारी के बीच 'चतुर' ऑस्ट्रेलिया ने एक बड़ी चाल चल दी, जिससे टीम इंडिया नाखुश दिखाई दी. तो आइए जानते हैं कि ऑस्ट्रेलिया की तरफ से ऐसा क्या किया गया,जिससे टीम इंडिया नाखुश हुई. बात दरअसल प्रैक्टिस पिच को लेकर है. दैनिक जागरण के मुताबिक, टीम इंडिया मेलबर्न में मिली प्रैक्टिस पिचों से नाखुश है. बताया कि टीम इंडिया को अभ्यास के लिए पुरानी पिच दी गई, जिसमें बाउंस काफी कम है. इसलिए टीम इंडिया नाखुश नजर आई. ऑस्ट्रेलिया की पिचें शानदार बाउंस के लिए जानी जाती हैं. यहां बल्लेबाजों के लिए बाउंस का हिसाब-किताब लगाना आसान नहीं होता है. ऐसे में लो बाउंस वाली पिच पर अभ्यास करना टीम इंडिया के लिए बिल्कुल भी ठीक नहीं होगा.इसे आप ऑस्ट्रेलिया की एक चाल भी कह सकते हैं.


**1-1 से बराबर है सीरीज :** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीन मुकाबले खेले जा चुके हैं. पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट में टीम इंडिया ने 295 रनों से जीत दर्ज की थी. फिर एडिलेड में खेले गए पिंक बॉल टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने शानदार वापसी करते हुए 10 विकेट से जीत दर्ज कर सीरीज 1-1 से बराबर कर ली. इसके बाद ब्रिस्बेन के गाबा में खेला गया तीसरा टेस्ट ड्रॉ पर खत्म हुआ. इस तरह तीन मैच हो जाने के बाद सीरीज 1-1 से बराबरी पर है.

**टीम इंडिया के लिए बॉक्सिंग डे टेस्ट जीतना जरूरी**

भारतीय टीम को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की उम्मीदों को बरकरार रखने के लिए मेलबर्न में खेले जाने वाले टेस्ट में जीत हासिल करना जरूरी होगा . अगर मेलबर्न में टीम इंडिया हार जाती है, तो फिर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की उम्मीदें खत्म होने लगेंगी .

### 12 करोड़ की लागत से बन रही जलमीनार टूटने के कगार पर

# संवेदक - जेई की लापरवाही, पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण



बड़ी समस्या

संवाददाता । केरेडारी (हजारीबाग)

जिले के केरेडारी प्रखंड पंचायत पचडा के लोग इस सर्द मौसम में भी पेयजल की किल्लत झेल रहे हैं.इन्हें पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल हजारीबाग के अधिकारियों और कर्मियों की लापरवाही एवं जलमीनार बनकर तैयारी होने से पूर्व ही टूटने की दशा में छोड़कर चले गये.

पीएचइडी के द्वारा 2021 में जलमीनार बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई थी. पेयजल आपूर्ति के लिए दो पंचायत में पाइपलाइन लगाने की प्रक्रिया शुरु था.संवेदक को 2023तक सभी गांव में पानी सप्लाई करना था .जलमीनार तैयार नहीं होने से पेयजल की समस्या से लोगों को जूझना पड़ रहा है . मामले को लेकर ग्रामीण संवेदक और कनीय अभियंता से मिलने का प्रयास करते रहे है.लेकिन आजतक मामला अधर में लटका हुआ है.ग्रामीणों ने बताया जिस जगह पर जलमीनार की पाइप लाइन बिछाई गई जलमीनार बना है. वहां एनटीपीसी की अधीनस्थ कार्य कर रही रित्विक कंपनी खनन एरिया होने के कारण पचड़ा और जोरदाग को जोड़ने वाले पाइपलाइन को उखाड़ दिया गया.इस कारण से हर घर नल जल योजना पचड़ा पंचायत में बेकार साबित हो रही है. मालूम हो कि केंद्र सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है. इससे लोगों में गहरी नाराजगी है.

## दो वर्ष की योजना 4 वर्ष में भी अधूरी

इस संबंध में केरेडारी प्रमुख सुनीता देवी से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि एनटीपीसी एवं सीसीएल अधिकृत क्षेत्र होने के बावजूद 12करोड़ की लागत से जलमीनार बनाया जा रहा था . हमने कई बार दिशा की मीटिंग में समस्या को रखा. उसका कोई जवाब नहीं मिला.और आज यह जलमीनार टूटने के कगार पर है.

इस संबंध में मुखिया महेश प्रसाद साव से पूछे जाने पर बताया कि दो वर्ष पहले फाउंडेशन तैयार किया जाना था.आज तक तैयार नहीं हो पाया.पंचायत के लोगों को पानी नहीं मिला.कंपनी को जलमीनार तोड़ना हैं तो लोगों को जहां विस्थापित करेगी वहां पर नल जल की व्यवस्था पहले करना होगा. इस संबंध में एक एनटीपीसी का अधिकारी से पूछे जाने पर बताया कि 12 करोड़ की लागत से बन रहे जलमीनार एनटीपीसी और सीसीएल अधिकृत क्षेत्र में आता है .हम लोगों ने कई बार विभागीय नोटिस जारी किए है. फिर भी अधिकृत क्षेत्र में जल मीनार का निर्माण किया जा रहा था.इस संबंध में संवेदक से पूछे जाने पर बताया कि कंपनी के खनन एरिया में पाइपलाइन को उखाड़ दिया गया है. विभाग को सूचना दे दी गई है.

## निर्मल जैन ने 95 वीं बार रक्तदान कर किया, शिविर का उद्घाटन

संवाददाता । हजारीबाग




आने वाले नव वर्ष में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाने हेतु वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन ने इस साल का 42 वा रक्तदान शिविर का आयोजन शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में किया.

शिविर का उद्घाटन एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने 95वीं बार रक्तदान कर के किया. तत्पश्चात रामकृष्ण रेडी,राजेश कुमार,रॉबिन जैन,राजु रंजन,कुणाल पासवान, एस रजा,कौशल कुमार, रौनक जैन, अरिहंत जैन, मोहित जैन, पंकज कुमार सिन्हा, प्रणय कुमार, दीपक खंडेलवाल, अंकित सुरेका, गौतम कुमार, सनोज महतो, भीमराम, साहिल कुमार, मोहम्मद इम्तियाज, तनवीर वारसी, रंजन कुजूर एवं किशन कुमार आदि अनेक रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया. रक्तदान के पश्चात एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने समस्त रक्त दाताओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके इस नेक कार्य के लिए बहुत-बहुत साधुवाद किया साथ ही रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया. जैन ने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में स्पूर्ति आती है ,शरीर में रोग निरोधक क्षमता में बढ़ोत्तरी होती है. रक्तदान के प्रति जागरूकता के अभाव में लोग रक्तदान करने से कतराते हैं .एसोसिएशन के प्रचार सचिव गौरव यादव ने कहा ब्लड बैंक में रक्त संग्रह करने हेतु एसोसिएशन लगातार स्वयं तो रक्तदान शिविर लगती है. साथ-साथ अन्य संस्थाओं को शिविर लगाने में सहयोग प्रदान करती है .

### टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की डीसी ने की समीक्षा

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में टीबी उन्मूलन के लिए 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान चलाया जा रहा है. सोमवार को डीसी चंदन कुमार ने इस अभियान की समीक्षा की और सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद को कई निर्देश दिए.बैठक के दौरान सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद और जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉक्टर स्वराज के जरिये डीसी को जानकारी गई की सात दिसंबर 2024 से 24 मार्च 2025 तक संचालित 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान के तहत पूरे जिले में संभावित टीवी मरीजों की पहचान एवं उनके उपचार के लिए कार्य किया जा रहा है.अभियान के तहत टीबी रोग के लक्षण अथवा संभावित टीबी मरीजों का निःशुल्क चेस्ट एक्स-रे सहित अन्य स्वास्थ्य जांच किया जा रहा है.इस दौरान डीसी ने जिला यक्ष्मा पदाधिकारी को प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ समन्वय बनाते हुए अभियान के तहत कार्य करने और सीएसआर के माध्यम से भी अभियान को उद्देश्यों को पूरा करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए.

### बीएसएफ प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय मेरू कैंप लगा रोजगार मेला

# रोजगार मेला युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पहल है: अन्नपूर्णा

- चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया
- युवाओं को केंद्रीय संगठनों में सेवा देने का अवसर गर्व की बात है : प्रदीप प्रसाद

संवाददाता । हजारीबाग




देश के युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए ₹रोजगार मेला₹कार्यक्रम के 14वें चरण के अंतर्गत आज सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ)प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय,मेरू कैंप कार्यक्रम का आयोजन किया गया.इस दौरान झारखंड राज्य के विभिन्न केन्द्रीय संगठनों में चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे गए.कार्यक्रम में अन्नपूर्णा देवी,महिला एवं बाल विकास मंत्री मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं. उनके साथ सदर विधायक प्रदीप प्रसाद,बरही विधायक मनोज यादव,तथा चतरा विधायक जनार्दन पासवान विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए.

मुख्य अतिथि के स्वागत में के.एस. बन्याल, महानिरीक्षक, बीएसएफ प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय, सहायक प्रशिक्षण केन्द्र प्रमुख श्री राजेश कुमार एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का सम्मान किया. चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए

कार्यक्रम के दौरान सीमा सुरक्षा बल सशस्त्र सीमा बल,भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस, असम राइफल्स, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, रेलवे, पोस्ट ऑफिस और वित्तीय सेवा विभाग जैसे संगठनों में चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए. अन्नपूर्णा देवी ने इस अवसर पर चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा देश के विकास में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है.आपके समर्पण और मेहनत से हमारा देश नई ऊंचाइयों को छूएगा.रोजगार मेला इस दिशा में मील का पत्थर साबित हुआ है.चयनित अभ्यर्थियों ने नियुक्ति पत्र प्राप्त कर खुशी व्यक्त की और देश के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं देकर राष्ट्रीय विकास में योगदान का संकल्प लिया.कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसके बाद अतिथियों ने चयनित अभ्यर्थियों से बातचीत कर उनका उत्साहवर्धन किया. महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए रोजगार मेला अभियान ने देश के युवाओं को न केवल रोजगार प्रदान किया है, बल्कि उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का अवसर भी दिया है.

मुझे गर्व है कि आज झारखंड के चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपने का अवसर मिला। आप सभी अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ करें और देश को आगे ले जाने में अपना योगदान दें.प्रदीप प्रसाद सदर विधायक ने कहा की यह हमारे युवाओं के लिए गर्व का क्षण है कि वे केन्द्रीय संगठनों में अपनी सेवाएं देंगे. प्रधानमंत्री के प्रयासों से झारखंड के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हो रहे हैं. मनोज यादव बरही विधायक ने कहा की रोजगार मेला एक अद्भुत पहल है, जो हमारे युवाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में सार्थक कदम है. झारखंड के युवाओं में असीम प्रतिभा है और यह उनके कौशल और मेहनत का परिणाम है कि वे आज यहां नियुक्ति पत्र प्राप्त कर रहे हैं. आप सभी को मेरी शुभकामनाएं. अपने कर्तव्य को निष्ठा के साथ निभाएं और अपने परिवार और समाज का गौरव बढ़ाएं.

## तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में आया अधेड़, मौत

संवाददाता । चतरा



जिले के टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत उड़सु मोड़ के समीप एक तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार अधेड़ को अपने चपेट में लिया.जिससे मौके पर बाइक सवार की मौत हो गई. घटना सोमवार दोपहर 1 बजे की है. मृतक की पहचान तेलियाडीह निवासी गोपाल साव (45) वर्ष के रूप में हुई है. तेज रफ्तार हाइवा का निबंधन संख्या Jh02br8967 है,जो केरेडारी कोलमाइंस से ओएसएल ट्रांसपोर्ट कंपनी से एनटीपीसी टंडवा कोयला खाली कर आम्रपाली की ओर जा रहा था. इस दौरान उड़सु मोड़ के समीप गोपाल साव अपना दोपहिया वाहन से घर की ओर जा रहे थे. जिसके बाद हाइवा ने पीछे से अनियंत्रित होकर दो पहिया वाहन को जोरदार टक्कर मारते हुए घसीट कर लगभग 10 मीटर दूरी तक ले गया. इस घटना से बाइक सवार गोपाल साव की मौके पर मौत हो गई. वहीं हाइवा का चालक ने गाड़ी को छोड़कर भागने की कोशिश की,लेकिन स्थानीय ग्रामीणों ने उसे पड़कर स्थानीय प्रशासन को सुरक्षित सौंप दिया.जिसके बाद प्रशासन ने हाइवा वाहन चालक को अपने कब्जे में लेकर थाना ले जाया गया है. घटना की जानकारी होते ही उनके परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है. मृतक के परिजनों ने बताया कि इनके तीन बेटी और एक बेटा है, सभी बाहर में रहकर पढ़ाई लिखाई करते हैं. मृतक ने एक भी बच्चों का विवाह नहीं किया था. इस घटना से मृतक के परिवारों पर पहाड़ जैसी मुसीबत सामने आ गई है.

### हजारीबाग में दिखा दो चोंच वाला पक्षी

## एक चोंच से पक्षी खाता तो दूसरा चोंच उसकी खूबसूरती बढ़ाता है



**हजारीबाग।** अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए पूरे राज्य भर में हजारीबाग जाना जाता है.यहां कई ऐसी पक्षी पाई जाती है,जो दुर्लभ है.उसी में एक है हॉर्नबिल,जिसे हिंदी में धनेश कहते हैं.यह पक्षी सबसे अलग दो चोंच वाले होते हैं,जो इसकी खूबसूरती का राज भी है.इस पक्षी की सबसे बड़ी खासियत है कि यह स्वच्छता प्रेमी होती है.

आमतौर पर यह हजारीबाग के जंगली क्षेत्र में अधिक दिखती है. कभी कभार शहर में भी यह पक्षी जंगल से आ जाती है. इस पक्षी के दो चोंच होते हैं.एक चोंच काम का होता है और एक दिखावे का होता है नीचे वाले चोंच से वह खाना खाती है तो ऊपर का चोंच उसकी सुंदरता को निखारता है.आमतौर पर आप सबसे सुना होगा कि पंछी जहां रहते हैं वहां काफी गंदगी भी फैलाते हैं.अपने बिच पेड़ के नीचे या घोंसला में ही छोड़ देते हैं.लेकिन धनेश इन सब पंछियों से अलग है.वह अपना घोंसला गंदा नहीं करती है. मादा धनेश घोंसला बनाती है और अंडा देती है.

### राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा शैक्षणिक परिभ्रमण आयोजित

**हजारीबाग ।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के द्वारा रविवार को शैक्षणिक परिभ्रमण का आयोजन किया गया. इसके अंतर्गत विभाग अध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा तथा विभागीय शिक्षक डॉ प्रमोद कुमार एवं डॉ अजय बहादुर सिंह ने विभाग के शोधार्थियों तथा तृतीय समसत्र के विद्यार्थियों को जोन्हा जलप्रपात का भ्रमण कराया. परिभ्रमण का विषय था 'अपने झारखंड को जानो.' इससे पूर्व विभाग द्वारा विद्यार्थियों को शैक्षणिक परिभ्रमण के विषय में जानकारी दी गई. यह भी सिखाया गया कि किसी आयोजन को किन-किन बिंदुओं को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए. तत्पश्चात आयोजन का दायित्व विद्यार्थियों को दिया गया.

**आयोजन** कृषि विज्ञान केन्द्र में किसानों को मशरूम उत्पादन का दिया गया प्रशिक्षण

# मशरूम उत्पादन कर किसान बनेंगे आत्मनिर्भर

संवाददाता । चतरा




जिला मुख्यालय स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र चतरा में आर्या परियोजना के अन्तर्गत पत्थलगड़ा एवं गिद्धौर प्रखण्ड के 70 किसानों को मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण दिया गया.प्रशिक्षण का उद्घाटन वैज्ञानिक धर्मा उरॉव के द्वारा किया गया.प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए वैज्ञानिक धर्मा उरॉव ने कहा कि मशरूम उत्पादन व्यावसायिक दृष्टिकोण से काफी लाभप्रद है. इसका उत्पादन कर किसान स्वरोजगार से जुड़ेंगे और दूसरे को भी रोजगार का अवसर दे सकते हैं.

उन्होंने मशरूम उत्पादन करने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मशरूम उत्पादन से आमदनी में वृद्धि होगी.उन्होनें मशरूम के गुण एवं उसमें पाए जाने वाले पोषक तत्व के बारे में विस्तार से किसानोंको बताया. उन्होनें कहा कि मशरूम की खेती के लिए वानस्पतिक प्रवर्धन तकनीक का इस्तेमाल किया जाता है, एक किलो मशरूम बीज से करीब 10 से 15 किलोग्राम बटन मशरूम उगाया जा सकता है.मशरूम की खेती के लिए साफ सफाई काफी जरूरी है. खाद बनाने से पहले ही खाद बनाने के प्रांगण में 2 प्रतिशत फ़ॉर्मेलिन का छिड़काव करना चाहिए.उन्होनें कहा कि मशरूम उगाने हेतु वानस्पतिक प्रवर्धन तकनीक का प्रयोग किया जाता है. सर्वप्रथम शुद्ध कवक जाल संवर्धन बनाया जाता है, और फिर उसे उबले हुये गेंहू बाजरा ज्वार राई आदि के दानों पर उगाया जाता है.इस प्रकार से तैयार किये गये संवर्धन को ही मशरूम बीज या स्पॉन के नाम से जाना जाता है. प्रशिक्षण में वैज्ञानिक विनोद कुमार पाण्डेय ने किसानोंबताया कि वर्तमान परिदृश्य में मशरूम की खेती छोटे किसानों या भूमिहीन किसानों के लिए आय सृजन का अच्छा स्रोत हो सकता है, साथ ही मशरूम पोषण का समृद्ध स्रोत है.जो प्रतिरक्षा को बढ़ाता है.प्रशिक्षण के उपरांत किसानों को मशरूम उत्पादन से संबंधित उपादान का वितरण भी किया गया.प्रशिक्षण में कृषि विज्ञान केन्द्र, चतरा के शिवेन्द्र कुमार दूबे, उपेन्द्र कुमार सिंह, मोजुनैद आलम, रूपलाल कुमार भोक्ता ने अहम भूमिका निभाई.

### ईंट भट्ठों का एसडीओ ने किया निरीक्षण

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में अवैध खनन, खनिजों के परिवहन पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से उपायुक्त चंदन कुमार द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है. इसी क्रम में उपायुक् चंदन कुमार के निर्देश पर सोमवार को अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी ने अंचल अधिकारी रामगढ़ सुदीप एक्का के साथ रामगढ़ अंतर्गत कैथा क्षेत्र के अलग-अलग कुल पांच स्थलों पर संचालित ईंट भट्टों का औचक निरीक्षण किया.मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा स्थल का भौतिक निरीक्षण कर कार्यों का जायजा लिया गया. निरीक्षण के क्रम में ईंट भट्टा संचालक स्थल से अनुपस्थित पाए गए. जिसके उपरांत सभी संचालकों को दस्तावेजों के साथ मंगलवार को पूर्वाहन 11:00 बजे अनुमंडल कार्यालय रामगढ़ में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है.

## न्यूज अपडेट

### छह माह से गुम युवक को परिजनों से मिलवाया

**चौपारण( हजारीबाग)।** चौपारण थाना क्षेत्र के जीटी रोड में संचालित जय मां स्टाफ लाइन होटल में रह रहा युवक ओम चतुर्वेदी को परिजनों से मिलवाने का नेक कार्य कोयलीकला निवासी टीपू सुल्तान एवं फिरोज इस्माइल ने किया. टीपू ने बताया कि गत दिन पूर्व होटल में गया था. उसी क्रम में युवक के हाथ मे गोदना से मैप बना हुआ था. पूछताछ करने पर उसने अपना पूरा नाम पता बताया. जिसके आधार पर टीपू ने मध्यप्रदेश के ग्राम पपरा,थाना गोविंदगढ़ में परिजनों को खोज कर युवक के बारे में बताया. जिसपर युवक ओम के बड़े भाई आकर साथ ले गया और इस कार्य के लिए टीपू और फिरोज को दिल से आभार व्यक्त किया. मालूम हो कि जीटी रोड में मानसिक विकार और गुमसुदा युवकों का आना जाना लगा रहता है. जिसे जीटी रोड किनारे संचालित होटल मालिक रख कर एक तरफ इस तरह के राहगीरों पर उपकार करते हैं और दूसरी तरफ अपने होटलों में काम करने वाला फ्री का मजदूर मिल जाता है. जिसे मन मर्जी दिन रात काम करवाया जाता है. इसपर प्रशासन को संज्ञान लेने की जरूरत है.

### प्रशासन गांव की ओर पर कार्यशाला आयोजित

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में 19 से 24 दिसंबर तक संचालित सुशासन सप्ताह के तहत ₹प्रशासन गांव की ओर₹ विषय पर सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला के दौरान जिला योजना पदाधिकारी संतोष कुमार भगत के जरिये जानकारी दी गई कि प्रशासन गांव की ओर अंतर्गत सुशासन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है. इस अवधि के दौरान अभियान मोड में जन शिकायत मामलों अथवा सीपीग्राम पोर्टल पर आए मामलों को निष्पादित किया जाना है. सुशासन सप्ताह के तहत प्रखंड और पंचायत स्तर पर भी कार्यशाला एवं बैठक आयोजित की जा रही है .कार्यशाला के दौरान रामगढ़ जिले में विगत पांच वर्षों में सुशासन सप्ताह के उद्देश्यों के तहत किए गए विकास कार्यों से संबंधित पीपीटी प्रेजेंटेशन का आयोजन किया गया.

### वन भोज में शामिल हुए कायस्थ महासभा के सदस्य

**हजारीबाग।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की जिला महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुधा वर्मा की अगुवाई में महिला प्रकोष्ठ द्वारा स्थानीय छड़वा डैम में पारिवारिक वन भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में ठंड के बावजूद काफी उत्साह के साथ भारी संख्या में महिला-पुरुषों के अलावा बच्चों ने भाग लिया. कार्यक्रम में शिवपुरी, रामनगर, न्यू एरिया, मंडई, विष्णुपुरी, दारू,चौपारण आदि के उप समितियों ने भाग लिया. कार्यक्रम में खेलकूद प्रतियोगिता, अंतराक्षी,गीत-संगीत प्रतियोगिता का बच्चों, महिलाओं एवं बुजुर्गों ने भरपूर मनोरंजन किया. इसके बाद लजीज व्यंजनों का लुफ्त उठाया. इससे पहले वनभोज कार्यक्रम का आरंभ भगवान चित्रगुप्त की आरती से हुई. चाय-नाश्ते के दौरान पारिवारिक परिचय का कार्यक्रम हुआ. कार्यक्रम को सफल सफल बनाने में मुख्य रूप से कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष दीपक नाथ सहाय, बैजनाथ लाल, नवल लाल, ललित मोहन प्रसाद,शशिकांत श्रीवास्तव, राजीव रंजन, अमर कुमार, बिनोद सिन्हा,सतीश सिन्हा, जितेंद्र सिन्हा, किशोर कुमार सिन्हा, श्वेता, विकास, शोभा प्रसाद, सोनालिका सिन्हा, आलोक कुमार समेत सैकड़ों कायस्थों ने सराहनीय योगदान दिया.

### सुशासन सप्ताह पर कार्यशाला का आयोजन

**चतरा।** जिला समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सुशासन सप्ताह 2024 प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया .इसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, शिकायत निवारण, सार्वजनिक कार्य एवं अन्य क्षेत्र में सुशासन पर चर्चा हुआ .कार्यशाला में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी/कर्मी शामिल हुए .इस दौरान सुशासन से संबंधित प्रमुख मुद्दों, सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की स्थिति, ग्रामीण स्तर पर सेवा प्रदायगी में सुधार, सरकार द्वारा संचालित योजनओं को ग्रामीण क्षेत्रों तक प्रभावी तरीके से पहुंचाने के लिए रणनीतियों पर चर्चा की गई। साथ ही विरहोर टोला में पानी, सड़क समेत अन्य सुविधाओं को चिन्हित करते हुए सरकार द्वारा द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित किए जाने पर विचार विमर्श हुआ। उन्होंने बताया कि कार्यालयों में अपने कार्यों का निर्वहन समय पर एवं शीघ्र करें, जानकारी हेतु या किसी प्रकार का शिकायत प्राप्त होने की स्थिति में उसका निष्पादन शीघ्र करे, अगर कोई शिकायतकर्ता/आमलोग आपसे मिलते है तो उसे अच्छी तरह से जानकारी दें.

### बेहरवा टांड़ में मुफ़्त स्वास्थ्य जांच शिविर लगा

**कोडरमा।** कोडरमा मेडीकल स्टोर के संचालक कुंतल कुमार बनर्जी के द्वारा सोमवार को बेहरवा टांड़ वार्ड नंबर 2 में मुफ़्त स्वास्थ्य जांच शिविर चिकित्सक पदाधिकारी डॉ.अनीसुल एवं महिला चिकित्सक डॉ.शिल्पी काजल की देख रेख में लगाया गया. इस दौरान सैकड़ों ग्रामीणों ने अपना स्वास्थ्य जांच कराया. मौके पर कुंतल कुमार बनर्जी ने बताया कि यह जांच शिविर गरीब परिवार के असहाय लोगों,जो इस महंगाई के दौर में अपना पूर्ण इलाज नहीं करवा पाते है .वैसे परिवारों के लिए समुचित डॉक्टरों की व्यवस्था करते हुए दवाई का भी वितरण किया जा रहा हैं. इस अवसर पर मुख्य रूप से सामाजिक कार्यकर्ता जय प्रकाश राम,मो अली,विक्रम,धर्मेन्द्र तथा अन्य लोगो का सहयोग रहा .जिसमें करीब 150 गरीब मरीजों लोगों का मुफ़्त इलाज एवं दवा दिया गया.

### दो ट्रकों के बीच हुई टक्कर,दो घायल

**मरकच्चो (कोडरमा)।** कोडरमा कोवार मुख्य मार्ग पर जामु मीठा नाला पर सोमवार की सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया. दो ट्रकों के बीच भीषण टक्कर हो गई. दोनों ट्रकों की भिड़ंत इतनी खतरनाक थी कि दोनों ट्रकों के सामने के हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए. सूचना मिलने पर मरकच्चो थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और ट्रक के मजदूरों,चालक व उपचालक को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेजा गया. मिली जानकारी के अनुसार ट्रक चिमनी ईंट भरकर कोडरमा से मरकच्चो की ओर आ रही थी .वहीं एक अन्य ट्रक सीमेंट लोड कर मरकच्चो से कोडरमा की ओर जा रही थी. इस घटना में दोनों ट्रकों पर सवार मजदूर,चालक व उपचालक बाल बाल बच गए। सभी लोगों को मामूली चोटें आई. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोनों ट्रैकों में भिड़ंत इतना खतरनाक था कि कई लोग हताहत हो सकते थे,लेकिन लोग बाल बाल बच गए.

### ई-केवाईसी कराने को ले कार्डधारकों को परेशानी

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड के कई राशन कार्डधारी इन दिनों जन वितरण प्रणाली दुकान में इ-केवाइसी कराने को लेकर परेशान है। सर्वर डाउन रहने के कारण यह परेशानी बनी है. लाभुकों को दोहरी मार पड़ रही है। ज्ञात हो कि सरकार द्वारा राशन कार्ड में दर्ज प्रत्येक सदस्य को 31 दिसंबर तक जविप की दुकान पर जाकर नि:शुल्क इ-केवाइसी करवाना अनिवार्य कर दिया गया है .इसके बाद से प्रखंड के सभी जनवितरण प्रणाली दुकान पर कार्डधारियों की भीड़ लगी रहती है .सर्वर नहीं रहने के कारण लोग परेशान हो रहे है. यहां तक कि राशन वितरण करने भी परेशानी हो रही है. कई लाभुक दिन-दिन भर जन वितरण प्रणाली दुकान पर बैठ कर सर्वर ठीक होने की बाट जोहते रहते है .अंतत: बैरन घर लौट रहे है.

## वर्षांत एवं नव वर्ष को लेकर एसडीओ ने एडवाइजरी जारी की

संवाददाता । चतरा

जिले के चतरा सदर अनुमंडल पदाधिकारी जहुर आलम ने वर्ष 2024 की समाप्ति एवं नव वर्ष 2025 के आगमन पर सुरक्षा को लेकर एडवाइजरी जारी की है. उन्होंने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि कि चतरा अनुमण्डल क्षेत्र अन्तर्गत क्लब,होटल,बार एवं रेस्टुरेन्ट में डीजे बैण्ड एवं अन्य कार्यक्रम किये जाने तथा वर्ष 2025 के आगमन के अवसर पर विभिन्न पर्यटन स्थलों पर पिकनिक मनाने हेतु अत्यधिक संख्या में लोगों के एकत्रित होने की संभावना है. नवयुवकों द्वारा नशे का सेवन कर तेज रफ्तार में ड्राईविंग किये जाने,खतरनाक स्थान पर सेल्फी लेने, ओवर स्पीड वाहन के साथ चलते हुए रील बनाने वो ग्रुप डांस के फलस्वरूप सड़क दुर्घटना सहित अन्य प्रकार के दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती . कहीं कहीं असामाजिक तत्वों द्वारा मौके का फायदा उठाकर छिनतई की घटना को अंजाम देने की आशंका भी रहती है. इस प्रकार के अप्रिय घटना घटित न हो तथा विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था संधारण हेतु सभी संवेदनशील स्थान तथा नेशनल हाईवेज पर दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्ति किया गया है. अनुमंडल पदाधिकारी अनुमंडल दण्डाधिकारी द्वारा एहतियातन जारी एडवाइजरी में किसी भी व्यक्ति के द्वारा पर्यटन स्थल पर प्रतिबंधित क्षेत्र में जाकर फोटोग्राफी/ वीडियोग्राफी करना प्रतिबंधित किया जाना, किसी भी व्यक्ति के द्वारा नशे का सेवन कर वाहन चलाने पर प्रतिबंध, पर्यटन स्थल पर भड़काऊ गाना बजाना प्रतिबंध, कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का घातक हथियार आदि.

## न्यूज अपडेट

### तिब्बत में चीन के खिलाफ सबसे बड़ा प्रदर्शन, बोले-अत्याचार नहीं सहेंगे

**नयी दिल्ली ।** तिब्बत में चीन के कब्जे को खिलाफ भड़कती चिंगारी अब आग बनने लगी है. इस साल की शुरुआत में हीं तिब्बत में चीन के खिलाफ बहुत बड़ा प्रदर्शन हुआ था. बीबीसी ने अपनी रिपोर्ट में भी इस प्रदर्शन की जानकारी दी है. तिब्बत में इस तरह का विरोध प्रदर्शन बहुत ही दुर्लभ है. 7 दशक पहले चीन की कम्यूनिस्ट सरकार ने 1950 के दशक में तिब्बत पर कब्जा किया था. इसके बाद से तिब्बत में चीन का सख्त कानून लागू है. हालांकि इतनी सख्ती के बाद भी तिब्बत में इतना बड़ा विरोध प्रदर्शन का होना इस बात की गवाही देते हैं कि अब तिब्बत के लोग चीन के अत्याचारों को और सहने को बिल्कुल तैयार नहीं है.

### खाड़ी देशों में पाकिस्तान की फजीहत 30 शहरों के लोगों को नहीं मिलेगा वीजा

**नयी दिल्ली ।** खाड़ी के कई देशों में पाकिस्तान की फजीहत हुई है. संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब और कई अन्य खाड़ी देशों ने पाकिस्तान के 30 शहरों के लोगों को वीजा देने से साफ मना करते हुए उनपर अनिश्चितकालीन प्रतिबंध लगा दिया है. लाखों पाकिस्तानी यात्रियों और नौकरी की तलाश कर रहे लोगों के लिए खाड़ी देश और वहां के प्रमुख शहर उनके पसंदीदा गंतव्य हैं. यात्रा पर बैन और वीजा आवेदन खारिज होने की बढ़ती घटनाओं के बाद पाकिस्तानी पासपोर्ट की पहले से खराब छवि को और नुकसान हुआ है. इसकी वजह से पाकिस्तानी पासपोर्ट की लगातार तीसरे साल दुनिया में चौथी सबसे खराब रैंकिंग रही है. इसके अलावा यूएई ने पाकिस्तान के वीजा आवेदकों के लिए पुलिस की ओर से जारी चरित्र प्रमाण पत्र को जमा करना अनिवार्य कर दिया है.

### पेंटागन की रिपोर्ट पर बौखलाया चीन, बोला-अमेरिका झूठ बोल रहा है

**नयी दिल्ली ।** अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय पेंटागन ने चीनी सेना को लेकर एक ऐसी रिपोर्ट पेश की है, जिससे चीन बौखलाया हुआ है. पेंटागन ने अपनी रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि भ्रष्टाचार के कारण पीएलए के आधुनिकीकरण में रुकावट पैदा हो रही है. चीन ने इस रिपोर्ट को खारिज कर दिया है और कहा कि अमेरिका उसके खिलाफ झूठी कहानियां गढ़ रहा है और उसकी नीतियों की गलत ढंग से व्याख्या कर रहा है. पेंटागन की रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, चीनी रक्षा मंत्रालय ने वाशिंगटन पर पीएलए के खिलाफ झूठी कहानियां गढ़ने का आरोप लगाया. रक्षा प्रवक्ता झांग शियाओगांग ने शनिवार को कहा कि रिपोर्ट में चीन की रक्षा नीतियों की गलत ढंग से व्याख्या की गई है.

### महाराष्ट्र के धुले जिले में चार बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**मुंबई ।** महाराष्ट्र के धुले जिले के न्यू शेरे पंजाब लॉज के एक कमरे में पुलिस ने छापा मारकर बिना इजाजत भारत में घुसे चार बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है. धुले पुलिस, एटीएस और दामिनी पुलिस की टीम इन चारों से गहन पूछताछ कर रही हैं. छानबीन में पता चला है कि चारों बांग्लादेश के महिदीपुर जिले के मूल निवासी हैं. पुलिस अधीक्षक श्रीकांत धीवरे को न्यू शेरे पंजाब लॉज में बांग्लादेशी नागरिकों को ठहरने की गोपनीय जानकारी मिली थी. इसी जानकारी के बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक किशोर काले के नेतृत्व में पुलिस टीम ने लॉज के कमरा नंबर 122 में छापा मारा और मोहम्मद मेहताब, शिल्पी बेगम मोहम्मद बेताब, ब्यूटी बेगम पोलुस शेख (45) और रिपा शेख (30) को हिरासत में लेकर आजाद नगर पुलिस स्टेशन आए.

### नेपाल-चीन के बीच प्रस्तावित रेलमार्ग पर हलचल तेज

**काठमांडू ।** नेपाल और चीन के बीच बेल्ट एंड रोड इनिसिएटिव कार्यान्वयन समझौते पर हालिया हस्ताक्षर के बाद दोनों देशों के मध्य रेलमार्ग निर्माण पर हलचल तेज हो गई है. इस समझौते में चीन की सीमा करूंग से काठमांडू को जोड़ने के लिए रेलमार्ग निर्माण की परियोजना को शामिल किया गया है. दोनों देशों के विभिन्न मंत्रालयों से जुड़े उच्चस्तरीय कर्मचारियों की मौजूदगी में हुई चर्चा में रेलवे परियोजना की प्री-फिजिबिलिटी स्टडी के दौरान आने वाली समस्याओं और समाधानों की तलाश की गई. सचिव केशव कुमार शर्मा के नेतृत्व में टीम चीन के शंघाई पहुंची है.

### असामाजिक तत्वों ने बाबा साहेब की प्रतिमा को किया खंडित

**अहमदाबाद ।** अहमदाबाद के खोखरा इलाके में बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों ने खंडित किया है. इससे इलाके में तनाव पैदा हो गया है. खोखरा पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है. बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतर आए हैं. जानकारी के मुताबिक खोखर इलाके में के.के. शास्त्री कॉलेज के सामने डॉ जयंती वकील चॉल के पास बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा लगी है. कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमा की नाक तोड़ दी गई है. सुबह इसकी जानकारी मिलने पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई. लोगों की मांग है कि जब तक बाबा साहेब की प्रतिमा को खंडित करने वाले आरोपित की गिरफ्तारी नहीं हो जाती, तब तक वे सड़क से नहीं हटेंगे.

# शिमला में सीजन की दूसरी बर्फबारी, पर्यटकों में खुशी की लहर

**एजेंसी । शिमला**

हिमाचल प्रदेश में सोमवार को मौसम ने अचानक करवट ली, और राज्य के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी का सिलसिला शुरू हो गया. शिमला में हल्की बर्फबारी हो रही है, जिससे सर्दी का प्रकोप और भी तेज हो गया है. इसके अलावा निचले और मैदानी हिस्सों में घने बादल छाए हुए हैं. खासकर राजधानी शिमला के प्रसिद्ध रिज मैदान और मॉल रोड पर बर्फ के सफेद फाहे गिरते हुए दिखाई दे रहे हैं, जिससे यहां का दृश्य बेहद खूबसूरत हो गया है.पर्यटकों का उमड़ता हुआ हुजूम बर्फबारी का आनंद ले रहा है. शिमला से सटे पर्यटन स्थल कुफरी और नारकण्डा में भी हल्की बर्फबारी हो रही है, जो पर्यटकों के लिए शानदार तोहफा साबित हो रही है. इस बर्फबारी ने पर्यटकों के चेहरों पर खुशी ला दी है और शिमला में पर्यटन गतिविधियों में जोरदार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है.यह शिमला में सीजन की दूसरी बर्फबारी है. इससे पहले 15 दिन पहले बर्फबारी हुई थी. शिमला में लगातार हो रही बर्फबारी के कारण यहां आने वाले पर्यटकों को सर्दियों का पूरा मजा लेने का मौका मिल रहा है. दिसंबर के इस मौसम में शिमला और आसपास के पर्यटन स्थल पर्यटकों के लिए प्रमुख आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं. शिमला के होटल, रिसॉर्ट्स और अन्य आवासीय सुविधाओं में जबरदस्त बुकिंग हो रही है और क्रिसमस व न्यू ईयर की छुट्टियों में पर्यटकों की संख्या में और बढ़ोतरी की उम्मीद है. वर्तमान में शिमला में करीब 80 प्रतिशत होटल पहले ही पर्यटकों से भर चुके हैं.इस बर्फबारी का असर सिर्फ पर्यटकों पर ही नहीं, बल्कि शिमला और आसपास के इलाकों के स्थानीय व्यापारियों पर भी पड़ रहा है. बर्फबारी के कारण होटल व्यवसाय और पर्यटन से जुड़े अन्य उद्योगों को मजबूती मिल रही है. सैलानियों की बढ़ती संख्या से स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोजगार को भी लाभ हो रहा है. शिमला की बर्फबारी ने पर्यटकों के लिए एक खास अनुभव तो दिया ही है, साथ ही स्थानीय व्यापारियों के लिए भी यह एक अच्छा अवसर साबित हो रहा है.



**शीतलहर और कोहरे का अलर्ट**

मौसम विभाग ने राज्य के मैदानी और मध्यम ऊंचाई वाले इलाकों में अगले तीन दिन यानी 24 से 26 दिसंबर तक शीतलहर का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. इस दौरान मंडी और बिलासपुर जिलों के मैदानी इलाकों में घने कोहरे का येलो अलर्ट भी रहेगा. मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को राज्य के छह शहरों का न्यूनतम तापमान माइनस में दर्ज किया गया. लाहौल–स्पीति के ताबो में न्यूनतम पारा –10 .2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा. इसके अलावा लाहौल स्पीति, किन्नौर और कुल्लू के ऊंचे इलाकों में पारा गिरने से झीलों, झरनों और अन्य जलस्रोतों का पानी जम गया है .शिमला, सोलन, मनाली, सुंदरनगर, और पालमपुर जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों का तापमान भी घटकर 1 से 3 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया है, जिससे यहां सर्दी का प्रकोप और बढ़ गया है. मौसम विभाग ने यह भी बताया कि अगले कुछ दिनों तक इस कड़ाके की सर्दी का असर राज्य के मैदानी इलाकों में महसूस होगा और पर्यटकों को शीतलहर और कोहरे का सामना करना पड़ सकता है.

### मुस्लिम समुदाय ने दीं शुभकामनाएं, कई वर्षों से खंडहर बना हुआ था

# मुजफ्फरनगर में 54 साल पुराना शिव मंदिर फिर से हुआ पुनर्जीवित

- स्वामी यशवीर महाराज ने बताया कि अब इस मंदिर में नियमित पूजा-अर्चना की जाएगी और इसे धार्मिक आयोजन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा

**एजेंसी । मुजफ्फरनगर**





उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में 54 साल पुराने एक शिव मंदिर को फिर से पूजा योग्य बना दिया गया है. यह मंदिर पिछले कई वर्षों से खंडहर में तब्दील हो चुका था, लेकिन अब इसे पुनः जीवित किया गया है. इस मंदिर के शुद्धिकरण समारोह में हिंदू समुदाय के साथ मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी अपनी सहभागिता दिखाई, जो भाईचारे और एकता का प्रतीक बना. इस आयोजन ने दोनों समुदायों के बीच सद्भावना और सामूहिक एकता का संदेश दिया है.

यह प्राचीन शिव मंदिर मुजफ्फरनगर के मुस्लिम बहुल इलाके में स्थित है. स्वामी यशवीर महाराज की पहल पर इस मंदिर के शुद्धिकरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया. शुद्धिकरण के इस विशेष अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना की गई. साथ ही, मंदिर में गंगाजल और दुग्धाभिषेक कर इसे एक बार फिर से पूजा के योग्य बनाया गया. स्वामी यशवीर महाराज ने बताया कि अब इस मंदिर में नियमित पूजा-अर्चना की जाएगी और इसे धार्मिक आयोजन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा. इस समारोह में स्थानीय समाज का बहुत बड़ा योगदान रहा. खास बात यह रही कि मुस्लिम समुदाय के सदस्य भी इस अवसर पर शामिल हुए और श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की. यह कदम दोनों समुदायों के बीच एकता का प्रतीक बना. एक बुजुर्ग मुस्लिम नागरिक ने कहा कि मंदिर का पुनर्निर्माण देखकर उन्हें खुशी हुई है. उन्होंने कहा, हमने अपने युवाओं से कहा है कि जो लोग यहां पूजा करने आएं, उनका स्वागत करें.

यह समारोह दोनों समुदायों के बीच एकता और भाईचारे को बढ़ावा देने वाला था. स्थानीय हिंदू श्रद्धालुओं ने मुस्लिम समुदाय के इस आभारपूर्ण जेस्चर के लिए उनका धन्यवाद किया. कई पीढ़ियों तक यह मंदिर खंडहर में पड़ा रहा था, लेकिन अब इसे फिर से जीने की उम्मीद जगी है. एक स्थानीय श्रद्धालु ने कहा, हमारी कई पीढ़ियों ने इस मंदिर को खंडहर के रूप में देखा है, और आज इसे पुनर्जीवित होते देखना हमारे लिए गर्व और खुशी की बात है.

स्वामी यशवीर महाराज ने बताया कि अब इस मंदिर को एक धार्मिक और आध्यात्मिक केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां नियमित रूप से पूजा-अर्चना और धार्मिक आयोजन होंगे. इस कदम से न केवल हिंदू समाज के लोग बल्कि सभी समुदायों के लोग इस स्थान को एक पवित्र स्थल के रूप में सम्मान देंगे. यह आयोजन यह संदेश देता है कि जब समाज मिलकर काम करता है, तो वह किसी भी मुश्किल को पार कर सकता है और समाज में शांति और एकता बना सकता है.

इस आयोजन ने यह साबित कर दिया कि धार्मिक और सांस्कृतिक भिन्नताएं सिर्फ बाहरी दिखावे की बातें हैं, असली भाईचारा और एकता तो दिलों में होती है.

### संभल में चौथे दिन भी जारी रहा एएसआई का सर्वे

**मुरादाबाद ।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की चार सदस्यीय टीम का सर्वे लगातार चौथे दिन सोमवार को भी जारी रहा. सर्वे के दौरान संभल के प्राचीन नैमिषारण्य तीर्थ में एक और प्राचीन कुआं सामने आया है, जिसमें करीब 20 फुट पर पानी मिला है. इससे सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि पुराने समय में इस कुएं में 20 फुट नीचे ही पानी था, जबकि वर्तमान में संभल में जल स्तर 100 फुट से ज्यादा नीचे है. अधिकारियों ने बताया कि एएसआई ने शुक्रवार और शनिवार को संभल में छह तीर्थ स्थलों और 19 कुओं का सर्वे किया था. रविवार को चंदौसी तहसील के प्राचीन बावड़ी में खुदाई की, जिसमें प्राचीन बावड़ी मिली. संभल के 19 प्राचीन कुओं और 68 तीर्थों का वर्णन तमाम धर्मग्रंथों में मिलता है. संभल के जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने धर्मग्रंथों में वर्णित इन कुओं सहित तमाम प्राचीन कुओं को खोजकर उन्हें पुनर्जीवित कराने की मुहिम चला रखी है. संभल में 46 साल पुराने मंदिर मिलने के बाद जिलाधिकारी ने जांच के लिए एएसआई को पत्र लिखकर जिले के प्राचीन तीर्थस्थलों और कुओं का निरीक्षण कराने की मांग की थी.

### बांग्लादेश में मुक्ति योद्धा का अपमान

## जूतों की माला पहना कर पूरे गांव में घुमाया गया

**एजेंसी । ढाका**



बांग्लादेश में एक स्वतंत्रता सेनानी (मुक्ति योद्धा) के साथ शर्मनाक हरकत हुई है. सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें स्वतंत्रता सेनानी अब्दुल हई कानु को जूतों की माला पहनाकर उनके गांव कुमिल्ला में घुमाया गया. यह घटना यूनुस सरकार के दौरान हुई है, जिसने बांग्लादेश की सांस्कृतिक और सामाजिक स्थिति को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं. वायरल वीडियो में दिख रहा है कि अब्दुल हई कानु, जो कुमिल्ला के चौदहग्राम स्थित लुदियारा गांव के निवासी हैं, जूतों की माला पहने हुए हैं. वह अपने घर के पास हाथ जोड़कर खड़े हैं, जबकि उनके सामने बड़ी संख्या में लोग मौजूद हैं. भीड़ उनसे माफी मांगने और गांव छोड़ने की मांग कर रही है.

स्वतंत्रता सेनानी उन्हें विनती करते हुए कहते हैं कि उन्हें गांव से जाने के लिए मजबूर न करें लेकिन भीड़ में से कुछ लोग चिल्लाते हैं, क्या हम इतने वर्षों तक अपने घरों में रह सके?

### दिल्ली से आए युवकों ने मचाया उत्पात

## हरियाणा के दो युवक समेत तीन को मारी गोली, मौत

**एजेंसी । चंडीगढ़**

पंचकूला के पर्यटक स्थल मोरनी में स्थित एक होटल में सोमवार की अल सुबह करीब तीन बजे दो युवकों व एक युवती की गोली मारकर हत्या कर दी गयी. मृतक दिल्ली से मोरनी में जन्मदिन मनाने के लिए आए थे. जानकारी के अनुसार विक्की नामक युवक अपनी मित्र व भांजे के साथ एक जन्मदिन पार्टी मनाने के लिए मोरनी स्थित होटल सल्तनत में आया था . सोमवार सुबह वह जब पार्किंग में मौजूद थे.तो एक इटोयोस गाड़ी वहां आकर रुकी और फायरिंग शुरू कर दी. करीब 15 से 20 राउंड फायरिंग हुई. सूचना मिलते ही पंचकूला पुलिस मौके पर पहुंची और एक युवती व दो युवकों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया. पंचकूला पुलिस के अनुसार रोहित भारद्वाज पुत्र अनिल भारद्वाज निवासी जीरकपुर की जन्म दिवस की पार्टी सल्तनत होटल पिंजौर में मनाने 8-10 लड़के व लड़कियां आई थीं.

### पूर्व न्यायाधीश जस्टिस वी. रामासुब्रमण्यम बने एनएचआरसी के अध्यक्ष

**नयी दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश वी. रामासुब्रमण्यम को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का नया अध्यक्ष बनाया गया है. अध्यक्ष पद के लिये भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डॉ. डीवाई चंद्रचूड़ का नाम भी सरकार की सूची में शामिल था, लेकिन एनएचआरसी के अध्यक्ष पद के लिए जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने सरकार के प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया. जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस वी. रामासुब्रमण्यम को इस पद पर नियुक्त किया गया. इससे पहले जस्टिस अरुण कुमार मिश्रा का एनएचआरसी के अध्यक्ष के पद पर बीते एक जून को कार्यकाल पूरा हो गया था, जिसके बाद से ही एनएचआरसी अध्यक्ष का पद रिक्त चल रहा था.

### बढ़ा विवाद : कवि कुमार विश्वास की टिप्पणी पर भड़कीं कांग्रेस नेता, कहा

## दो मिनट की सस्ती तालियों के लिए इतना नीचे गिर गए कविराज

**शुभम संदेश डेस्क ।** देश के जाने-माने कवि कुमार विश्वास ने हाल ही में उत्तर प्रदेश में एक कार्यक्रम के दौरान कुछ ऐसा कह दिया, जिस पर विवाद हो गया है. अब इस विवाद ने राजनीतिक रंग ले लिया है और कांग्रेस ने कुमार विश्वास की टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताते हुए इसे भद्दा करार दिया है. दरअसल कुमार विश्वास ने अंतर-धार्मिक शादी को लेकर परोक्ष रूप से टिप्पणी की थी, जिसे लोगों द्वारा सोनाक्षी सिन्हा से जोड़ दिया गया. अब कुमार विश्वास अपने बयान को लेकर निशाने पर आ गए हैं.

**कुमार विश्वास ने क्या कहा था :** दरअसल यूपी के मेरठ में एक कवि सम्मेलन के दौरान कुमार विश्वास ने कहा कि अपने बच्चों को रामायण, गीता पढ़वाइए. वरना ऐसा न हो कि आपके घर का नाम तो रामायण है और आपके घर की श्रीलक्ष्मी को कोई और उठा कर ले जाए. अपने इस बयान में कुमार विश्वास ने किसी का नाम तो नहीं लिया, लेकिन विश्वास की इस टिप्पणी को शत्रुघ्न सिन्हा की बेटी सोनाक्षी सिन्हा की अंतर-धार्मिक शादी से जोड़ कर देखा जा रहा है.

### पुणे में डंपर ने फुटपाथ पर सो रहे नौ मजदूरों को रौंदा, तीन की मौत

**मुंबई ।** महाराष्ट्र के पुणे जिले के वाघोली चौक इलाके में रात को एक डंपर ने फुटपाथ पर सो रहे नौ मजदूरों को रौंद दिया. इस हादसे में अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है. मृतकों में दो बच्चे भी हैं. छह घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है. इनमें से तीन की हालत गंभीर है. पुलिस ने नशे में धुत आरोपित डंपर चालक गजानन टोटे को गिरफ्तार कर लिया है. वरिष्ठ पुलिस अधिकारी हिम्मत जाधव ने हादसे की पुष्टि की है. पुणे सिटी पुलिस जोन-4 के पुलिस उपायुक्त हिम्मत जाधव ने बताया कि यह हादसा रात करीब एक बजे हुआ. यह मजदूर अमरावती जिले से पुणे में मजदूरी के लिए आए थे. यह लोग वाघोली के केसनंद नाका के सामने रविवार रात को सो गए थे.

### मेडिकल साइंस कर रहा कमाल

## अब पेसमेकर लगाने के लिए ऑपरेशन की जरूरत नहीं

**एजेंसियां । नयी दिल्ली**

गंभीर से गंभीर बीमारी के इलाज के लिए आज के समय में मेडिकल साइंस में रोज रिसर्च हो रहा है. नई तकनीक का विकास हो रहा है. यह वास्तव में मेडिकल साइंस का कमाल है कि आज के समय में अगर किसी हार्ट पेशेंट को पेसमेकर लगवाना हो, तो उसे ऑपरेशन की जरूरत नहीं है. 15 मिनट में एक्सपर्ट डॉक्टर इस काम को अंजाम दे देते हैं और पेशेंट बिल्कुल ठीक हो जाता है. कैथेटर की सहायता से मात्र 15 मिनट के अंदर पेसमेकर को प्रत्यारोपित किया जा सकेगा. कुछ ही घंटे के अंदर मरीज चलने फिरने लगेगा.

**पेसमेकर में 5 ग्राम की चिप :** मीडिया से मिल रही जानकारी के अनुसार, दिल्ली के एक अस्पताल में 74 साल की महिला को एवीआईआर वीआर नाम का पेसमेकर इनप्लांट किया गया है. इसमें केवल 5 ग्राम की चिप लगी हुई है. जो हार्ट के अंदर रह कर काम करती है. इंस्पेक्शन या डिवाइस हिलने का कोई खतरा नहीं रहता है. इसमें लगी बैटरी की लाइफ 17 साल की होती है.

**इस प्रकार हुआ ब्लड ट्रांसफ्यूजन :** हार्ट के मरीजों को अभी जो पेसमेकर लगाए जा रहे हैं. उससे यह पेसमेकर 90 फ़ीसदी छोटा है.अस्पताल में डॉक्टरों की टीम ने पहले 74 साल की महिला मरीज का ब्लड ट्रांसफ्यूजन किया.

### मणिपुर पुलिस के 1946 कैडटों ने असम में किया प्रशिक्षण पूरा

**गोलाघाट (असम) ।** मणिपुर पुलिस के लिए वर्ष 2019 में भर्ती किए गए 1946 जवानों को असम के देरगांव स्थित लाचित बरफूकन पुलिस अकादमी में प्रशिक्षण दिया गया. सोमवार को यहां पुलिस अकादमी में मणिपुर पुलिस के 1946 कैडेटों का पासिंग आउट परेड हुई और उन्हें कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई. इस पासिंगआउट परेड में असम और मणिपुर के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य, मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह, मंत्री अतुल बोरा, सांसद कामाख्या प्रसाद तासा, डीजी भ्रमित सिंह, केंद्रीय अर्धसैनिक बल के अधिकारी और सेना के अधिकारी उपस्थित रहे. कैडेटों के शपथ के बाद जवानों ने मार्शल आर्ट और बाइक राइडिंग की आकर्षक प्रस्तुति दी.

## राजनीति

### महाराष्ट्र पहुंचे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का बड़ा दावा

# सोमनाथ सूर्यवंशी की हत्या के लिए सीएम फडणवीस जिम्मेदार

- राहुल गांधी ने परभणी हिंसा में मारे गए पीड़ितों के परिवार से की मुलाकात, कहा- 'यह 100% हिरासत में हुई मौत है'

**एजेंसी । मुंबई**



कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सोमवार को महाराष्ट्र के परभणी जिले पहुंचे, जहां उन्होंने सोमनाथ सूर्यवंशी और विजय वाकोडे के परिवारों से मुलाकात की. सोमनाथ सूर्यवंशी की पुलिस हिरासत में मौत हो गई थी, जबकि विजय वाकोडे की मौत विरोध प्रदर्शन में भाग लेने के दौरान हुई थी. मृतकों के परिजनों से मुलाकात के बाद राहुल गांधी ने कहा कि इस हिंसा में मारे गए लोगों को पीटा गया और उनका मर्डर किया गया है. उन्होंने पोस्टमार्टम रिपोर्ट, वीडियो और तस्वीरों को देखकर इस घटना को 100% हिरासत में हुई मौत बताया और राज्य के मुख्यमंत्री पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने विधानसभा में झूठ बोला है.

राहुल गांधी ने कहा, मैं उन परिवारों से मिला हूं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है. वे मुझे पोस्टमार्टम रिपोर्ट, वीडियो और तस्वीरें दिखा रहे थे. यह साफ है कि यह पूरी तरह से हिरासत में हुई मौत है. इन लोगों की हत्या की गई है, और मुख्यमंत्री ने विधानसभा में झूठ बोला है ताकि पुलिस को मैसेज दिया जा सके." कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि इस घटना के पीछे आरएसएस की विचारधारा जिम्मेदार है, जो संविधान को खत्म करना चाहती है.

राहुल गांधी ने कहा, यह हत्या इसलिए की गई क्योंकि ये लोग दलित थे और संविधान की रक्षा करना चाहते थे. आरएसएस की विचारधारा संविधान को समाप्त करना चाहती है. हमें यह मामला तुरंत सुलझाना चाहिए और जिन लोगों ने यह किया है, उन्हें सजा मिलनी चाहिए. इस मामले में किसी प्रकार की राजनीति नहीं की जा रही है. यह एक विचारधारा का परिणाम है.

इस घटना को लेकर राहुल ने राज्य के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर भी निशाना साधा. उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री को इस घटना के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए, क्योंकि उन्होंने यह बयान दिया था कि इस हिंसा में कुछ नहीं हुआ है. जो लोग इस हिंसा के पीछे हैं, उन्हें जल्द से जल्द सजा मिलनी चाहिए.

बता दें कि 10 दिसंबर को मराठवाड़ा क्षेत्र के परभणी शहर में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा के पास संविधान की कांच से बनी प्रतिकृति को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था, जिसके बाद परभणी में हिंसा भड़क गई थी. इस हिंसा में दो लोगों की जान चली गई थी, जिनमें से एक सोमनाथ सूर्यवंशी था, जिसकी हिरासत में मौत हुई. राहुल गांधी ने इस मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की है और कहा कि दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए.

राहुल गांधी का यह दौरा राजनीतिक रूप से अहम है क्योंकि इस घटना को लेकर प्रदेश में राजनीतिक बयानबाजी जारी है. कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार ने इस मामले में ठीक से कार्रवाई नहीं की और घटना को हल्के में लिया. राहुल गांधी का यह बयान राज्य सरकार पर दबाव बनाने के उद्देश्य से भी देखा जा रहा है.

### एलियन पर वैदिक विज्ञान व प्राचीन ज्ञान पर होगा सार्वभौमिक सम्मेलन

## दिल्ली में 15 को जुटेंगे कई देशों के विशेषज्ञ

**एजेंसियां । नयी दिल्ली**



स्वामी विवेकानंद और निकोला टेस्ला इंटरनेशनल फाउंडेशन (एसवीएनटीआईएफ) अगले 15 मार्च को नयी दिल्ली में यूएफओ और एलियंस पर सार्वभौमिक सम्मेलन आयोजित करेगा. इस सम्मेलन में अभूतपूर्व आयोजन वैदिक विज्ञान, ब्रह्मांडीय ऊर्जा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के साथ यूएफओ और एलियन घटनाओं के प्रतिच्छेदन पर गहन चर्चा होगी. इससे प्राचीन ज्ञान और आधुनिक वैज्ञानिक प्रगति के बीच एक अद्वितीय संवाद को बढ़ावा मिलेगा.

उक्त जानकारी एसवीएनटीआईएफ के अध्यक्ष मानस डेका ने दी है. उन्होंने बताया कि यूएफओ और एलियंस पर सार्वभौमिक सम्मेलन 15 मार्च, 2025 को नयी दिल्ली में होगा. इस सम्मेलन में इसरो, नासा, ईएसए, जापानी, इतालवी और रूसी अंतरिक्ष एजेंसियां, अंतरिक्ष निर्माण सलाहकार परिषद, अंतरराष्ट्रीय यूएफओ कांग्रेस, यूरोपीय यूएफओ कांग्रेस, स्पेसएक्स, आईआईटी, बनारस हिन्दू विवि और आईएयू जैसे प्रमुख संगठनों को आमंत्रित किया जायेगा. सम्मेलन में दुनियाभर के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ, अंतरिक्ष यात्री और शोधकर्ता भी शामिल होंगे. उन्होंने बताया कि प्राचीन ऐतिहासिक आख्यानों और आधुनिक यूएफओ तथा एलियन के देखे जाने के बीच संभावित संबंधों की जांच पर संवाद होंगे, जिनका उद्देश्य बहुविषयक दृष्टिकोण के माध्यम से अस्पष्टीकृत हवाई घटनाओं की हमारी समझ को गहरा करना है.


मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, मैसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड के लिए के.जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित. संपादक **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक **संजय सिंह***. फोन नंबर 0651-2961734 आरएनआई नंबर **JHAHIN/2023/84487**( पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)